*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

24 मई, 2024
वैशाख, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 213

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही




### इडी की रडार पर झारखंड सरकार के दो मंत्री

## बादल और हफीजुल को समन भेजने की तैयारी

- टेंडर घोटाले में सामने आया नाम, जल्द पूछताछ के लिए बुलाने की तैयारी
- आइएएस मनीष रंजन से आज होगी पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के बाद अब अन्य दो मंत्री बादल पत्रलेख और हफीजुल हसन प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की रेडार पर हैं। सूत्रों के मुताबिक टेंडर घोटाला मामले में इन दो मंत्रियों का नाम भी सामने आया है। इडी इन्हें समन भेजने की तैयारी में है। इडी जल्द ही उन्हें पूछताछ के लिए बुला सकती है। बादल कृषि मंत्री हैं और हफीजुल पर्यटन मंत्री हैं। उधर, भू-राजस्व विभाग के सचिव आइएएस मनीष रंजन (पूर्व सचिव, ग्रामीण विकास विभाग) को शुक्रवार को पूछताछ के लिए तलब किया गया है। उनके अलावा कई और अधिकारियों की भी इसमें संलिप्तता सामने आ रही है। उन्हें भी जल्द ही तलब किया जायेगा।





### निशिकांत का बयान हो रहा है वायरल

बादल और हफीजुल हसन कैसे इन मामलों में घिरे हैं, इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आयी है। इसी बीच निशिकांत दुबे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस को कितनी भी गाली दूं ऐसे दो नेता हैं, जो मेरे खिलाफ कभी नहीं बोलते, बादल और हफीजुल हसन। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा नहीं है कि वे मेरा सम्मान करते हैं, इसलिए नहीं बोलते कि वे डरते हैं कि मैंने हेमंत सोरेन को जेल भिजवा दिया, अगर किसी दिन हम बोल दिये, तो हमें भी जेल भिजवा देंगे।

### कमीशनखोरी के मिल रहे सबूत दर सबूत

गौरतलब है कि ग्रामीण विकास विभाग में टेडर कमीशन घोटाले को लेकर पिछले दिनों विभागीय मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया गया था। वह अभी इडी की हिरासत में हैं। इडी उनसे पूछताछ कर रही है। इससे पहले इडी ने आलमगीर के पीएस संजीव लाल, उसके नौकर जहांगीर और अन्य लोगों के यहां छापेमारी की थी। इसमें लगभग 34 करोड़ नगद बदामद हुए थे। इडी ने संजीव लाल और जहांगीर को गिररफ्तार किया था। उन दोनों से इडी पूछताछ कर चुकी है। सूत्रों की मानें तो इडी को जांच में कमीशनखोरी के नये-नये सबूत मिल रहे हैं।

### डायरी में हो रहे कई खुलासे

सूत्रों के मुताबिक इडी को जो दस्तावेज में मिले हैं, उसमें रुपयों के लेन-देन, रुपया पहुंचाने आदि की सारी बातें हैं। उसमें किसी गुप्ता का भी जिक्र है। इडी को गुप्ता नामक व्यक्ति की तलाश है। इडी ने कमीशन और उसमें मंत्री की हिस्सेदारी को लेकर एक नया एक्सेल शीट भी कोर्ट में पेश किया। इसमें रांची, सिमडेगा, पाकुड़, जामताड़ा, गोड्डा, गिरिडीह, देवघर सहित अन्य जिलों की योजनाओं का ब्योरा दर्ज है। इसी एक्सेल शीट के एक कॉलम में टेंडर की राशि, कुल कमीशन और मंत्री के कमीशन का ब्योरा लिखा है। इसमें मंत्री को 1.30 करोड़ रुपये बतौर कमीशन देने का भी उल्लेख है। इडी ने कोर्ट में हाथ से लिखी गयी डायरी का एक पन्ना भी सौंपा। इस पन्ने पर सबसे ऊपर पहले भी 'साहब' को 2.50 देने का उल्लेख है। इसके अलावा एं-1 और गुप्ता और मुन्ना का नाम है। डायरी के इसी पन्ने में किस रंग के बैग में रुपये लाये गये, इसका भी उल्लेख है।

### थम गया प्रचार का शोर, अब डोर-टू-डोर संपर्क

## रांची, गिरिडीह, जमशेदपुर और धनबाद में वोट कल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की चार लोकसभा सीटों रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह में गुरुवार की शाम पांच बजे प्रचार का शोर थम गया। चारों संसदीय क्षेत्रों में 25 मई को मतदान होगा। चुनाव आयोग ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। शुक्रवार को प्रत्याशी और उनके समर्थक डोर-टू-डोर जाकर अपने पक्ष में मतदान की अपील करेंगे। इन चारों संसदीय क्षेत्रों में 93 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। सबसे अधिक रांची में 27, धनबाद और जमशेदपुर में 25-25 प्रत्याशी और गिरिडीह में 16 प्रत्याशी हैं। कुल 82,18,506 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 42,06,926 है, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 40,09,290 है। थर्ड जेंडरों की संख्या 290 है। अगर लोकसभा वार बात करें तो गिरिडीह में कुल मतदाता 18,64,660, धनबाद में 22,85,237, रांची में 21,97,331 और जमशेदपुर में मतदाताओं की संख्या 18,69,278 है। मतदान में अधिक संख्या में शहरी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### लोकसभा चुनाव: छठा चरण

**8 प्रदेश** | **58 सीट** | **25 मई मतदान**



**झारखंड में तीसरा चरण**

सीटः 4 | प्रत्याशीः 92 | मतदाताः 82.18 लाख

**मुख्य मुकाबला**

रांची- संजय सेठ, यशस्विनी सहाय
धनबाद- ढुल्लू महतो और अनुपमा सिंह
जमशेदपुर- विद्युतवरण महतो- समीर मोहंती
गिरिडीह- चंद्रप्रकाश चौधरी, मथुरा महतो, जयराम महतो

### छठे चरण में आठ प्रदेशों की कुल 58 सीटों पर पड़ेंगे वोट

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव के छठे चरण का प्रचार गुरुवार शाम खत्म हो गया। छठे दौर में 25 मई को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 58 सीटों पर वोटिंग होनी है। इसमें जम्मू-कश्मीर का अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र भी है, जहां मतदान तीसरे चरण की बजाय छठे चरण के लिए स्थगित कर दिया गया था। छठे चरण में जिन सीटों पर मतदान होना है, उनमें उत्तर प्रदेश की 14, हरियाणा की सभी 10, बिहार और पश्चिम बंगाल की आठ-आठ, दिल्ली की सभी सात, ओड़िशा की छह और झारखंड की चार सीटें शामिल है। वहीं जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर भी लोग वोट डालेंगे।






# चारा घोटाले से बहुत बड़ा है झारखंड में टेंडर कमीशन घोटाला

## ■ झारखंड को खोखला कर चुका है भ्रष्टाचार का दीमक

## ■ इडी के खुलासे के बाद सामने आ गयी है प्रदेश के सिस्टम की सड़ांध

## ■ अब तो सवाल यह पूछा जा रहा है कि किस पर यकीन करे झारखंडी

**आजाद सिपाही विशेष**

बहुत पुरानी कहावत है कि जब मेड़ ही खेत को खाने लगे, तो फिर उस खेत को कौन बचायेगा। यही हाल झारखंड का है। यहां सब कुछ पूरी तरह खत्म होने की कगार पर है। सिस्टम से सड़ांध आ रही है। प्रवर्तन निदेशालय ने यह दावा किया है कि ग्रामीण विकास विभाग में तीन हजार करोड़ रुपये का टेंडर कमीशन घोटाला हुआ है। उसके बाद से तो यही सवाल हर तरफ तैर रहा है कि आखिर एक आम झारखंडी किस पर यकीन करे। राजनीतिक नेतृत्व से लेकर नौकरशाही तक और न्याय व्यवस्था के झंडाबरदार से लेकर समाजकर्मी का चोला पहने सत्ता के दलालों ने पूरे झारखंड को खोखला बना दिया है। झारखंड को राजनीति के चतुर खिलाड़ियों, सत्ता प्रतिष्ठान के चाटुकार नौकरशाहों और पैसा कमाने की अंधाधुंध होड़ में लगे लोगों ने जम कर लूटा और हर दिन यहां भ्रष्टाचार के नये किस्से सामने आने लगे। इडी के खुलासे ने कमीशनखोरों के संगठित नेटवर्क को जिस तरह उजागर किया है, उससे तो यही लगता है कि यहां हर तरफ भ्रष्टाचार का बेशर्म खेल खेला जा रहा है। हालत यह है कि झारखंड को लूटनेवालों की पहचान अब जरा भी मुश्किल नहीं है। उनकी विलासिता, बेहिसाब दौलत और संपत्ति का अश्लील प्रदर्शन झारखंड के सवा तीन करोड़ लोगों के सीने पर सांप बन कर लोटने लगा है। भ्रष्टाचार ने झारखंड को आर्थिक चोट ही नहीं पहुंचायी है, बल्कि पूरी दुनिया में इसकी इज्जत को मिट्टी में मिला दिया है। अब इन कहानियों के 'अदृश्य नायकों' का पता लगाना बहुत जरूरी हो गया है। झारखंड में भ्रष्टाचार की इन कहानियों की पृष्ठभूममि में राज्य के भविष्य का आकलन करती **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह की विशेष रिपोर्ट।**



राकेश सिंह

प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड में जिस टेंडर कमीशन घोटाले का खुलासा किया है और इसमें जितने लोगों के शामिल होने का दावा किया गया है, उससे झारखंड एक बार फिर शर्मसार हो गया है। निदेशालय ने तीन हजार करोड़ के इस घोटाले के जो सबूत अब तक जुटाये हैं, उससे तो यही लगता है कि भ्रष्टाचार ने झारखंड को पूरी तरह खोखला कर दिया है। राजनीतिक नेतृत्व से लेकर नौकरशाही और निचले तबके की मशीनरी तक पर भ्रष्टाचार के छींटे पड़ने लगे हैं। इस घोटाले में किस स्तर के कितने लोग किस हद तक लिप्त हैं, इसकी बानगी इडी द्वारा अदालतों में पेश रिमांड आवेदन में मिल जाती है।

### क्या है रिमांड आवेदन में

इडी ने झारखंड के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को रिमांड की अवधि बढ़ाने के लिए जो आवेदन दिया, उसमें इस घोटाले में शामिल लोगों के नेटवर्क का पता चलता है। इडी ने अदालत में कई नये सबूत पेश किये हैं। इनमें इडी ने चौंकाने वाली जानकारी दी है। इडी ने दावा किया है कि यह घोटाला तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक का है यानी बिहार के चर्चित चारा घोटाले से बहुत बड़ा। अदालत में पेश सबूतों में पैसों के लेन-देन में कोड वर्ड का जिक्र है। किस रंग के बैग में कौन सा पैसा है, किसे कितना कमीशन मिलना है, इसका भी जिक्र है। इडी ने एक डायरी का पन्ना कोर्ट को सौंपा है। इस डायरी के पन्ने में कमीशनशखोरी का सारा हिसाब-किताब है। इस डायरी में लिखा हुआ है कि विकास नाम का व्यक्ति लाल रंग की थैली में पैसे लेकर आया। इसी तरह बैंगनी (पर्पल), भूरा (ग्रे) और काले (ब्लैक) रंग के बैग में पैसे लेकर आने वालों का भी जिक्र किया गया है। डायरी के इसी पन्ने में कुल 2868.45 में 16.98 साहब को देने का जिक्र है। इसी तरह पन्ने में कई और तरह के कोड का जिक्र है। इसके अतिरिक्त डायरी के पन्ने में कई और बातें लिखी हुई हैं। डायरी के पन्ने में 'साहब' शब्द का इस्तेमाल है। इस साहब शब्द को लेकर शक की सूई मंत्री के साथ-साथ किसी और पर भी उठ रही है। इसी में साहब को 2.50 देने का जिक्र किया गया है। इसी तरह 30 लिखने के बाद गुप्ता, 100 लिखने के बाद मुन्ना, 35 लिखने के बाद रेड और विकास जैसे शब्दों का जिक्र है। इसमें मंत्री आलमगीर आलम और मनीष को दिये गये रुपयों के अलावा आलमगीर के घर तक रुपये पहुंचानेवाले के नाम भी शामिल हैं।

इडी ने इस आवेदन में कमीशन और उसमें मंत्री की हिस्सेदारी को लेकर एक नया एक्सेल शीट कोर्ट में पेश किया। इसमें रांची, सिमडेगा, पाकुड़, जामताड़ा, गोड्डा, गिरिडीह, देवघर सहित अन्य जिलों की योजनाओं का ब्योरा दर्ज है। इसी एक्सेल शीट के एक कॉलम में टेंडर की राशि, कुल कमीशन और मंत्री के कमीशन का ब्योरा लिखा है। एक्सेल शीट में दूसरे नंबर पर बोकारो के मानपुर से भोजुडीह गवईं पुल तक सड़क निर्माण योजना का उल्लेख है। योजना की लागत 8.91 करोड़ रुपये है। इसमें कुल कमीशन की राशि 20.50 लाख रुपये है। इसमें मंत्री का हिस्सा 9.22 लाख रुपये होने का उल्लेख किया गया है। इसी तरह पूरी एक्सेल शीट में योजना और कमीशन का ब्योरा दर्ज है। इस पेज में मंत्री को कुल 1.30 करोड़ रुपये बतौर कमीशन देने का उल्लेख है।

### महाधिवक्ता तक संदेह के घेरे में

इस रिमांड आवेदन के अलावा इडी ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दिया है। इसके अनुसार इस घोटाले में शामिल संदिग्धों के नेटवर्क की मजबूती का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि राज्य के महाधिवक्ता अभियुक्त के पक्ष में न्यायालय में दलील देते हैं। इडी ने कोर्ट को बताया है कि निदेशालय के पास महाधिवक्ता की देखरेख में इडी के अफसरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के सबूत हैं। अवैध खनन की जांच के दौरान याचिकाकर्ता (हेमंत सोरेन) का नाम भी सामने आया था। कमीशनखोरी के मामले में आइएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का शामिल पाये गये। इडी की ओर से इन सभी मामलों में सरकार के साथ सूचनाएं साझा की गयीं, लेकिन सरकार के स्तर से किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गयी। इडी की ओर से हेमंत सोरेन की याचिका में उठाये गये बिंदुओं का जवाब देते हुए इन तथ्यों की जानकारी सुप्रीम कोर्ट को दी गयी है। हलफनामे के मुताबिक ग्रामीण विकास विभाग की जांच के दौरान मुख्य अभियंता बीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद विभाग में जारी कमीशनखोरी की पूरी प्रक्रिया की जानकारी मिली। जांच में पाया गया कि कमीशन में ग्रामीण विकास में टेंडर के दौरान कुल लागत का एक निश्चित प्रतिशत कमीशन के रूप में वसूला जाता है। इसमें अधिकारियों, मंत्री और अन्य बड़े राजनीतिज्ञों को कमीशन मिलता है। सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में भूमि घोटाला और कमीशनखोरी में मुख्यमंत्री के तत्कालीन प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का के नाम का भी उल्लेख किया गया है। इस प्रकरण में यह कहा गया है कि विशाल चौधरी द्वारा बाजार मूल्य से पांच से दस गुना अधिक मूल्य पर सामग्री की आपूर्ति की जाती थी। इसमें से राजीव अरुण एक्का कमीशन लेते थे। कमीशन की राशि उनके पारिवारिक सदस्यों के खाते में जमा की जाती थी। हलफनामे में फर्जी दस्तावेज के आधार पर जमीन की खरीद-बिक्री की चर्चा भी की गयी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व कोषाध्यक्ष रवि केजरीवाल ने जांच के दौरान अपना बयान दर्ज कराया है। जांच में पाया गया कि एक सौ करोड़ रुपये से अधिक की राशि का 40 शेल कंपनियों में निवेश किया गया है। इन सभी कंपनियों पर अमित अग्रवाल का नियंत्रण है। सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल कर इडी के एक गवाह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। इसके बाद धारा-164 के तहत उसका बयान भी दर्ज करवाया। राज्य के महाधिवक्ता ने इस मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। यह पूरी प्रक्रिया उन्हीं की देखरेख में पूरी की गयी। इडी के पास इससे संबंधित सबूत हैं। महाधिवक्ता राज्य के शीर्ष विधि पदाधिकारी हैं, लेकिन वह अभियुक्त के पक्ष में न्यायालय में उपस्थित होकर दलील पेश करते हैं।

इडी के इस खुलासे ने राजनीति यानी विधायिका के अलावा नौकरशाही, यानी कार्यपालिका के भीतर के सड़ चुके माहौल को ही बेपर्दा कर दिया है। झारखंड में भ्रष्टाचार की कहानियां झारखंड की वो स्याह तस्वीर हैं, जिनके कारण दुनिया भर में इसकी पहचान एक भ्रष्ट राज्य और समाज के रूप में बन गयी है। आखिर ये राजनीतिज्ञ और नौकरशाह इतने बेशर्म और निडर कैसे हो जाते हैं कि गलत करने में जरा भी नहीं हिचकते। भारतीय आयकर विभाग का सूत्र वाक्य है 'कोष मूलो दंड', अर्थात राज्य चलाने के लिए राजस्व सबसे जरूरी चीज है। भारतीय संविधान ने अपने नागरिकों को जो मौलिक अधिकार दिया है, उसमें संपत्ति का अधिकार भी शामिल है।

लौटते हैं झारखंड में भ्रष्टाचार की ताजा कहानियों की ओर। राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू नौकर के यहां प्रवर्तन निदेशालय की टीम द्वारा 32 करोड़ रुपये बरामद किये जाने से ठीक दो साल पहले इसी 6 मई को राज्य की एक वरिष्ठ आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल और उनके सहयोगियों के यहां छापामारी हुई। उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट के यहां से 17 करोड़ रुपये नगद बरामद किये गये। इन दो घटनाओं के बीच में एक अन्य आइएएस अफसर छवि रंजन के घर पर छापामारी के दौरान पता चला कि उनके बेडरूम में 'लेजर लॉक' लगाया गया था, जिसकी कीमत लाखों में होती है। एक चीफ इंजीनियर बीरेंद्र राम के घर पर छापे के दौरान इडी टीम को एक कमरे में केवल शर्ट का पहाड़ मिला, जो उसके बेटे का था और इन शर्ट में किसी को भी दोबारा नहीं पहना गया था। इडी की टीम को पता चला कि इस चीफ इंजीनियर के घर में हर दिन 10 हजार रुपये का मिनरल वाटर और वह भी विदेशी खर्च होता था और इसकी पत्नी जब खरीदारी के लिए निकलती थी, तो वह दाम नहीं पूछती थी।

इडी के इन खुलासों ने झारखंड समेत पूरे देश को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर इन लोगों को इतनी संपत्ति जमा करने की ताकत कहां से मिलती है। भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान पर नजर रखनेवाली एजेंसियों का कहना है कि देश की कार्यपालिका ही नहीं, लगभग सभी अंग कमोबेश इस अभिशाप से ग्रस्त हो चुके हैं। यह बात अलग है कि कार्यपालिका में यह बीमारी अधिक गंभीर है।

झारखंड के संदर्भ में देश के एक चर्चित आइएएस अधिकारी रहे अनिल स्वरूप ने कहा था: झारखंड की कुव्यवस्था के लिए नौकरशाही ढांचा और लोकसेवक आंशिक रूप से जिम्मेवार हैं। जब झारखंड अलग राज्य बना, बिहार की नौकरशाही चारा घोटाले के दबाव से गुजर रही थी। ऐसे में आरएस शर्मा और राजीव गौबा जैसे उत्कृष्ट लोक सेवक थोड़े दिनों के लिए नये राज्य में मुख्य सचिव बनने के बाद केंद्र में चले गये। बकौल अनिल स्वरूप, झारखंड में अनेक ऐसे नौकरशाह हैं, जो बेहद काबिल हैं, लेकिन कुछ अधिकारियों की अक्षमता, अनिर्णय और बेइमानी की वजह से यह स्थिति पैदा हुई है।

वैसे तो भारत में भ्रष्टाचार की कहानी नयी नहीं है, लेकिन इसके बेलगाम होने का सिलसिला उदारीकरण के बाद शुरू हुआ। वर्ष 1991 में भारतीय अर्थव्यवस्था को उदारीकरण एवं वैश्वीकरण की विश्वव्यापी राजनीति-अर्थशास्त्र से जोड़ा गया। तब तक सोवियत संघ का साम्यवादी महासंघ के रूप में बिखराव हो चुका था। पूर्वी यूरोप के अधिकांश देश पूंजीवादी विश्व व्यवस्था के अंग बनने की प्रक्रिया में प्रसव-पीड़ा से गुजर रहे थे। साम्यवादी चीन बाजारोन्मुखी पूंजीवादी औद्योगिकीकरण के रास्ते औद्योगिक विकास का नया मॉडल बन चुका था। पहले भ्रष्टाचार के लिए परमिट-लाइसेंस राज को दोष दिया जाता था, पर जब से देश में वैश्वीकरण, निजीकरण, उदारीकरण, विदेशीकरण, बाजारीकरण एवं विनियमन की नीतियां आयी हैं, तब से घोटालों की बाढ़ आ गयी है। इन्हीं के साथ बाजारवाद, भोगवाद, विलासिता तथा उपभोक्ता संस्कृति का भी जबरदस्त हमला शुरू हुआ है।

लेकिन झारखंड के आइएएस अफसरों के कारनामों की फेहरिस्त तो इतनी लंबी है कि इस पर पूरी किताब लिखी जा सकती है। एक घटना याद दिलाते हैं। यह घटना 2004 की है। झारखंड बने चार साल ही हुए थे। राज्य में तैनात एक आइएएस अधिकारी राजधानी रांची के सबसे पॉश इलाके अशोक नगर के इलाके में अपने लिए एक मकान खोज रहे थे। तभी उन्हें अरगोड़ा में बन रहे एक अपार्टमेंट के बारे में जानकारी मिली। वह उसे देखने पहुंचे और फ्लैट की बुकिंग कराने की जगह उन्होंने पूरा अपार्टमेंट ही खरीद लिया। उस अपार्टमेंट में आठ फ्लैट थे। सौदा ढाई करोड़ में तय हुआ था। उन दिनों इस सौदे की खूब चर्चा हुई थी। बाद में उस अपार्टमेंट को ध्वस्त कर आलीशान बंगला बनाया गया। हाल के दिनों में आइएएस पूजा सिंघल और छवि रंजन के कारनामों से पूरा प्रदेश शर्मसार हुआ है। और अब तो इसमें एक और नाम मनीष रंजन का जुड़ने जा रहा है। तब सवाल उठता है कि इस स्थिति का कारण क्या है।

इसका जवाब बहुत मुश्किल भी नहीं है। इस विकराल होती समस्या के पीछे राज्य के राजनीतिक नेतृत्व में भ्रष्ट अफसरों के खिलाफ कार्रवाई करन की इच्छा शक्ति का अभाव है। पिछले 22 वर्षों में झारखंड में एकाध मामलों में ही आइएएस-आइपीएस अफसरों के खिलाफ कार्रवाई इसका प्रमाण है। पूजा सिंघल और छवि रंजन के खिलाफ इडी की कार्रवाई को छोड़ दें, तो झारखंड के कई आइएएस-आइपीएस अफसरों ने अकूत संपत्ति अर्जित की है और उनका कुछ नहीं बिगड़ा है। उदाहरण के लिए राज्य के एक पूर्व मुख्य सचिव के पास हाउसिंग कॉलोनी की जमीन पर विशाल बहुमंजिली इमारत है। हर कोई जानता है कि पूर्व डीजीपी डीके पांडेय ने कांके के चामा में बड़े पैमाने पर जमीन खरीद ली और फिर उस पर आलीशान मकान बना लिया। उनकी पत्नी के नाम से हुए इस पूरे सौदे के खिलाफ कार्रवाई पर हाइकोर्ट ने रोक लगा दी है। राज्य के एक पूर्व मुख्य सचिव एके बसु को चारा घोटाले में 2017 में सजा भी सुनायी गयी थी। यह सूची यहीं खत्म नहीं होती। झारखंड के एक आइएएस अफसर के पास रांची में एक सात मंजिली व्यावसायिक इमारत है, तो एक पूर्व मुख्य सचिव ने मुंबई में फिल्म स्टूडियो में निवेश कर रखा है।

झारखंड के अफसरों के भ्रष्टाचार की कहानी का सबसे दुखद पहलू यह है कि पहले ये लोग अपनी संपत्ति दूसरे राज्यों में निवेश करते थे, लेकिन अब ये खुलेआम झारखंड में निवेश करने लगे हैं। इतना ही नहीं, इनके घरेलू नौकर भी इस खेल में शामिल हो गये हैं। इसके पीछे का कारण यह है कि अब इन अफसरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती। इसलिए इनकी हिम्मत बढ़ गयी है। एक आइएएस अफसर ने कहा कि यदि पूजा सिंघल के खिलाफ 2010 में ही मनरेगा घोटाले में कार्रवाई हो गयी होती, तो आज झारखंड को शर्मसार नहीं होना पड़ता। भ्रष्टाचार की यह नदी ऊपर से शुरू होती है और नीचे तक आती है। अपने सीनियर अफसरों के कारनामों को देख कर जूनियर अफसर भी सोचते हैं कि यहां कार्रवाई नहीं होती, तो फिर संपत्ति अर्जित करने में बुराई क्या है।

प्रख्यात हास्य कवि काका हाथरसी की एक मशहूर कविता है, 'क्यों डरता है बेटा रिश्वत लेकर-छूट जायेगा तू भी रिश्वत देकर'। अच्छी और कमाऊ पोस्टिंग की लालच में अफसर अपने राजनीतिक आकाओं के आगे दुम हिलाते हैं और बदले में भ्रष्टाचार का लाइसेंस पाते हैं। झारखंड को लूटनेवाले इन अफसरों के खिलाफ अब कार्रवाई का समय आ गया है। इनकी महंगी पार्टियों का शोर, जिनमें विदेशी शराब पानी की तरह बहायी जाती है और संपन्नता का अश्लील प्रदर्शन किया जाता है, अब झारखंड के जंगलों-बस्तियों में सुनी जानेवाली मांदर की थाप की गूज में दबाने के लिए यह मुफीद वक्त है।



### विशेषाधिकार का दंभ भरने वाले नेताओं की नैतिकता कहां गयी?

देश में नेतागण भले ही बात-बात में संविधान की बात करते हों। वह समय-समय पर अपने संवैधानिक अधिकार और विशेषाधिकार की चर्चा करते हैं। विशेधिकार हनन की बात लोकसभा और विधानसभा में उठाते रहते हैं। संविधान ने उन्हें विशेष दर्जा दिया भी है। शायद असधारण कृत्य पर कार्रवाई का कोई प्रावधान नहीं है। संभवत: जिस समय संविधान में प्रावधान किया गया, उस समय उनके कृत्य कुछ ऐसे भी होंगे इसकी कल्पना नहीं की गयी थी। इसलिए संभवत: उन पर आरोप लगने या जेल जाने के बाद भी पद पर से हटाना संभव नहीं होता। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हों, या झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम इस बात का लाभ उठाते हुए आरोप लगने, जेल में होने के बाद भी पद पर बने हुए हैं। राष्ट्रपति, राज्यपाल, कोर्ट सभी इस पर कोई कदम नहीं उठा रहे हैं। वहीं, एक अधिकारी जब 24 घंटे जेल में रहता तो निलंबित हो जाता। पद छूट जाता, लेकिन नेता पद पर बने रहते हैं। आखिर कम से कम नैतिकता की बात तो हो ही सकती है। विशेषाधिकार का दंभ भरने वाले नेताओं में इतनी नैतिकता तो होनी ही चाहिए कि आरोप लगने के बाद पद छोड़ दें।

### भ्रष्टाचार का नया चेहरा आलमगीर आलम

इडी के खुलासे के बाद क्या कांग्रेस अब भी इडी की इस कार्रवाई को इडी के गलत इस्तेमाल की बात कह कर आम लोगों की आंख में धूल झोंक पायेगी। बिल्कुल नहीं। आलमगीर आलम कांग्रेस से विधायक हैं और झारखंड सरकार में मंत्री हैं। जेल जाने के बाद भी उन्होंने आज तक इस्तीफा नहीं दिया, न ही कांग्रेस आलाकमान ने उन्हें इस्तीफा देने को कहा है। ग्रामीण विकास विभाग जैसा भारी-भरकम बजट वाला विभाग उनके पास है। भ्रष्टाचार के तमाम अवसर उपलब्ध हैं। उनके ओएसडी के सहायक के घर से इतनी बड़ी राशि की बरामदगी यह बताने के लिए काफी है कि मंत्री आलमगीर आलम के विभाग में क्या कुछ चल रहा है। भ्रष्टाचार किस उंचाई तक पहुंच चुका है। दरअसल आलमगीर आलम झारखंड में भ्रष्टाचार का नया चेहरा बन कर उभरे हैं। आज की तारीख में उनमें लोकलाज भी नहीं बचा है, वरना अब तक वह इस्तीफा दे चुके होते।

### पहले भी विवादों में रहे हैं आइएएस मनीष रंजन

टेंडर कमीशन घोटाले में पूछताछ के लिए इडी द्वारा बुलाये गये झारखंड कैडर के आइएएस अफसर मनीष रंजन का विवादों से पुराना नाता रहा है। 2002 बैच के मनीष रंजन उस समय सुखियों में आये, जब वह हजारीबाग डीसी थे। उस समय मनीष रंजन अपने सीनियर अफसर डॉ नितिन मदन कुलकर्णी से भिड़ गये थे। डॉ कुलकर्णी उस समय उत्तरी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त थे। विवाद इतना बढ़ गया कि मामला राजभवन तक पहुंच गया। फिलहाल मनीष रंजन भू-राजस्व विभाग के सचिव हैं। साथ ही उनके पास भवन निर्माण विभाग के सचिव और भवन निर्माण कॉरपोरेशन के एमडी का भी अतिरिक्त प्रभार है।

इसके बाद देवघर के बहुचर्चित भूमि घोटाले में पूर्व विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, मस्तराम मीणा और मनीष रंजन को शोकॉज जारी किया गया था। इन अफसरों से भूमि घोटाले में अंतर्लिप्तता को लेकर सवाल पूछा गया है कि क्यों नहीं उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही शुरू की जाये। दरअसल देवघर भूमि घोटाले (मुकदमा संख्या आरसी 16/2012) की जांच कर रही सीबीआइ ने इन अधिकारियों की संदेहास्पद भूमिका को रेखांकित करते हुए राज्य सरकार से इनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही शुरू कर दंडित करने का निर्देश दिया था। तीनों ही अफसर देवघर के डीसी रहे चुके हैं। सीबीआइ द्वारा दायर चार्जशीट में कहा गया था कि भूमि माफियाओं से मिल कर अधिकारियों ने जिले की लगभग 824 एकड़ सरकारी और निजी भूमि बेच दी। उस समय इसकी अनुमानित कीमत एक हजार करोड़ रुपये से अधिक बतायी गयी थी।

### झारखंड के दो और मंत्री इडी के रडार पर

टेंडर कमीशन घोटाले की जांच में इडी को जो सबूत मिले हैं, उससे झारखंड सरकार के दो और मंत्री बादल और हफीजुल हसन इडी के रडार पर आ गये हैं। कहा जा रहा है कि इन्होंने भी कंबल ओढ़ कर घी पीया है। जल्द ही उनके बारे में इडी कुछ चौंकानेवाली जानकारी दे सकती है। इसमें भविष्य में कुछ और मंत्रियों और नौकरशाहों के नाम जुड़ जायें, तो आश्चर्य नहीं।

www.epaper.azadsipahi.in

24 मई, 2024
वैशाख, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 213

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

कांग्रेस राम को हटाना चाहती है, आरक्षण छीन मुसलमानों को देगी : पीएम मोदी




## श्रद्धांजलि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः ।।

मजदूरों के अपने और सबके हितैषी



सबके दुःख-सुख में साथ रहने वाले

सभी के प्रेरणा स्रोत, हर दिल अजीज
महानायक बेरमो के पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री व इंटक नेता

# स्व. राजेंद्र प्रसाद सिंह जी

जन्मः 21.05.1943, स्वर्गवासः 24.05.2020

को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (इंटक), सीसीएल रीजनल कमिटी परिवार सहित
धनबाद बोकारो कोयलांचल की ओर से
**चतुर्थ पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि।**

**आपकी यादें, आपका संस्कार हमारे रोम-रोम में बसा है**

आप अब हमारे साथ नहीं रहें,
अपितु आप हमारे दिलों में हमेशा रहेंगे।



**श्रीमती अनुपमा सिंह**
पुत्रवधु
**कांग्रेस प्रत्याशी**
**धनबाद लोकसभा क्षेत्र**

### शोकाकुल

**समस्त परिवार**



**श्री कुमार जय मंगल सिंह (अनूप सिंह)**
विधायक (बेरमो)
उपाध्यक्ष : इंटक (राष्ट्रीय), केन्द्रीय अध्यक्ष : इंडियन नेशनल माईनवर्कर्स फेडरेशन
एवं राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन, वरीय उपाध्यक्ष : इंटक (झारखंड),
क्षेत्रीय महासचिव : राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन, सीसीएल रिजनल कमिटी

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 92,000 रु./प्रति किलो |



## जयंत सिन्हा ने प्रदेश नेतृत्व को नोटिस का दिया जवाब

# पोस्टल बैलट के जरिये किया मतदान

- बोले- किसी ने उनसे संपर्क नहीं किया
- पार्टी के कार्यक्रम, रैली में आमंत्रित नहीं किया
- पूछा- नोटिस को मीडिया में सार्वजनिक क्यों किया गया?

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के मौजूदा भाजपा सांसद जयंत सिन्हा ने नोटिस का जवाब दिया है। जयंत सिन्हा ने अपने जवाब में कहा है कि किस तरह झारखंड भाजपा के नेताओं और पदाधिकारियों ने उन्हें नजरअंदाज किया। सिन्हा ने इस बात पर आपत्ति जतायी है कि उन्हें जो नोटिस दिया गया, उसे मीडिया में क्यों सार्वजनिक किया गया। उन्होंने प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू के इस रवैये को पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को निराश करने वाला और पार्टी के सामूहिक प्रयासों को कमजोर करने वाला बताया। साथ ही कहा कि पार्टी के प्रति निष्ठा और कठिन परिश्रम के बाद भी उन्हें अन्यायपूर्ण तरीके से निशाना बनाया जा रहा है।

जयंत सिन्हा ने पत्र में लिखा है कि अगर पार्टी चाहती कि वह चुनावी गतिविधियों में भाग लें, तो उनसे संपर्क जरूर करती। 2 मार्च को उन्होंने सक्रिय राजनीति से खुद को किनारा करने की घोषणा कर दी थी। इसके बाद पार्टी के किसी भी वरिष्ठ पदाधिकारी या सांसद-विधायक ने उनसे संपर्क नहीं किया। ना ही पार्टी के कार्यक्रम, रैली या संगठन की बैठकों में आमंत्रित किया। यदि बाबूलाल मरांडी उन्हें कार्यक्रमों में शामिल करना चाहते थे, तो निश्चित रूप से उन्हें आमंत्रित कर सकते थे।,लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

जयंत सिन्हा ने दो पन्नों के पत्र में लिखा है कि भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल ने नामांकन रैली में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। उस वक्त वह दिल्ली में थे। देर से आमंत्रित करने की वजह से उनके लिए रैली में आना संभव नहीं था। वह 2 मई को हजारीबाग आते ही सीधे मनीष जयसवाल के घर पहुंचे। वह घर पर नहीं थे। तब उन्होंने मनीष जयसवाल के परिवार को अपना संदेश और शुभकामनाएं दीं। वह 3 मई तक हजारीबाग में रहे, लेकिन मनीष जयसवाल से उनका कोई संपर्क नहीं हुआ।

जयंत सिन्हा ने आगे लिखा है कि जहां तक वोट नहीं करने की बात है, तो उन्होंने पोस्टल बैलेट के जरिये अपना वोट किया है। इसके बाद निजी प्रतिबद्धताओं के कारण 10 मई को विदेश चला गया। अंत में उन्होंने लिखा है कि हम निश्चित ही किसी भी समय व्यक्तिगत रूप से या फोन पर बात कर सकते थे, ताकि आपके किसी भी संदेह को दूर किया जा सके। चुनाव समाप्त होने के बाद इस तरह का पत्र भेजना समझ से परे है। इसके साथ ही मैं आर्थिक और शासन संबंधी विषयों पर पार्टी के साथ काम करना सहर्ष जारी रखूंगा। उन्होंने पत्र का जवाब प्रदेश अध्यक्ष, झारखंड प्रदेश प्रभारी, झारखंड क्षेत्रीय संगठन महामंत्री समेत अन्य को दिया है।

# मोदी को झारखंडियों से चिढ़ है : कल्पना

इडी अलायंस प्रत्याशी समीर के समर्थन में पूर्व सीएम की पत्नी ने घाटशिला और डुमरिया में किया जनसभा को संबोधित



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र से इंडी गठबंधन प्रत्याशी समीर मोहंती के पक्ष में गुरुवार को घाटशिला के सर्कस मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने लोगो से हेमंत सोरेन को जेल से निकालने के लिए इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार को झारखंड और झारखंडियों से चिढ़ है। उन्हे आदिवासी शब्द से भी चिढ़ है। यही कारण है कि वे आदिवासी को वनवासी कहते हैं। आपके भाई हेमंत सोरेन द्वारा जनता के लिए किये जा रहे कार्य केंद्र सरकार को खटक रहे थे। पिछले पांच वर्ष में झारखंड सरकार ने कई ऐतिहासिक काम करके देश में अपनी अलग पहचान बनायी है। हेमंत सोरेन ने हमेशा आपके हक की लड़ाई लड़ी है। वह मोदी सरकार से राज्य के रॉयल्टी के 126 करोड़ रुपये की मांग करते रहते थे, मगर केंद्र सरकार ने उस राशि को आज तक नहीं दिया। यदि वह राशि मिल जाती तो झारखंड का और तेजी से हम विकास कर सकते थे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घाटशिला आकर भी यहां की बंद आइसीसी के संबंध में कुछ नहीं बोलने पर उन्हे घेरते हुए कहा कि उन्हें आपके रोजगार से क्या मतलब है। हर समय केंद्र की मोदी सरकार राज्य के विकास में रोड़ा अटकाने का काम की है। हमने स्थानीय नीति को विधानसभा से पास कर दिया, पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण भी विधानसभा से पास कर दिया, मगर राजभवन ने उसे रोक दिया। आज के दिन राजभवन कहां से संचालित होता है, हर किसी को पता है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बहुत ही अहम है। इस बार की लड़ाई लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई है, इसलिए हर हाल में देश में हमें इंडी गठबंधन की सरकार बनानी है, ताकि देश में अमन चैन और भाईचारा का माहौल हो। सभा को प्रत्याशी समीर महंती, इचागढ़ की विधायक सविता महतो, घाटशिला विधायक रामदास सोरेन, बीस सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, कांग्रेस के सत्यजीत सीट, काल्टू चक्रवर्ती,भाकपा के भुवनेश्वर तिवारी ने भी संबोधित किया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### एकता कमेटी ने कांग्रेस के समर्थन में पदयात्रा निकाली





रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय एकता कमेटी के बैनर तले गुरुवार को कांग्रेस पार्टी के समर्थन में कई मुहल्ले में पदयात्रा निकाली गयी। कमेटी ने कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। अकील उर रहमान ने बताया कि संविधान को बदलने वालों को सबक सिखाया जायेगा। वोट से चोट पहुंचायी जायेगी। भाजपा को सत्ता से हटाना होगा। पदयात्रा में गुलाम मुस्तफा, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद तौहीद, मोहम्मद इस्लाम, रामेश्वर राम, मनोज राम समेत अन्य शामिल थे।

### कोकर में बैठक कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील



रांची (आजाद सिपाही)। कोकर गितिल कोचा वार्ड नंबर 10 में बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजू राम ने की। सभी को कांग्रेस के पक्ष में वोट करने का आह्वान किया। बैठक में संतोष महतो, संजय तिर्की, कंचन उरांव, मुनी देवी, सुखिया उरांव, पारो मुंडा, शानिया देवी, सुकरात उरांव, शनिचरिया उरांव समेत अन्य उपस्थित थे।

### पूर्व मध्य रेल का पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। ट्रेनों के कोचों में त्वरित रूप से पानी भरने के लिए पूर्व मध्य रेल के 12 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर त्वरित जल प्रणाली का प्रयोग किया जा रहा है। स्टेशन पर ट्रेनों के न्यूनतम दस मिनट तक ठहराव होने पर ट्रेनों में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए त्वरित जल प्रणाली बहुत ही उपयोगी संयंत्र हैं। त्वरित जल प्रणाली की डिस्चार्ज दर अधिकतम 200 लीटर प्रति मिनट है, जिसे आवश्यकतानुसार समायोजित किया जा सकता है। वर्तमान में पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, धनबाद, बरकाकाना, चोपन, गोमो, पटना, मुजफ्फरपुर, बरौनी, दरभंगा, सहरसा, जयनगर और नरकटियागंज रेलवे स्टेशनों पर यह सुविधा उपलब्ध है। साथ ही पूर्व मध्य रेल के और 12 स्टेशनों पर त्वरित जल प्रणाली की स्वीकृति प्राप्त है और कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र ही पूरा कर लिया जायेगा। बताते चलें कि त्वरित जल प्रणाली के उपयोग से न केवल पानी की बर्बादी पर नियंत्रण हो पाया है, बल्कि काफी कम समय में ट्रेन के कोचों में पानी भरा जा रहा है। पानी की बर्बादी पर रोक लगने से जल संरक्षण के साथ पर्यावरण संरक्षण में यह प्रणाली काफी उपयोगी साबित हो रही है। इस प्रणाली के उपयोग से 24 कोच वाली ट्रेन को पूरी तरह से पानी देने में लगभग आठ मिनट का समय लगता है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी।

### चैती दुर्गापूजा का भंडारा 25 मई को



रांची (आजाद सिपाही)। श्री चैती दुर्गापूजा महासमिति भुतहा तालाब के अध्यक्ष शंकर दुबे के द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन 25 मई को किया जायेगा। अध्यक्ष ने मतदान के बाद भंडारा का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की।

### राजीव रंजन मिश्रा ने चलाया संपर्क अभियान




रांची (आजाद सिपाही)। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में संजय सेठ को भारी मतों से विजयी बनाने को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। श्री मिश्रा ने जनता से प्रधानमंत्री के किये गये कार्यों को जन-जन तक पहुंचाया। अबकी बार 400 पार को पूरा करने के लिए मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। अभियान में शंकर दुबे, लंकेश सिंह, साहिल कुमार, गोपाल पारीक, पीयूष आनंद, ज्योति शंकर साहू, अखिलेश राय समेत अन्य शामिल थे।

### राजकुमार की अग्रिम बेल पर 27 को फैसला

रांची। लैंड स्कैम के आरोपी राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत याचिका पर विशेष कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गयी। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब कोर्ट 27 मई को अपना फैसला सुनायेगा।

# अमित शाह जामताड़ा में करेंगे चुनावी सभा आज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गृह मंत्री अमित शाह 24 मई को झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। वह जामताड़ा के मेझिया गांव में दुमका सीट से भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन के लिए चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसे लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं। अमित शाह के कार्यक्रम के लिए दुर्गा मंदिर मैदान में भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। गृह मंत्री के लिए प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। जामताड़ा मेझिया गांव में गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में काफी उत्साह है। अमित शाह के कार्यक्रम की सफलता को लेकर पार्टी कार्यकर्ता भी जोर-शोर से प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। जामताड़ा में तीन बजे और मधुपुर में चार बजे जनसभा होगी।

### बीडी शर्मा आज गोड्डा में

रांची (आजाद सिपाही)। मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा चार दिवसीय दौरे पर 24 मई को झारखंड आएंगे। वे गोड्डा लोकसभा में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

### बाबूलाल की सारठ में सभा

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 24 मई को सारठ में सभा करेंगे। दिन के 11 बजे दुमका लोकसभा के सारठ में सभा होगी। इसमें लोकसभा प्रभारी राज पलिवार, संयोजक रणधीर सिंह, प्रत्याशी सीता सोरेन भी मौजूद रहेंगी। इसके बाद अमित शाह की सभा में भी बाबूलाल मरांडी शामिल होंगे।

### मतदाता जागरूकता रैली निकाली





रांची (आजाद सिपाही)। फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग के शिक्षकों और छात्रों की ओर से जागरुकता रैली निकाली गयी। इसमें सभी मतदाताओं से मतदान के दिन बूथों पर पहुंच कर मतदान करने के लिए अपील की गयी। इस बीच छात्रों की तरफ से जागरुकता संबंधित नारे भी लगाये गये। कॉलेज की सचिव जीनत कौशर की अगुवाई में रैली निकाली गयी। हाथों में बैनर लिये, नारे के साथ कालेज से निकली रैली मेदांता हॉस्पिटल होते हुए मुख्य चौराहे पर आयी। डॉ नाजनीन कौशर ने कहा कि मतदान का अधिकार सर्वोत्तम अधिकार है। इसका प्रयोग बहुत सोच समझ कर करना चाहिए।

# कल्पना की साजिश के कारण जोरिया में जयश्री और राजश्री पर हमले की थी तैयारी: सीता सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुमका से भाजपा कैंडिडेट सीता सोरेन ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी और अपनी देवरानी कल्पना सोरेन पर बेहद संगीन आरोप लगाये हैं। उन्होंने गुरुवार को दुमका में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कल्पना के इशारे पर उनकी बेटियों जयश्री और राजश्री पर जामताड़ा के एक गांव में हमला करने की योजना तैयार की गयी थी। जामताड़ा के नाला विधानसभा क्षेत्र के तेज जोरिया गांव के पास उनकी दोनों बेटी चुनाव प्रचार के लिए गयी थीं। वहां स्थानीय विधायक सह विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के बेटे और कुछ झामुमो के कार्यकर्ता ईंट-पत्थर के साथ खड़े थे। उनकी मंशा राजश्री और जयश्री पर हमला करने की थी, पर एन मौके पर खतरा भांप कर वे दोनों वहां से निकल गयीं। सीता के मुताबिक, यह सब कुछ कल्पना सोरेन के इशारे पर किया गया। अब वह जामताड़ा में एफआइआर करेंगी।

**जयश्री ने भी कल्पना को लिया निशाने पर :** प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीता संग जयश्री सोरेन ने भी कहा कि बुधवार को वे और उसकी बहन राजश्री सोरेन जामताड़ा जिले के नाला विधानसभा क्षेत्र के तेज जोरिया गांव चुनाव प्रचार में गयी थीं। उनका रूट पहले से तय था। इसी दौरान अपनी गाड़ी से ही उन्होंने देखा कि विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो के पुत्र अपने कुछ झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ ईंट-पत्थर लेकर हमले की मंशा से खड़े हैं। ऐसे में माहौल ठीक नहीं होने के अंदेशे पर वे दोनों वहां से निकल गयीं।

जयश्री और सीता सोरेन दोनों ने कहा कि इस हमले के पीछे कल्पना सोरेन की साजिश है। जयश्री सोरेन ने कहा कि चाची कल्पना सोरेन उन पर हमला करवाना चाहती थीं। उन्हें यह पता होना चाहिए कि वे दुर्गा सोरेन की बेटी हैं। शिबू सोरेन की पोती हैं, जिन्होंने इस राज्य को अलग करने में अपना खून पसीना बहाया है। जयश्री के मुताबिक, वे लोग मुझे चुनाव प्रचार से रोकना चाहते हैं, पर वे डरने वाली नहीं हैं। उनका मुकाबला किया जायेगा।

सीता सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोग उनके इलेक्शन कैंपेनिंग से घबरा गये हैं। वे हिंसा का सहारा लेना चाहते हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोगों के द्वारा उनकी बेटियों पर हमले का प्रयास किया गया। वे चुप नहीं रहने वाली। लोगों को चिह्नित कर एफआइआर करवायी जायेगी। साथ ही साथ उन्होंने जामताड़ा के एसपी से सुरक्षा की मांग की।

**महागठबंधन के नेता करप्ट :** सीता सोरेन ने कहा कि इस सरकार के मंत्री आलमगीर आलम को इडी ने जेल भेजा। अब मनीष रंजन को तलब किया है। इससे साफ पता चलता है कि वर्तमान झारखंड सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जिस तरह से इडी की कार्रवाई में परतदार परत खुलती जा रही है, उसे यह लगता है कि आने वाले विधानसभा चुनाव तक महागठबंधन के कई नेता जेल में होंगे।





### झामुमो के गुंडों ने की थी ईंट-पत्थरों से हमले की तैयारी : जयश्री सोरेन

रांची (आजाद सिपाही)। सीता सोरेन और दुर्गा सोरेन की बेटी जयश्री सोरेन ने अपनी चाची और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कल्पना सोरेन कहती हैं- झारखंड झुकेगा नहीं, लेकिन भ्रष्टाचार करके आप लोग ही झारखंड को झुका रहे हैं।
सीता सोरेन की बेटी जयश्री बोली- झामुमो चला रहा गुंडाराज
जयश्री सोरेन ने बृहस्पतिवार (23 मई) को अपनी मां सीता सोरेन के साथ दुमका में प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये बातें कहीं। पत्रकारों को संबोधित करते हुए जयश्री ने कहा कि झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता और कार्यकर्ता गुंडाराज चला रहे हैं। लेकिन, उनका गुंडाराज ज्यादा दिनों तक चलने वाला नहीं है। झामुमो के गुंडों को भी यह बात समझ आ गयी है। जयश्री ने आरोप लगाया कि टेसजुड़िया गांव में झामुमो के वरिष्ठ नेता और उनके समर्थकों ने उन पर (जयश्री और उनकी बहन पर) हमले की तैयारी कर रखी थी। ईंट-पत्थर के साथ रास्ते में भीड़ जमा थी। भीड़ देख कर हमें इसका अंदेशा हो गया और हम वहां से लौट गये। हमारे साथ झारखंड के पूर्व मंत्री और भाजपा नेता सत्यानंद झा बाटुल भी थे। दुर्गा सोरेन और सीता सोरेन की बेटी जयश्री ने कहा कि हमें इस बात की पक्की जानकारी मिली है कि वहां मौजूद भीड़ झामुमो कार्यकर्ताओं की थी। जयश्री ने यह भी कहा कि हमें जानकारी मिली है कि ये सारी साजिश हमारी चाची ने रची थी, जो झामुमो चला रही हैं। जयश्री ने कहा कि मुझे नहीं मालूम क ये लोग क्या करना चाहते हैं।

# ममता बनर्जी ने ओबीसी आरक्षण पर डाका डाल मुसलमानों को दिया : आदित्य साहू

## कोलकाता हाइकोर्ट ने सुनाया ऐतिहासिक फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने कहा कि कोलकाता हाइकोर्ट ने बुधवार को ऐतिहासिक फैसला दिया। ममता बनर्जी ने 118 मुसलमान जातियों को बिना किसी पिछड़ेपन का सर्वे कराये ओबीसी का आरक्षण दे दिया, जिस पर किसी ने याचिका लगायी और कोर्ट ने इसका संज्ञान लेकर 2010 से 2024 तक जितने प्रमाणपत्र ममता बनर्जी सरकार ने जारी किये थे, उसके स्थगन का आदेश दिया। मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ममता बनर्जी ने पिछड़े वर्ग के आरक्षण पर डाका डालकर उनका हक मुसलमानों को दिया। आज किस प्रकार की मानसिकता से बंगाल का लोकतंत्र गुजर रहा है, यह निंदनीय है। सुनिश्चित करेंगे कि हाइकोर्ट के फैसले का अमल हो और पिछड़े वर्ग को उनका अधिकार मिले, न कि तुष्टीकरण और वोट बैंक की नीति के कारण उसका लाभ उन्हें मिले जो पिछड़े नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि ठीक इसी तरह कांग्रेस पार्टी भी तेलंगाना और कर्नाटक में ओबीसी के आरक्षण पर डाका डालने का काम कर रही है। बंगाल में ममता बनर्जी भी एससी, एसटी के आरक्षण पर डाका डालकर उनका हक मुसलमानों को दे रही हैं।

श्री साहू ने कहा कि भारत सेवाश्रम संघ के कारण पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा है। ममता बनर्जी को शायद नहीं मालूम कि भारत सेवाश्रम संघ के संस्थापक स्वामी प्रणवानंद अगर ना होते तो पश्चिम बंगाल भारत का नहीं बांग्लादेश का हिस्सा होता। आज ममता बनर्जी भारत सेवाश्रम संघ, इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन इस प्रकार की संस्थाओं को बदनाम कर रही हैं, ताकि वे मुसलमान मतदाताओं को खुश कर कर सकें। वोट बैंक की राजनीति के लिए ममता बनर्जी अगर इस प्रकार की प्रतिष्ठित संस्थाओं पर आरोप लगाती हैं, तो जनता को भी इस पर गंभीर होकर सोचना चाहिए।

### पांच लाख वोटों से संजय सेठ की जीत होगी: रमेश सिंह

रांची (आजाद सिपाही)। कांके विधायक समरी लाल, भाजपा प्रदेश कार्यसमीति सदस्य रमेश सिंह, प्रमंडल प्रभारी उपेंद्र रजक, महानगर अध्यक्ष रामलगन राम के नेतृत्व में संजय सेठ के पक्ष में चिरौंधी वृंदावन में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इसके माध्यम से संजय सेठ के लिए वोट मांगते हुए रमेश सिंह ने कहा कि भारत के विकास, हिंदुत्व, गरीब, किसान, मजदूर, छात्र-नौजवान के लिए संजय सेठ को जिता कर मोदी के हाथों को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि 60 साल बनाम 10 साल के तुलना में मोदी ने जो वंचित समाज के लिए काम किया है, उसकी कोई तुलना नहीं है। जनता ने फिर से एक बार मोदी सरकार के लिए कमर कस लिया है और अबकी बार झारखंड में चौदह और देश में चार सौ पार होगा। मौके पर बिनोद राजन, रेणू देवी, रणधीर रजक, युवराज पासवान, राजेश रजक, गोविंदा बाल्मीकि, राजू रजक, टिंकू महतो, रेखा पासवान उपस्थित थे।

## भगवान बुद्ध की जयंती मनायी गयी

# बुद्ध के विचारों को करें आत्मसात : डॉ रामेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भगवान बुद्ध के जन्मोत्सव पर गोरखा चौक स्थित भगवान बुद्ध के मंदिर में छोटानागपुर बौद्ध सोसाइटी द्वारा जयंती मनायी गयी।

पूरे विधि विधान के साथ 10.30 बजे से दार्जिलिंग से पधारे लामाओं द्वारा सभी कार्य संपन्न कराये गये। इसमें मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे, लालकिशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, रोहित उरांव, मेहुल दूबे शामिल हुए।

रामेश्वर उरांव ने कहा कि दुनिया अगर आज भी भगवान बुद्ध के उपदेशों का पालन करे, तो कहीं भी हिंसा नहीं होगी। जहां बुद्ध के मानने वाले लोग होते हैं, वे करुणा का भाव रखते हैं। संकल्प लेते हैं कि हम बुद्ध के विचारों को आत्मसात करेंगे।

कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे ने कहा कि गौतम बुद्ध महान व्यक्ति थे, जिन्होंने पूरे संसार को शांति और अहिंसा का मार्ग दिखाया था। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि जब समाज में अत्याचार, अनाचार, अशांति, अज्ञान अंधविश्वास और रुढियां जड़ जमा लेती हैं, तो कोई न कोई महापुरुष समाज में इन कुरीतियों को दूर करने के लिए जन्म लेता है। महात्मा बुद्ध भी ऐसे ही काल में पैदा हुए थे। डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि भगवान बुद्ध हमें सत्य, धार्मिकता और करुणा का जीवन जीने का संदेश देते हैं। मौके पर एसके तमांग, सुमन प्रधान, धीरज राय, ज्योति राय, नवनीत प्रधान, परिणीता लामा, रत्नावती सपना राय समेत अन्य मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 33.0 °c | 23.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.26 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.04 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 24 मई, 2024
www.azadsipahi.in


## महत्वपूर्ण खबरें

### मतदान केंद्र से दो किमी या उससे अधिक की दूरीवाले मतदाताओं के लिए उपलब्ध करायें वाहन : रवि कुमार

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि मतदान केंद्र से दो किलोमीटर या उससे अधिक की दूरी पर निवास करने वाले मतदाताओं के लिए परिवहन की सुविधा बहाल करायें। इसके लिए दूरस्थ स्थानों को चिह्नित कर मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाने और वापस छोड़ने के लिए वाहनों की टैगिंग सुनिश्चित करें। मतदान केंद्र पर उपलब्ध परिवहन सुविधा के लिए संबंधित क्षेत्र के मतदाताओं को भी जागरूक करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने गुरुवार को जामताड़ा जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने जामताड़ा जिले के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही एएसडी सूची का मिलान कराते हुए ग्रामीणों के समक्ष इसका सत्यापन भी कराया। उन्होंने मतदान दिवस के दिन मतदाताओं के सहयोग के लिए वोलेंटियर की सेवा लेने संबंधी जानकारी ली और बीएलओ से वोलेंटियर की आयु के संबंध में पूछताछ की। उन्होंने मतदान कक्ष की संरचना, बिजली-पंखा की व्यवस्था को देखा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निरीक्षण में जामताड़ा के उपायुक्त कुमुद सहाय, पुलिस अधीक्षक अनिमेश नेथानी, अपर समाहर्ता पूनम कच्छप सहित अन्य उपस्थित थे।

### सदर एसडीओ ने लोकसभा चुनाव को लेकर रांची में धारा 144 लगायी

रांची (आजाद सिपाही)। रांची लोकसभा क्षेत्र 25 मई को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक चुनाव होना है। इसे लेकर गुरुवार को सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने सदर अनुमंडल अंतर्गत धारा 144 लागू किया है। यह निषेधाज्ञा 25 मई को रात 9 बजे तक लागू रहेगी। जारी आदेश में कहा गया है कि मतदान के क्रम में प्रत्याशियों, उनके सहयोगियों और असामाजिक तत्वों द्वारा बूथों पर बलपूर्वक कब्जा करने, बोगस मतदान कराने की चेष्टा किया जा सकता है। ऐसे कार्यक्रमों से विरोधियों के बीच परस्पर विद्वेष और प्रतिद्वंद्विता के कारण विधि-व्यवस्था और जन सामान्य की भावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इस देखते हुए धारा 144 लगाया गया है।

### पोलिंग पार्टी-माइक्रो आब्जर्वर का थर्ड रैंडमाइजेशन

रांची (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को रांची संसदीय क्षेत्र में भी मतदान होना है। तहत सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए गुरुवार को पोलिंग पार्टी और माइक्रो आब्जर्वर का थर्ड रैंडमाइजेशन किया गया। मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला सभागार में रांची लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश और निर्वाची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा की देखरेख में पोलिंग पार्टी और माइक्रो ऑब्जर्वर का थर्ड रैंडमाइजेशन पूरा किया गया।

### शांतिपूर्ण मतदान के लिए फ्लैग मार्च

रांची (आजाद सिपाही)। रांची में 25 मई को लोकसभा चुनाव है। इसको लेकर रांची पुलिस सतर्क है। लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर रांची पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। मतदाता निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इसको लेकर शहर के गली मोहल्लों में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में संवेदनशील बूथ वाले इलाके में फ्लैग मार्च किया गया।

### वोट दो और एक्वा वर्ल्ड में मुफ्त इंट्री पाओ

रांची (आजाद सिपाही)। एक्वा वर्ल्ड रांची मछलीघर में प्रबंधन ने शनिवार को सभी वोट देने वाले लोगों को सपरिवार मुफ्त में इंट्री कराने का निर्णय लिया है। 25 मई को वोट देने वालों और साथ आये उनके परिजनों को प्रवेश शुल्क नहीं लगेगा। इसके अतिरिक्त वोट देने वाले और उनके परिजनों को सभी झूलों में 50 प्रतिशत का डिस्काउंट भी दिया जायेगा। वोट देने वाले लोगों को सिर्फ अपने उंगली में स्याही का निशान और वोटर आइ कार्ड दिखाना होगा। यह ऑफर सिर्फ 25 मई के लिए लागू है । यह जानकारी एक्वा वर्ल्ड के कार्यकारी निदेशक गण सत्य प्रकाश चंदेल और अहसन अली ने दी।

### रांची के जिला जज पहुंचे रिनपास, मरीजों के भोजन और इलाज की ली जानकारी


रांची (आजाद सिपाही)। सिविल कोर्ट के न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय गुरुवार को निरीक्षण के लिए रिनपास पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों की समस्या सुनी और महिला वार्ड की मरीजों से भी मिले। न्यायायुक्त ने मरीजों के कक्ष का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही रिनपास के किचेन में भी गये। वहीं अस्पताल में डॉक्टर और कर्मचारी से इसकी विस्तृत जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कमलेश बहरा और रिनपास की निदेशक डॉक्टर जयति सिमलाई समेत अन्य मौजूद रहे।

### भगवान बुद्ध की तसवीर पर पुष्प अर्पित किया



रांची (आजाद सिपाही)। सीसीएल मुख्यालय में ऑल इंडिया एससी एसटी ओबीसी इंप्लाई कोऑर्डिनेशन काउंसिल के कोल इंडिया अध्यक्ष एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बृज किशोर राम के नेतृत्व में भगवान बुद्ध का बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित काउंसिल की ओर से की गयी। इसमें मुख्य अतिथि महाप्रबंधक एक्सप्रेशन सुबोध कुमार एवं महाप्रबंधक लीगल जुबेर साहब सीसीएल एवं काउंसिल के अधिकारी कार्मिक प्रबंधक एलेन लकड़ा, अभिराज शहर, आशीष कुजूर, अल्टर गुड़िया, मनीष कुजूर, आशीष कुमार ने बुद्ध भगवान के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। कोल इंडिया के अध्यक्ष एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बृज किशोर राम ने कहा कि हमारे भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने इतने पढ़े-लिखे महान पुरुष थे, जिन्हें आज संविधान पूरे विश्व का नंबर वन भारत देश का संविधान रचयिता थे। आज उन महापुरुष भगवान बुद्ध का मैं जितना नमन करूं, वह काम है। इस कार्यक्रम में बिंदेश्वरी राम, रामपाल सिंह, संतोष कुमार, राजेश कुमार, राजू पासवान, शक्ति कुमार, अनिल साहनी, जगन्नाथ साहू, हेमंत कुमारी, धर्मेंद्र कुमार, रूपक कुमार, अशोक कुमार, अभिषेक कुमार उपस्थित थे।

### मेरी राजनीति का आधार ही है सेवाभाव: धर्मेंद्र तिवारी



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष और रांची लोकसभा सीट से प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी ने चुनाव प्रचार के आखिरी दिन बाइक रैली निकाली। कहा कि वह रांची की जनता की सेवा करना चाहते हैं। उनके मन में यहां के बच्चों, नौजवान, बुजुर्गों के लिए कई योजनाएं हैं। अगर जनता ने उन्हें एक मौका दिया, तो वह उन योजनाओं को लागू करेंगे। कहा कि वह जीवन में पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। राजनीति को समझते हैं। उनकी राजनीति सिर्फ और सिर्फ सेवाभाव से जुड़ी हुई है। इसलिए चुनाव मैदान में हैं। रैली शहीद मैदान से निकली और हरमू, रातू रोड, लालपुर, कांटाटोली, चुटिया, नामकुम, डोरंडा, हिनू होते हुए बिरसा चौक पर संपन्न हुई।

## चंद्रप्रकाश चौधरी के समर्थन में आजसू सुप्रीमो ने डुमरी में की पदयात्रा

# मोदी का तीसरी बार पीएम बनना तय: सुदेश

- एक-एक वोट नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेगा
- तुष्टीकरण-विभाजन की राजनीति इंडी गठबंधन की पहचान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची/गिरिडीह।** गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में आजसू उम्मीदवार चंद्र प्रकाश चौधरी को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। यहां इंडी गठबंधन की करारी हार तय है। इस चुनाव को जनता ने देश का चुनाव समझा है और एक-एक वोट नरेंद्र मोदी के समर्थन में जाने वाला है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के समर्थन में आयोजित पदयात्रा के दौरान कहीं। बाइक रैली में भी शामिल हुए।

कहस कि गिरिडीह की जनता 25 मई को फिर से एक बार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए अपना बहुमूल्य मत एनडीए को देगी। पिछले पांच सालों में चंद्र प्रकाश चौधरी ने क्षेत्र में विकास के अनेकों कार्य किये हैं। विकास कार्यों के कारण गिरिडीह जो 2018 में नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार आकांक्षी जिलों की सूची में 108वें पायदान पर था, वह आज तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। पिछली बार से अधिक मतों से जनता चंद्र प्रकाश चौधरी को विजयी बनाकर नरेंद्र मोदी को फिर एक बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का काम करेगी।

सुदेश महतो ने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार जनता के बीच अपनी मौजूदगी का एहसास नहीं करा पायी है। इन्होंने झारखंड की पहचान को बदल दिया है। झारखंड को अपनी कला-संस्कृति, भाषा और स्वर्णिम इतिहास के लिए जाना जाता था लेकिन आज पूरे देश में हमारे राज्य को भ्रष्टाचार से जाना जा रहा है। यह स्थिति हम सभी राज्यवासियों के लिए निराशाजनक।

# मोदी की गारंटी पर देश की जनता को भरोसा: संजय सेठ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को कोकर मंडल, नामकुम के सौदाग और सुनडील में पदयात्रा कर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर सांसद सेठ ने कहा कि देश के लोग प्रधानमंत्री को एक अभिभावक के तौर पर, एक भाई के तौर पर मानने लगे हैं, तभी तो देश को मोदी की गारंटी पर देश की जनता को भरोसा है। विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री ने देश की तस्वीर और तकदीर बदल दी, जो काम 70 सालों में नहीं हो पाया, वह आज 10 वर्षों में मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया है। जब मैं सांसद बना तो सबसे पहले मेरी प्राथमिकता रातू रोड को जाममुक्त करना था। उन्होंने कहा कि लगातार प्रयासरत रहा और आज रातू रोड में 451 करोड़ की लागत से एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। प्रयास रहा है रांची को एक विकसित क्षेत्र के रूप में स्थापित कर सकूं। कई बड़े काम रांची के लिए कर पाया हूं और कई काम रांची के लिए और करना है। सेठ ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि चुनाव के दिन सब काम छोड़कर मतदान अवश्य करें।

# लाइसेंसधारियों का हथियार जमा करने का आदेश सही नहीं: हाइकोर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हाइकोर्ट ने लोकसभा चुनाव में सभी हथियार लाइसेंसधारियों से हथियार जमा करने के आदेश को वैध नहीं माना है। एक मामले की सुनवाई करते हुए हाइकोर्ट ने कहा है कि इस तरह का आदेश कानून की नजर में वैध नहीं ठहराया जा सकता। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने बोकारो जिला के उपायुक्त के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसके तहत उपायुक्त ने सभी लाइसेंसधारी हथियारधारकों को हथियार जमा करने का निर्देश दिया था। साथ ही हथियार जमा नहीं करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही गयी थी। अदालत ने प्रार्थी के हथियार को वापस करने का निर्देश भी उपायुक्त को दिया। हाइकोर्ट ने कहा है कि एक आदेश से भी लाइसेंसधारियों को अपने हथियार जमा करने के चुनाव आयोग का आदेश उचित नहीं। इस तरह के आदेश जारी करने में दिमाग का इस्तेमाल नहीं किया गया है। कोर्ट ने कहा कि उपायुक्त और जिला निर्वाचन पदाधिकारी को हथियार जमा करने के पहले सभी लाइसेंसधारियों की स्क्रूटनी करनी चाहिए। स्क्रूटनी में यदि यह पता चले कि लाइसेंस लेने वाले का आपराधिक रिकॉर्ड है और वह चुनाव में बाधा पहुंचा सकता है तो वैसे लोगों से ही हथियार जमा कराया जाना चाहिए। यदि लाइसेंसधारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में कानून-व्यवस्था के लिए खतरा पैदा नहीं कर सकते हैं, तो उन्हें जमा करने का निर्देश देना आवश्यक नहीं है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** गृह-भूमि-कृषि कार्यों में प्रगति होगी। नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना।

**वृष** कुछ ऐसी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा, जो काफी दिनों से लंबित रहे।

**मिथुन** आजीविका के क्षेत्र में सफलता। कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर।

**कर्क** सुख-सौहार्द की वृद्धि। परिवार में मांगलिक कार्य का सम्पादन। परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता।

**सिंह** वाहन-मकान या भूमि के सौदे अभी स्थगित करें। सभी काम देर-सबेर पूरा होगा।

**कन्या** प्रेमप्रसंगों में उलझन होगा। नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद। विरोधियों से परेशानी।

**तुला** जमीन-मकान संबंधी महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे। नौकरी-पेशावाले जातकों की सेवा शर्तों में सुधार।

**वृश्चिक** प्रभावशाली पद प्राप्त होगा। लाभदायक प्रेरक प्रसंगों की अभिवृद्धि होगी।

**धनु** उत्साहित रहेंगे। अपने श्रेष्ठत्व बोध करा पाने में सफल होंगे। विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास।

**मकर** हर्षदायक समाचार मिलेंगे। छात्रों के लिए समय ठीक रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**कुंभ** पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**मीन** सरकारी तथा न्यायालयीय कार्यों में कठिनाई। नौकरी में उन्नति होने की संभावना।

### फूड सेफ्टी अफसर परीक्षा के लिए जेपीएससी ने जारी किया एडमिट कार्ड

रांची (आजाद सिपाही)। जेपीएससी की ओर से फूड सेफ्टी अफसर की परीक्षा 27 मई से होनी है। इसे लेकर जेपीएससी ने एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। परीक्षा के लिए करीब 3000 उम्मीदवारों ने आवेदन पत्र भरे हैं, जिसे लेकर रांची में 17 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। परीक्षा में शिरकत करने वाले कैंडिडेट आयोग की वेबसाइट से अपना रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ जन्मतिथि दर्ज कर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

# इडी की रिमांड में आलमगीर आलम का बीपी-शुगर बढ़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय की रिमांड में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम का शुगर और बीपी लेवल बढ़ गया है। गुरुवार को डॉक्टरों ने उनका चेकअप किया। इसके बाद सदर अस्पताल के डॉक्टर सत्येंद्र ने इडी के एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के बाहर बताया कि मंत्री आलमगीर आलम का बीपी और शुगर लेवल बढ़ा हुआ मिला है। वहीं नींद नहीं आने की वजह से उनका स्ट्रेस का लेवल भी बढ़ा हुआ पाया गया है। मेडिकल चेकअप के बाद आवश्यक दवाइयां आलमगीर आलम को उपलब्ध करवायी गयी हैं। मंत्री आलमगीर आलम को स्लीप एनीमिया नाम की बीमारी है। इस बीमारी के दौरान सोते समय कभी-कभी सांस रुक जाती है और फिर शुरू हो जाती है। इस बीमारी में मरीज पर्याप्त रूप से ऑक्सीजन नहीं ले पाता है। इसके लिए आलमगीर आलम को जरूरी मेडिकल उपकरण उपलब्ध करवाये गये हैं। डॉ सत्येंद्र ने बताया कि नींद नहीं आने की वजह से ही बीपी और शुगर लेवल बढ़ा हुआ है। फिलहाल आलमगीर आलम इडी की रिमांड पर हैं। गिरफ्तारी के बाद उनसे लगातार टेंडर घोटाला मामले में पूछताछ की जा रही है। इडी ने टेंडर घोटाला मामले में दो दिनों की पूछताछ के बाद 15 मई की देर शाम आलमगीर आलम को पूछताछ के दौरान ही गिरफ्तार कर लिया था।

## आर्किटेक्ट विनोद सिंह की अग्रिम जमानत पर सुनवाई छह जून को

रांची (आजाद सिपाही)। बड़गाई की 8.5 एकड़ जमीन कब्जा मामले में आर्किटेक्ट विनोद सिंह की अग्रिम जमानत याचिका पर पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई 6 जून को होगी। विनोद सिंह ने अपने वकील के माध्यम से रांची पीएमएलए की विशेष अदालत में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की है। मामले में विनोद सिंह का नाम तब आया है, जब इडी से पूछताछ के दौरान उनके मोबाइल से हेमंत सोरेन के साथ व्हाट्सएप चैट में अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग में सिफारिश की सूची और बड़गाई की विवादित जमीन पर मैरिज हॉल बनाने के संबंध में डिजाइन मिली थी। इडी ने भूमि घोटाले मामले में अभियोजन शिकायत दायर की थी, जिस पर कोर्ट ने संज्ञान लिया। इसके बाद से विनोद पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। दरअसल, 30 मार्च को इडी के अधिकारियों ने रांची की विशेष अदालत में पीएमएलए के तहत अभियोजन शिकायत दायर की थी।

## रबींद्र नाथ महतो के निर्वाचन मामले में डीसी ने सीलबंद दस्तावेज कोर्ट को सौंपे

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट में विधानसभा अध्यक्ष सह नाला विधायक रबींद्र नाथ महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली संतोष हेंब्रम की चुनाव याचिका में जामताड़ा उपायुक्त कुमुद सहाय ने उपस्थित होकर चुनाव संबंधित सीलबंद दस्तावेज कोर्ट को सौंपे। उन्होंने कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगते हुए आगे ऐसी गलती नहीं होने की बात कही, जिस पर कोर्ट ने उन्हें अगली सुनवाई में उपस्थित होने से छूट प्रदान की। अब मामले की अगली सुनवाई हाइकोर्ट में 12 जून को होगी। इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से तीन लोगों की गवाही पूरी हो चुकी है। वहीं प्रतिवादी रबींद्र नाथ महतो सहित उनकी ओर से 11 अन्य गवाहों की भी गवाही पूरी हो चुकी है। हालांकि प्रतिवादी महतो ने चार अन्य सरकारी कर्मियों की गवाही कराने को लेकर कोर्ट में आवेदन दिया है, जिस पर अब तक सुनवाई लंबित है।

## मारवाड़ी महिला सम्मेलन का समर कैंप



रांची (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी महिला सम्मेलन रांची शाखा की ओर से आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क समर कैंप का गुरुवार को समापन हो गया। शिवनारायण मारवाड़ी कन्या पाठशाला में चले इस कैंप से सैकड़ों बच्चे लाभान्वित हुए। कैंप के आखिरी और तीसरे दिन 85 छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान डॉ अर्चना अग्रवाल के द्वारा लड़कियों को स्वास्थ्य संबंधी जरूरी बातों का ध्यान रखने संबंधी जानकारी दी गयी। सम्मेलन की मीडिया प्रभारी रीना सुरेखा ने बताया कि कैंप में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा मिले प्रशिक्षण से लड़कियां लाभान्वित हुईं। प्रभाकर अग्रवाल और रूपा अग्रवाल, अलका सरावगी, गीता डालमिया, मधु सर्राफ, उर्मिला पाड़िया, शशि डागा, नैना मोर, लक्ष्मी पाटोदिया समेत अन्य उपस्थित थे।

## कोर्फबॉल कोर्ट का किया गया उद्घाटन

रांची (आजाद सिपाही)। कचहरी रोड रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर में कोर्फबॉल कोर्ट का उद्घाटन गुरुवार को हुआ। समाजसेवी रिंकू वर्मा ने कोर्ट का उद्घाटन किया। वुडबॉल के गोविंद झा, झारखंड राज्य कोर्फबॉल संघ के महासचिव ब्रजेश गुप्ता, दीपक वर्मा, अंश वर्मा, पंकज जोसेफ, रेशमा टोप्पो, प्रिया पलक, विनीत कुजूर समेत अन्य उपस्थित थे। खेल परिसर में प्रतिदिन सुबह 6 बजे से और शाम 4 बजे तक कोर्फबॉल खेल का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय पहुंचे जमशेदपुर, कहा

# प्रचंड बहुमत से जीत रही है भाजपा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जमशेदपुर पहुंचे, जहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि झारखंड समेत देश भर मे भाजपा को प्रचंड बहुमत मिल रहा है। झारखंड में सभी सीटें एनडीए गठबंधन के झोली मे जायेगी। वहीं छत्तीसगढ़ की पूरी सीटें भी भाजपा की झोली में जायेगी। कहा कि छत्तीसगढ़ और झारखंड में नक्सल को खत्म करना भी भाजपा सरकार की देन है, लेकिन झारखंड के वर्तमान में सरकार की नीतियों के कारण फिर से नक्सलवाद पनप रहा है। उन्होंने हेमंत सोरेन पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जिस राज्य का मुख्यमंत्री ही भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में है, तो इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है। वहीं भाजपा पर जात-पात की राजनीती के सवाल पर उन्होंने कहा कि वे खुद आदिवासी समुदाय से हैं और आदिवासी से बड़ा हिंदू कोई नहीं होता है। इसलिए ये कोई मुद्दा ही नहीं है। साथ ही कहा की इंडी गठबंधन के झूठ को जनता समझ गयी है और इस कारण ये गठबंधन फ्लॉप है।

**विकास के लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी :** श्री साय ने कहा कि राज्य में डबल इंजन की सरकार नहीं होने के कारण यहां के लोगों को केंद्र की सभी योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। इंडी गठबंधन की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। राजनीतिक अस्थिरता की वजह से राज्य का विकास अवरुद्ध है। मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा, नंदजी प्रसाद, अनिल मोदी, प्रेम झा उपस्थित थे।

## अखंड सौभाग्य का प्रतीक वट सावित्री व्रत छह जून को

रांची (आजाद सिपाही)।अखंड सौभाग्य का प्रतीक वट सावित्री व्रत 6 जून को है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखती हैं। इस व्रत को रखने से परिवार के लोगों को सौभाग्य आशीर्वाद मिलता है और वैवाहिक जीवन में खुशियां आती हैं। पंडित रामदेव पांडेय ने बताया कि वट सावित्री व्रत ज्येष्ठ मास की अमावस्या पर रखा जाता है। पंचांग के अनुसार अमावस्या तिथि की शुरुआत 5 जून की शाम को 5. 54 बजे पर हो रही है। इसका समापन 6 जून शाम छह बज कर सात मिनट पर होगा। उदया तिथि को देखते हुए इस साल वट सावित्री व्रत 6 जून को रखा जायेगा। मान्यता है कि वट सावित्री व्रत के दिन विधिवत पूजन करने से महिलाओं को अखंड सौभाग्य का वरदान प्राप्त होता है।

# राम विरोधी को जनता सबक सिखायेगी: प्रतुल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने गुरुवार को कांग्रेस पर पलटवार किया। कांग्रेस के प्रवक्ता ने यह स्पष्ट क्यों नहीं किया कि 2007 में उनकी यूपीए सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट कर रामलला को काल्पनिक पात्र और रामायण को काल्पनिक ग्रंथ क्यों बताया था। उसके बाद राम मंदिर के उद्घाटन समारोह का भी उन्होंने बहिष्कार किया था। ये राम विरोधी लोग हैं और जनता इन रामद्रोहियों को सबक सिखायेगी। कहा कि इडी ने हेमंत सोरेन की जमानत के मुद्दे पर जो पिटीशन सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है, उससे बहुत चौंकाने वाले तथ्य सामने आये हैं। ऐसा लगता है कि झारखंड में समय थम सा गया है। मुगल विदा हो गये, लेकिन यहां मुगलिया सल्तनत अभी भी जारी है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि जिस आदिवासी-मूलवासी को इन्होंने सत्ता में भागीदारी का वादा किया था, उसी की गाढ़ी कमाई को पूर्ववर्ती सरकार डकार गयी। मौजूदा सरकार में भी इस कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। इडी की पिटीशन के प्वाइंट 54 में इस पूरे प्रकरण का जिक्र है, जिसका डिजिटल एविडेंस भी उपलब्ध है। कहा कि इडी ने सुप्रीम कोर्ट में हेमंत सोरेन के मामले में दिये पिटीशन के प्वाइंट 51 में स्पष्ट उल्लेख किया है कि सिर्फ ग्रामीण विकास विभाग के टेंडर में कमीशन का 3000 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ। इसके तार सीधे तौर पर आलमगीर आलम से जुड़े हैं। इन सब बातों पर झामुमो और कांग्रेस खामोश है।

# पुणे में लापरवाही की इंतिहा हो गयी

देश की सांस्कृतिक राजधानी कहलाने वाले शहर पुणे में पिछले दिनों एक लग्जरी कार से हुई सड़क दुर्घटना का जो मामला सामने आया, वह हमारे शहरी जीवन और व्यवस्था से जुड़ी दुर्भाग्यपूर्ण विसंगतियां उजागर करता है। गनीमत है कि मीडिया में हुए शोरगुल के बाद ही सही, केस को पटरी पर लाने के प्रयास शुरू हो गए हैं। मामले से जुड़ी शुरुआती सूचनाएं इस बात की ओर ध्यान खींचती हैं कि कैसे हमारे समाज का एक तबका नियम-कानून को अपनी जेब में लिए चलता है। मामले का मुख्य आरोपी एक नाबालिग है, जो पुणे के एक जाने-माने बिल्डर का बेटा है। अमीर पिता ने यह महंगी गाड़ी अपने नाबालिग बेटे के हवाले कर दी थी। इस साल मार्च में खरीदी गयी इस गाड़ी पर लाइसेंस नंबर तक नहीं था, क्योंकि रोड टैक्स के 44 लाख रुपये नहीं दिये गये थे। गाड़ी चला रहे नाबालिग लड़के के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था। यही नहीं, मिली सूचनाओं के मुताबिक दुर्घटना से पहले यह लड़का एक नहीं, दो अलग-अलग बार में जाकर शराब पीता है। ध्यान रहे कि महाराष्ट्र में शराब पीने की न्यूनतम उम्र 25 साल है, लेकिन बार में कोई भी यह पता करने की जरूरत नहीं समझता कि शराब मांगते इस लड़के की उम्र शराब पीने की हुई है या नहीं।

**बड़ा सवाल यह है कि क्या वाकई हमारे सरकारी तंत्र का निचला हिस्सा लुंजपुंज और अप्रभावी होता जा रहा है। आखिर कैसे समाज का एक प्रभावशाली और ताकतवर हिस्सा उससे इस कदर बेपरवाह हो सकता है कि नियम-कानूनों की न्यूनतम चिंता करना भी उसे गैरजरूरी लगने लगे।**

खास बात यह कि शराब पीकर गाड़ी चलाने और दुर्घटना में दो लोगों की मौत से जुड़े इस मामले में आरोपी को जमानत मिलने में भी कोई दिक्कत नहीं हुई। पुलिस ने जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के सामने आवेदन दिया था कि उसे इस मामले में आरोपी के साथ वयस्क की तरह व्यवहार करने की इजाजत दी जाये, लेकिन इस आवेदन को अलग रख कर बोर्ड ने आरोपी को जमानत दे दी। उसे हादसे पर एक निबंध लिखने और 15 दिनों तक यातायात पुलिस की मदद करने को कहा गया। स्वाभाविक ही इस पूरे घटनाक्रम के सामने आने के बाद इस पर कड़ी प्रतिक्रियाएं आने लगीं। इन्हें संज्ञान में लेते हुए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने भी माना कि बोर्ड का रुख घटना की गंभीरता के अनुरूप नहीं है। पुलिस ने इस मामले में ऊपरी अदालत का रुख किया है। इस बीच बिल्डर पिता समेत कई और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बात सिर्फ कुछ गिरफ्तारियों की नहीं है। बड़ा सवाल यह है कि क्या वाकई हमारे सरकारी तंत्र का निचला हिस्सा लुंजपुंज और अप्रभावी होता जा रहा है। आखिर कैसे समाज का एक प्रभावशाली और ताकतवर हिस्सा उससे इस कदर बेपरवाह हो सकता है कि नियम-कानूनों की न्यूनतम चिंता करना भी उसे गैरजरूरी लगने लगे। इस मामले में सभी दोषियों के खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई सुनिश्चित करना जितना जरूरी है उतना ही अहम है यह संदेश देना कि कानून सभी देशवासियों के लिए समान हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा है कि ऐसी कोई नीति नहीं है। फिर भी, अमेरिकी बाइडेन प्रशासन के साथ-साथ कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया उन दावों पर जवाबदेही की मांग कर रहे हैं कि नयी दिल्ली पश्चिमी राज्यों में रहने वाले भारतीय असंतुष्टों की जासूसी, उत्पीड़न और हत्या के अंतरराष्ट्रीय दमन में संलग्न है। आरोपों ने राजनीतिक संबंधों को गंभीर रूप से कलंकित कर दिया है।**

# क्या अमेरिका प्रवासी असंतुष्टों की हत्या को लेकर भारत को ब्लैकमेल कर रहा?

**फिनियन कनिंघम**



संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों ने भारत पर प्रवासी असंतुष्टों को निशाना बना कर हत्या की नीति चलाने का आरोप लगाने के लिए एक मीडिया अभियान तेज कर दिया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा है कि ऐसी कोई नीति नहीं है। फिर भी, अमेरिकी बाइडेन प्रशासन के साथ-साथ कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया उन दावों पर जवाबदेही की मांग कर रहे हैं कि नयी दिल्ली पश्चिमी राज्यों में रहने वाले भारतीय असंतुष्टों की जासूसी, उत्पीड़न और हत्या के अंतरराष्ट्रीय दमन में संलग्न है। आरोपों ने राजनीतिक संबंधों को गंभीर रूप से कलंकित कर दिया है। सबसे बड़ा झगड़ालु उदाहरण कनाडा है। पिछले साल कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा सार्वजनिक रूप से भारतीय स्टेट एजेंटों पर एक भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाने के बाद नयी दिल्ली ने दर्जनों कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था। इस महीने रिश्ते तब और तनावपूर्ण हो गये जब वाशिंगटन पोस्ट ने एक लंबा लेख प्रकाशित किया, जिसमें दावा किया गया कि भारतीय सुरक्षा सेवाएं अमेरिकी और कनाडाई नागरिकों की हत्याएं आयोजित कर रही थीं। पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी के अंदरुनी घेरे में उच्च स्तरीय भारतीय खुफिया प्रमुखों का नाम दिया गया है। निहितार्थ यह है कि राजनीतिक हत्याओं की नीति को भारत सरकार के शीर्ष स्तर पर मंजूरी दी गयी है।

**संयुक्त राज्य अमेरिका ने चीन का मुकाबला करने के लिए एशिया-प्रशांत में एक भागीदार के रूप में भारत का समर्थन किया है।**

कथित हत्या कार्यक्रम का लक्ष्य सिख प्रवासी समुदाय के सदस्य हैं। अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन में सिखों की बड़ी प्रवासी आबादी है। हाल के वर्षों में, सिखों के बीच अपनी मातृभूमि पंजाब को भारत से अलग करने के लिए नये सिरे से अभियान चलाया गया है। नयी दिल्ली सरकार खालिस्तान नामक एक नये राज्य के अलगाववादियों के आह्वान को भारतीय क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा मानती है। मोदी सरकार ने सिख अलगाववादियों को आतंकवादी करार दिया है। भारतीय अधिकारियों ने दशकों से उत्तरी भारत के पंजाब क्षेत्र में राजनीतिक हत्या सहित सिखों का दमन किया है। कई सिख सुरक्षा के लिए और एक अलग राष्ट्र के लिए अपना आंदोलन जारी रखने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों में भाग गये। मोदी सरकार ने पश्चिमी राज्यों पर सिख आतंकवादियों को बढ़ावा देने और भारतीय संप्रभुता को कमजोर करने का आरोप लगाया है।

पिछले जून में, वैंकूवर के एक उपनगर में एक प्रमुख सिख नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी, जो एक पेशेवर हिट-शैली की घटना प्रतीत होती थी। हरदीप सिंह निज्जर की एक धार्मिक स्थल के बाहर 3 हमलावरों ने हत्या कर दी थी। भारतीय स्टेट मीडिया ने उसे आतंकवादी बताया, लेकिन निज्जर के परिवार ने आतंकवाद में उसकी किसी भी संलिप्तता से इंकार किया। उनका दावा है कि उन्हें सिर्फ इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि उन्होंने पंजाबी अलगाववाद को बढ़ावा दिया था।

वहीं, द पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारियों ने एक जाने-माने अमरीकी-सिख नागरिक के खिलाफ हत्या की साजिश को नाकाम कर दिया, जो कनाडाई पीड़ित का सहयोगी था। दोनों व्यक्ति उत्तरी भारत के पंजाब क्षेत्र में खालिस्तान के एक नये स्वतंत्र देश की स्थापना के लिए उत्तरी अमेरिका में सिख प्रवासियों के बीच एक अनौपचारिक जनमत संग्रह कराने के प्रयासों का समन्वय कर रहे थे। द पोस्ट लेख में सिख नेताओं के खिलाफ हत्या की साजिश रचने के लिए भारत की राज्य जासूसी एजेंसी, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के एक अधिकारी विक्रम यादव का नाम लिया गया है। पोस्ट का दावा है कि अमेरिका और पूर्व भारतीय खुफिया अधिकारियों के साक्षात्कार इस बात की पुष्टि करते हैं कि हत्याएं मोदी के अंदरुनी घेरे की मंजूरी के बिना नहीं की जा सकती थीं।

एक विचित्र संयोग यह है कि कनाडाई सिख नेता की हत्या और अमरीकी सहयोगी की हत्या के प्रयास के कुछ ही दिनों के भीतर, अमरीकी राष्ट्रपति बाइडेन व्हाइट हाऊस में एक भव्य राजकीय स्वागत समारोह में नरेंद्र मोदी की मेजबानी कर रहे थे। पिछले साल की गर्मियों के बाद से बाइडेन प्रशासन ने आरोपों की जांच के लिए मोदी सरकार पर बार-बार दबाव डाला है। राष्ट्रपति बाइडेन ने कथित हत्या नीति के बारे में व्यक्तिगत रूप से मोदी से संपर्क किया है। साथ ही उनके वरिष्ठ अधिकारियों जिनमें व्हाइट हाऊस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन, राज्य सचिव एंटनी ब्लिंकन और सीआइए निदेशक विलियम बर्न्स शामिल हैं। नयी दिल्ली द्वारा ऐसी नीति से इंकार करने के बावजूद, मोदी सरकार ने आंतरिक जांच करने के अमरीकी अनुरोधों को स्वीकार कर लिया है, जो कि उसके एजेंटों की कुछ संलिप्तता की मौन स्वीकृति का सुझाव देता है, लेकिन यहीं पर एक विसंगति एक गुप्त एजेंडे का संकेत देती है। यहां तक कि अमेरिकी मीडिया ने भी इस पर टिप्पणी की है कि गंभीर आरोपों को लेकर बाइडेन प्रशासन भारत के प्रति कितना उदार रहा है। यह समझ से परे है कि यदि मास्को और बीजिंग को अमेरिकी धरती पर असंतुष्टों की हत्या में फंसाया गया, तो वाशिंगटन अपने क्षेत्र में रूसी या चीनी एजेंटों और राजनयिकों की उपस्थिति को बर्दाश्त नहीं करेगा। सीआइए निदेशक विलियम जे बंर्स और अन्य को मोदी सरकार में अधिकारियों का सामना करने और जवाबदेही की मांग करने के लिए तैनात किया गया है, लेकिन संयुक्त राज्य अमरीका ने अब तक कोई निष्कासन, प्रतिबंध या अन्य दंड नहीं लगाया है। ऐसा प्रतीत होता है कि जो चल रहा है, वह संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों द्वारा दबाव का एक सुविचारित रूप है। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी में सिखों के खिलाफ कॉन्ट्रैक्ट किलिंग और अंतरराष्ट्रीय दमन के आरोपों का उद्देश्य भारत सरकार को और अधिक शर्मनाक मीडिया खुलासों और पश्चिमी प्रतिबंधों से डराना है। अमेरिकी विदेश विभाग और कांग्रेस दोनों ने हाल ही में मोदी सरकार द्वारा मानवाधिकारों के उल्लंघन के दावों को उजागर किया है और राजनीतिक प्रतिबंधों का आह्वान किया है। ऐसा कहा जा सकता है कि उद्देश्य, वाशिंगटन और उसके पश्चिमी सहयोगियों के लिए भारत पर चीन और रूस के प्रति शत्रुता की भू-राजनीतिक रेखा पर चलने के लिए दबाव डालना है। बाइडेन प्रशासन के दौरान, संयुक्त राज्य अमेरिका ने चीन का मुकाबला करने के लिए एशिया-प्रशांत में एक भागीदार के रूप में भारत का समर्थन किया है। जापान और ऑस्ट्रेलिया सहित अमेरिका के नेतृत्व वाले क्वाड के सदस्य के रूप में भारत का स्वागत किया गया है।

वाशिंगटन और उसके सहयोगियों के लिए एक और प्रमुख भू-राजनीतिक पुरस्कार भारत और रूस के बीच दरार पैदा करना है। दरअसल, भारत ने रूसी कच्चे तेल की खरीद बढ़ा दी है और यूक्रेन संघर्ष से पहले की तुलना में रिकॉर्ड तेल अधिक मात्रा में आयात कर रहा है। इसके अलावा, भारत ब्रिक्स मंच का एक प्रमुख सदस्य है और एक उभरती बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का समर्थक है, जो अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिमी आधिपत्य को कमजोर करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके पश्चिमी सहयोगियों के दृष्टिकोण से, भारत एक आकर्षक रणनीतिक संभावना का प्रतिनिधित्व करता है। दोनों भू-राजनीतिक खेमों में पैठ बना कर, नयी दिल्ली पश्चिम द्वारा चीन-रूस-ब्रिक्स धुरी को कमजोर करने की कोशिश में है। यह अनुमान लगाया जा सकता है कि पश्चिमी शक्तियां चीन और रूस के प्रति अधिक शत्रुता बढ़ाने के अनुरूप भारत के खिलाफ मीडिया अभियान को बढ़ायेंगी।

## जमशेदपुर की खबरें

### चाइबासा में अमित मुंडा दस्ते के साथ पुलिस की मुठभेड़

# एरिया कमांडर बुधराम मुंडा ढेर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चाइबासा।** सरायकेला, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम की सीमा पर गुरुवार को अचानक नक्सली और सुरक्षा बलों के बीच 10 लाख के इनामी अमित मुंडा दस्ते से मुठभेड़ हो गयी। इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने एक नक्सली को मार गिराया। खूंटी-चाइबासा सीमा पर स्थित कराइकेला थाना क्षेत्र के बलियाडीह में मुठभेड़ में मारे गये नक्सली की पहचान एरिया कमांडर बुधराम मुंडा के रूप में की गयी है। ट्राइ जंक्शन इलाके में खूंटी और चाइबासा पुलिस के साथ सुरक्षा बल सर्च पर निकले थे। इसी क्रम में अमित मुंडा दस्ता के नक्सली ने फायरिंग कर दी। जबाबी कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने फायरिंग की, जिसमें एक नक्सली को मार गिराया। बताया जा रहा है कि कुछ अन्य नक्सलियों को भी गोली लगी है। सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादियों के टॉप नक्सली जुटने वाले हैं। सूचना के बाद सीआरपीएफ के 209 कोबरा और पश्चिमी सिंहभूम के सीआरपीएफ की 60 बटालियन के जवान सहित झारखंड पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। इसी दौरान खूंटी जिले के अड़की और पश्चिमी सिंहभूम जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच गुरुवार की दोपहर भीषण मुठभेड़ शुरू हो गयी। दोनों तरफ से गोलीबारी के बीच एक नक्सली मारा गया, जबकि कई नक्सलियों के घायल होने की सूचना है। इस संबंध में पश्चिमी सिंहभूम जिला के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। अभी सर्च किया जा रहा है। हालांकि जंगल का फायदा उठा कर नक्सली भाग गये।

## प्रचार के अंतिम दिन भाजपा ने निकली बाइक रैली

**घातशीला (आजाद सिपाही)। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी घाटशिला मंडल अध्यक्ष राहुल पांडे के नेतृत्व में बाइक रैली के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया यह जनसंपर्क अभियान मऊभंडार से टूमानडूंगरी से मौभांडार, दाहोगोरा, लालडिह, घातशीला मुख्य सडक, कशिदा होते हुए राजस्टेट मे खतम किया. भाजपाइयों ने घातशीला के वोटरों से कमल फूल पर बटन दबाकर पार्टी उम्मीदवार विद्युत महतो को भारी से भारी मतो पर जमशेदपुर के लोकप्रिय सांसद विद्युत बरन महतो जी को विजय बनाएं । मौके पर काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी मंडल में रहने वाले जिला के पदाधिकारी मोर्चा के पदाधिकारी मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता गण काफी संख्या में उपस्थित थे।**

# मोदी जी ही आयेंगे और राष्ट्र को परम वैभव के शिखर पर ले जायेंगे : काले

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार अमरप्रीत सिंह काले जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। इस दौरान काले ने जमशेदपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार प्रसार को गति प्रदान कर घर-घर जाकर जनता से संवाद स्थापित कर जन-जन तक प्रधानमंत्री मोदी की बातों को और प्रधानमंत्री मोदी के अच्छे कामों को पहुंचा रहे हैं और जनता से अपील करते हुए कहा कि एक बार फिर जमशेदपुर की जनता विद्युतवरण महतो को वोट देकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करें, ताकि भारत के साथ जमशेदपुर शहर भी समृद्ध और शक्तिशाली बने। जन-जन से जमशेदपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को वोट करने की अपील की। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान अखिलेश पांडेएय,संदीप कुमार सिंह, पप्पू राव, जुगुन पांडेय, बिभाष मजुमदार, प्रिंस सिंह, दीपक सिंह, विक्रम ठाकुर, मनीष सिंह, सरबजीत सिंह टोबी समेत अन्य मौजूद थे।

# राजा पीटर ने विद्युत वरण महतो के समर्थन में मांगा वोट

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बिरसा सेवा समिति के संरक्षक सह पूर्व मंत्री राजा पीटर ने भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के समर्थन में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के दौरान पूर्व मंत्री राजा फिटर ने भिलाईपहाड़ी,मानगो, भुइयांडीह सिदगोड़ा, बागुन नगर, बाडीडीह बस्ती और बाजार, बिरसानगर, टेल्को, बमार्माइंस में जनता से मुलाकात कर 2 नंबर बटम दबाकर कमल का फूल में मतदान कर विद्युत वरण महतो को भारी से भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। वही शहर के अलग-अलग क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के दौरान डोर टू डोर कैम्पेन कर भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो की जीत सुनिश्चित बताया। मौके पर जनता का अपार समर्थन मिला। अभियान के दौरान राजा फिटर ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल की कार्यकाल में भारत देश पूरे विश्व भर में एक अलग पहचान बना चुकी है। देश हित को देखते हुए जमशेदपुर की जनता भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को जिताने का मन बना ली है। उन्होंने कहा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी एक सुलझे हुए राज नेता है। उनके आशिर्वाद से भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के समर्थन में प्रचार प्रसार कर जनता से कमल फूल पर 2 नंबर बटम दबाकर भाजपा को जिताने की अपील कर रहे है। श्री पीटर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने 10 साल की कार्यकाल में जितने भी काम किये है वह जनहित का काम रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत में देश का सर्वांगीण विकास हुआ है। जिसे देख कर इंडिया गठबंधन घबरा गई है। उन्होंने कहा कि झांरखण्ड में विपक्षी पार्टी लोकसभा चुनाव में लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है, लेकिन जनता सब समझ रही है। राजा फिटर ने कहा इस बार लोकसभा चुनाव में पूर्वी सिंहभूम की जनता भाजपा प्रत्याशी विद्युत महतो को भारी मतों से जीता कर दिल्ली भेजने का काम करेगी। मौके पर बंटी गुप्ता, सतनारायण मुंडा, दीपक सहदेव, अमित गांगुली, सोमनाथ मुखर्जी, मिलन चटर्जी, राजा कर्मकार, परमेश्वर सेट, डाक्टर पवन पांडेय, तनवीर खान, तापस प्रमाणिक, अभिषेक गुप्ता, बलबीर सिंह, बिल्ले, गौरव गांगुली, लोकेश गांगुली, अनिकेत गुप्ता, दीपक माझी, दीपक गुप्ता सहित अन्य शामिल रहे।

# सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स ने सभी से की मतदान की अपील: विजय आनंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने जमशेदपुर के व्यवसायियों,उद्यमियों के साथ शहर के आम जनता से शनिवार यानी 25 मई को प्रातः 7.00 बजे से संध्या 5.00 बजे तक लोकतंत्र के महापर्व का उत्सव मनाते हुये मतदान करने के लिए अपील की।मौके पर चेंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका ने कहा कि मतदान का यह अधिकार और कर्तव्य इस देश की दिशा और दशा तय करती है। इसके लिये अपने मतदान का उपयोग अवश्य करें। श्री मुनका ने कहा कि अभी का मौसम है, लोग अपने परिवार के सदस्यों के साथ प्रातः कालीन ही अपने मतदान केंद्र जाकर मतदान करें। मतदान के पश्चात अपने ग्रुप और सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करें। इससे दूसरे लोग भी मतदान के लिये प्रेरित होंगे। वही व्यवसायी,उद्यमी इसके लिये अपने कर्मचारियों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा जमशेदपुर के अधिकांश व्यापारियों ने चुनाव में वोटिंग के निशान दिखाने पर विशेष छूट और आकर्षक ईनाम की घोषणा की है लोग इसका लाभ उठायें। उन्होंने कहा पांच वर्ष के बाद के राष्ट्रीय पर्व के दिन वोट अवश्य करें। अध्यक्ष ने व्यापारी उद्यमियों से अपील की वे वोटिंग के दिन छुट्टी मनाने या आवश्यक कार्य से बाहर न जायें। बल्कि अपना बहुमूल्य वोट करें और पूरे झारखण्ड में जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा मत प्रतिशत का रिकॉर्ड बनायें। मानद महासचिव मानव केडिया ने कहा स्वयं भी पहले मतदान फिर जलपान का अनुसरण करते हुये 25 मई की शुरूआत करे। साथ ही दूसरों को भी प्रेरित करें। ताकि ज्यादा से ज्यादा मतदान हो सके और एक स्वच्छ और विकास की सोच रखने वाला प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित हो सके। जिन्होंने हमारी आवाज बनकर देश के संसद भवन तक पहुंचे। मौके पर सिंहभूम चैम्बर के उपाध्यक्ष अनिल मोदी, अधिवक्ता राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सचिव भरत मकानी, अंशुल रिंगसिया, बिनोद शर्मा, सुरेश शर्मा लिपु एवं कोषाध्यक्ष सीए अनिल रिंगसिया ने व्यवसायी, उद्यमियों से आग्रह किया वे इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित अवश्य करें। एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभायें।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 24 मई, 2024
www.azadsipahi.in



# वन विभाग से बन रहे छलका निर्माण कार्य में कर्मियों की मनमानी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव के सूर्य नारायण वन में वन विभाग के के द्वारा लगभग 8.5 लाख रुपए की लागत से छलका निर्माण कराया जा रहा है। इसमें घोर अनियमितता बरती जा रही है। छलका निर्माण कार्य में अवैध बालू, निम्न क्वालिटी का भांगर सीमेंट और अवैध पत्थर का प्रयोग किया जा रहा है। जंगल से अवैध पत्थर का उत्खनन कर छलका निर्माण कार्य में लगाया जा रहा है। जबकि रॉयल्टी देकर पत्थर चुनकर कार्य किये जाने का प्रावधान है। लेकिन विभाग के अधिकारियों के मिली भगत से उत्खनन कर यह निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके अलावे रात भर पत्थर का उत्खनन कर विभिन्न क्षेत्रों में उच्ची कीमतों में बिक्री की जा रही है। लेकिन वन विभाग मूकदर्शक बनी हुई है। विभाग में कार्य कर रहे मजदूरों ने बताया कि हमलोगों को कम मजदूरी पर कार्य कराया जा रहा है। बासमती कुंवर ने बताया कि अपने रैयती खेत से पत्थर चुन-चुन कर अपना घर बनाने के लिए छड़ी तोड़ा था। परंतु विभाग के द्वारा डरा धमका कर बहुत कम रुपए देकर छड़ी उठा लिया गया।

इस संबंध में रेंजर प्रमोद कुमार से दूरभाष पर संपर्क किया गया, तो उन्होंने स्टेटमेंट देने से इंकार किया।


# पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को नक्सलियों ने फोन से दी धमकी

## मैं जेजेएमपी का जोनल कमांडर बोल रहा हूं, मेरा नाम पप्पू जी है....

**मेरे विरोधी साजिश कर मेरी हत्या करना चाहते हैं : सत्येंद्रनाथ तिवारी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी को नक्सलियों ने धमकी दी है। इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस अधीक्षक से करते हुए थाने में प्राथमिकी भी दर्ज करवाई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व विधायक श्री तिवारी ने बताया कि 23 मई 2024 दिन गुरुवार को 11:32 पर उनके मोबाइल नंबर 6207671810 पर अनजान नंबर से मिस कॉल आया। सार्वजनिक जीवन में रहने के कारण उस मिस कॉल नंबर 7295057625 पर उन्होंने अपने



नंबर 6207671810 से कॉल किया। जवाब में उन्होंने काफी सख्त लहजे में कहा कि मैं जेजेएमपी का जोनल कमांडर हूं, मेरा नाम पप्पू है। आप हमें नहीं जानते हैं क्या? वह व्यक्ति आगे कुछ और बोलना चाहता था, तब तक पूर्व विधायक अपने मोबाइल से जवाब दिया, मैं आपको बिल्कुल नहीं जानता हूं। यह कह कर उन्होंने अपना फोन कट कर दिया। पूर्व विधायक ने कहा कि उनका अनुमान है, वे पूरे दावे के साथ तो नहीं कह सकते, पर गरीब गुरबा की लड़ाई लड़ने की वजह से कई सामंती ताकते और अपराधी प्रवृत्ति के लोग उनके विरोधी हैं, जो साजिश कर मेरी हत्या करना चाहते होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के गीदड़ भभकी से यह सत्येंद्र तिवारी डरने वाला नहीं है। हमारी लड़ाई जिन सामंती विचारधारा और अपराधियों के विरुद्ध शुरू से ही रही है, वह बदस्तूर जारी रहेगा। जब तक समाज में ऐसे सामंती ताकत और अपराधी प्रवृत्ति के लोग रहेंगे, उनके खातमें का इंतजार करूंगा ताकि गरीब-गुरबा, जो लगातार शोषण और दोहन के शिकार से बचें और उन्हें न्याय मिल सके। पूर्व विधायक ने बताया कि वे पुलिस अधीक्षक गढ़वा के व्हाट्सएप पर भी उस अनजान नंबर और उनके द्वारा क्या बोला गया, लिखकर भेजने का काम किया हूं। साथ ही साथ व्यापक जांच कर उस नक्सली को पकड़ कर मुझे भय मुक्त और न्याय दिलाने की दिशा में कार्य करने का अनुरोध भी किया हूं, ताकि पूर्ववत मैं गरीब-गुरबा को न्याय दिलाने की लड़ाई पूरे मनोयोग से लड़ सकूं।

## प्रखंड प्रमुख के ससुर के असामयिक निधन पर शोक



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी के ससुर लखेया गांव निवासी राम केवल राम 62 वर्ष का निधन गुरुवार के प्रातः करीब 4:00 बजे हृदय गति रुक जाने से हो गया। वे अपने पीछे तीन लड़का तथा तीन लड़की का भरा पूरा परिवार छोड़ गये। जानकारी के अनुसार बुधवार की मध्य रात्रि में उन्हें पेट तथा सीने में तेज दर्द की शिकायत हुई, आनन-फानन में उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां करीब 4:00 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनकी असामयिक निधन से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मुखिया संघ के अध्यक्ष रामसागर महतो, झामुमो नेता अजय प्रसाद गुप्ता, विनोद प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद, उमाशंकर तिवारी, जितेंद्र चतुर्वेदी, भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद, बसपा नेता ज्ञानी राम सहित मेराल प्रखंड के कई पंचायत प्रतिनिधियों तथा झामुमो नेताओं, कार्यकर्ताओं ने असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। उनका अंतिम संस्कार यूरिया नदी के शंकर घाट पर किया गया।

## चापाकल खराब होने से ग्रामीण परेशान

खरौंधी (आजाद सिपाही)। गर्मी अपने चरम पर है। दिन के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। गर्मी की बढ़ती तपिश के साथ ही प्रखंड में पेयजल की समस्या गहराने लगी है। ऐसे में लोगों के लिए सबसे बड़ी समस्या पेयजल की बनी हुई है। खरौंधी प्रखंड के कूपा पंचायत के ग्राम चौरिया में सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रतिमा के समीप चापाकल विगत कई सप्ताह से खराब है, जिससे यहां के स्थानीय ग्रामीणों और दुकानदारों सहित बाहर से आने वाले राहगिरो को पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पीएचईडी विभाग से इस चापाकल को जल्द बनवाने का विभाग से अनुरोध किया है। मौके पर ग्रामीण अजय चौधरी, चंद्रमन चौधरी, हरिनंदन चौधरी सहित महिलाएं उपस्थित थे।

## लमारी कला-मझिआंव मुख्य सड़क पर बाजार लगने से लोगों को होती है परेशानी

कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लमारी कला गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारी कला के समीप लमारी कला-मझिआंव मुख्य सड़क पर गुरुवार को साप्ताहिक मुख्य बाजार लगने से सड़क जाम हो जाती है, जिससे छोटी-बड़ी वाहनों का आवागमन बाधित होता है। साथ ही जाम लगने व छोटी-बड़ी वाहनों के आवागमन से बाजार में पहुंचे लोगों को हमेशा डर बना रहता है कि कोई बड़ी घटना किसी दिन न घट जाये। चुकी यहां डेढ़ दर्जन से अधिक पड़ोसी गांव के लोग बाजार करने आते हैं। हालांकि इस बाजार के लिए हरिगावां मोड़ स्थित चितही पहाड़ी पर पर्याप्त जगह है, किंतु किसी भी इस मुख्य बाजार को लेकर जनप्रतिनिधियों व वरीय पदाधिकारियों का कोई ध्यान ही नहीं आ रहा।

## रवारी गांव में देशी और विदेशी शराब बरामद

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बरवारी गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर देशी और विदेशी शराब बरामद किया गया है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने मिली गुप्त सुचना के आधार पर मकरी पंचायत के बरवारी गांव में अभिलाष चंद्रवंशी के घर में छापेमारी किया, जहां से 14 आरसी का विदेशी क्वाटर तथा 13 पिस देशी शराब बरामद किया, साथ ही दो भैट महुआ शराब बनाने के लिए रखा जावा महुआ नष्ट किया। हालांकि छापेमारी के भनक लगते ही अभिलाष चंद्रवंशी भागने में सफल रहा। उक्त व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई किया जा रहा है।

## एक और युवक चढ़ा पलायन की भेंट चढ़ा

केतार (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कधवन निवासी जयराम चौधरी का 21वर्षीय पुत्र कृष्णा चौधरी का मृत्यु हो गया। कृष्णा एक माह पहले अहमदाबाद कमाने गया हुआ था।अचानक गांव में उसकी मृत्यु की सूचना मिलते ही कोहराम मच गया।मृत्यु कैसे हुई इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।लोग तरह तरह का मृत्यु का कारण बता रहे है।शव शनिवार को गांव पहुंचने की संभावना है।

# भगवान बुद्ध की मानें तो जीवन कल्याणमय हो सकता है : राम

**बुद्ध जयंती पर मेराल में कई कार्यक्रम आयोजित, पुष्पांजलि अर्पित कर लोगों ने किया नमन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड में बुद्ध पूर्णिमा पर कई जगह कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों ने उन्हें नमन किया। थाना परिसर स्थित शिव मंदिर में जहां विशेष हवन पूजन का आयोजन किया गया, वहीं मेराल पूर्वी पंचायत सचिवालय के सभागार में जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ राम कुंवर बौद्ध के द्वारा महात्मा बुद्ध की स्तुति करने के पश्चात मुखिया रामसागर महतो, मनदीप सिंह, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, डॉ लालमोहन, रामाधार राम, मदन यादव आदि ने संयुक्त रूप से कैंडल जलाकर तथा पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुखिया रामसागर महतो ने महात्मा बुद्ध की जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बतायें रास्ते पर चल कर अपने जीवन का मार्ग प्रशस्त करने पर बल दिया। राम कुंवर बौद्ध ने कहा, भगवान बुद्ध की माने तो जीवन कल्याण मय हो सकता है। गौतम बुद्ध ने कहा है कि कर्तव्य करो, जैसा कर्तव्य करोगे वैसा फल मिलेगा। याचना करने से कुछ नहीं मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ लालमोहन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विनय पाल, सत्येंद्र मेहता, रामचंद्र मेहता, मनोज कुशवाहा, राम प्रसाद, चंदेश्वर मेहता, छोटेलाल, कृष्ण यादव सहित कई लोग शामिल थे। इसके अलावा भी कई संगठनों द्वारा महात्मा बुद्ध की जयंती धूमधाम से बनायी गयी। वहीं आनंद मार्ग आश्रम में बाबा नाम केवलम का अखंड कीर्तन के साथ श्री श्री आनंदमूर्ति जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

# डॉ असजद बने लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम के अध्यक्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम की बैठक नये सत्र 24-25 के नये पदाधिकारियों के चयन हेतू क्लब के अध्यक्ष लायन कंचन साहू की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। इस बैठक में सभी सदस्यों के सर्वसम्मिति से नये सत्र 24-25 के लिए ला डॉ असजद अंसारी को चुना गया। वहीं ला उपेंद्र ठाकुर को सचिव और ला अनिल सोनी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा अन्य पदों के लिए भी सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें राकेश पाल, ज्योति प्रकाश एवम राजेश गुप्ता को उपाध्यक्ष जबकि पीआरओ बने संतोष कश्यप, मेंबरशिप चेयरमैन मिथिलेश ठाकुर, क्लब एडमिनिस्ट्रेशन विश्वास गुप्ता बनाये गये, जबकि टाइमर देवेंद्र गुप्ता, ट्विस्टर पूनम और एनवायरमेंट ऑफिसर अरुण सोनी को बनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जोन चेयरपर्सन ला उमेश अग्रवाल ने नये सत्र के नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम द्वारा पूरे गढ़वा जिला में अच्छा कार्य किया जा रहा है इनके द्वारा वृक्षारोपण कार्य की सराहना पूरे डिस्ट्रिक में की गयी। जो की एक ऐतिहासिक कार्य रहा। इसके लिए वर्तमान के अध्यक्ष कंचन साहू के कार्यों की सराहना करते हुए पूरे टीम को बधाई दी। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष ला कंचन साहू ने नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि ला डॉ असजद अंसारी के नेतृत्व में क्लब और बेहतर कार्य करेगी। इस मौके पर ला डॉ असजद अंसारी ने कहा कि क्लब के सभी सदस्यों ने जो भरोसा मेरे ऊपर किया है, मैं उसपर खरा उतरने का कोशिश करूंगा और नये सत्र में पूरे जोश के साथ हमलोग कार्य करेंगे। इस मौके पर क्लब के सभी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

# आदिवासी बाहुल्य खोह टोला में पानी के लिए मचा हाहाकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर प्रखंड के कैलान पंचायत के कोण मंडरा गांव के आदिवासी बाहुल्य खोह टोला में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। यहां पानी की गंभीर समस्या से पिछले कई वर्षों से लोग जूझ रहे हैं। खोह टोला में आदिवासी, वैश्य, तथा प्रजापति जाती के करीब तीन सौ लोग निवास करते हैं। इस भीषण गर्मी में पानी की गंभीर हालत से मनुष्य के साथ साथ पशुओं के लिए भी समस्या बना हुआ है। हालांकि इस टोला पर सरकारी 11 चापानल लगाये गये हैं, जिसमें से आठ खराब पड़े हुए हैं। तीन चापानल अभी चालू हालात में है जिस पर सुबह चार बजते ही महीला, पुरुष की भीड़ उमड़ पड़ती है। जो पहले पहुंचता है, वह पहले पानी लेकर जाता है। नंबर से लोग पानी भरते है। ऊषा देवी, किशमतिया देवी, फुल कुमारी, हिरमतिया देवी, राहुल प्रजापति, सोना देवी, बिनू उरांव, सुधीर प्रजापति सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि हमलोग खोह टोला निवासी के लोग पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। किसी भी जनप्रतिनिधि ने हमारे समस्या को सुलझाने का काम नहीं किया। वोट के समय आते हैं फिर जितने के बाद कोई सुध तक नहीं लेता है। खोह टोला में पंचायत के 14 वें वित्त से तथा कल्याण विभाग से करीब 6 जलमीनार लगा है, लेकिन चार लगने के कुछ दिन बाद से खराब पड़ा है, तो किसी में पानी ही नहीं है। तीन चापानल अभी चल रहा है वो भी कुछ देर चलने पर काम नहीं करता है। जानते चलें कि कोण मंडरा के खोह टोला पर पानी का श्रोत नहीं के बराबर है। कुछ लोग अपना 400-500 फिट निजी बोर करा कर थक चुके हैं। आनेवाले दिनों में सरकार यदि खोह टोला पर ध्यान नहीं दिया तो पानी को लेकर गंभीर समस्या उत्पन्न हो जायेगी।

# लाखों रुपये की लागत से बना पीसीसी पथ तीन माह में क्षतिग्रस्त

**प्रशांत सहाय**

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर नपं में विकास के नाम पर सरकारी राशि की जमकर लूट हुई है। लूट इस कदर हुई है कि यहां लाखों रुपये की लागत से बना पीसीसी पथ बनने के तीन माह के भीतर ही क्षतिग्रस्त हो गया है। यूं कहें तो सड़क निर्माण में गुणवत्ता के बजाय कमीशनखोरी की प्राथमिकता दी गयी। कमीशन के आगे गुणवत्ता गौण हो गयी। नतीजा सड़क बनने के कुछ माह बाद ही सड़क के उड़े परखच्चे चीख चीख कर कमीशनखोरी की व्यथा कथा सुना रहे हैं। इसके बावजूद नगर पंचायत इससे अनभिज्ञ है।



जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर दो में गत मार्च माह में लगभग दस लाख रुपये की लागत से महेंद्र प्रसाद के घर से सुधीर प्रजापति के खेत तक लगभग 7 सौ फीट पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया है। ठेकेदार के द्वारा घटिया सड़क निर्माण कराये जाने के कारण निर्माण कार्य पूर्ण होने के एक माह के भीतर ही सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। जबकि उक्त पथ पर बाईक का भी परिचालन नहीं हुआ है। अगर उक्त सड़क पर बड़े वाहनों का परिचालन हो जाय तो सड़क का नामोनिशान मिट जायेगा।

## क्या कहते हैं कार्यपालक पदाधिकारी

इस संबंध में पूछने पर नपं के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि सड़क अगर क्षतिग्रस्त हुआ है तो संवेदक से पुनः निर्माण कराया जायेगा। गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

ग्रामीण आलोक प्रसाद गुप्ता, संजय दास, लखन दास, पिंटू दास, कमलेश कुमार ने बताया कि यह सड़क होली बाद बना है। सड़क निर्माण में घटिया मैटेरियल और बालू की जगह भसी का उपयोग किया गया। सड़क की मोटाई भी प्राक्कलन के अनुसार नहीं किया गया। जिससे सड़क कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गया है। सड़क के किनारे अभी तक मिट्टी फिलिंग भी नहीं किया गया है। जिससे ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उधर वार्ड नंबर 13 में विजय सिंह के घर से लेकर बैजनाथ सिंह के घर तक लगभग सात लाख रुपये की लागत से पीसीसी पथ का भी यही हाल है। यहां सड़क निर्माण के कुछ माह में सड़क भूसा की तरह उड़ गया है। सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वाहनों के चलने के कारण सड़क पर बिखरे गिट्टी उड़ने से लोगों के कभी भी बड़ी दुर्घटना का शिकार होने का अंदेशा बना हुआ है। यही हाल सभी वार्डों का है।

पीसीसी पथ, नाली और पटिया निर्माण में भारी अनियमितता बरती गयी है। नतीजा पीसीसी पथ, नाली और पटिया निर्माण के साथ ही ध्वस्त हो जा रहा है।

## पीएचडी के दस्तावेज में लाखों रुपये खर्च कर ग्रामीणों के घरों में शुद्ध पेलजल उपलब्ध कराये जाने का दावा

# लेकिन गांव में पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं लोग

**विमलेश कुमार**

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण क्षेत्रो के घरो में शुद्ध पेयजल हेतु पीएचडी के तहत लगाये जाने वाली जलमीनार योजना में भारी भ्रष्टाचार का मामला उजागर हुआ है। मामला कैलान पंचायत अंतर्गत कोणमंडरा गांव के मुरार तथा अधेलिया टोला का है। यहां विभाग के सरकारी दस्तावेजो में लाखो रुपये खर्च कर ग्रामीणों के घरो में शुद्ध पेलजल उपलब्ध कराये जाने का दावा किया जा रहा है। परंतु इसके विपरीत यहां के ग्रामीण पानी की बूंद बूंद के लिए तरस रहे है। मुरार टोला में संवेदक द्वारा बिना एक भी जलमीनार लगाये ही टोले के सभी घरो में नल का कनेक्शन कर सरकारी राशि का गबन कर दिया गया है। जलमीनार योजना में बरती गयी





भ्रष्टाचार का आलम यह है, इस भीषण गर्मी में मुरार टोला के ग्रामीण पानी की बूंद बूंद के लिए तरस रहे है। उक्त टोला के ग्रामीण गीता कुमारी, लालमुनी सिंह, जयराम, अजय सिंह, लालती देवी, कमोदा, रामकिशुन, बिनोद सिंह, देवंती देवी, ललिता देवी यहां 20 घर है, जिसमें ढ़ाई सौ आबादी निवास करते है। बताया कि बिगत डेढ़ वर्ष पूर्व सभी घरों में सिर्फ नल लगाकर छोड़ दिया गया है। जबकि पेयजलापूर्ति हेतु लगाये जाने वाली सोलर जलमीनार लगा ही नही है। इस भीषण गर्मी में ग्रामीणो को पिने के पानी के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है, अगर किसी के घर में शादी विवाह होता है, तो उस घर के लोग भाड़े पर टैंकर से पानी मंगाकर किसी तरह कार्य करते है। वहीं अधेलिया टोला के सुनीता देवी, रुदा देवी, उषा देवी, अमेरिका उरांव, चंद्रिका उरांव, विनीता कुमारी, अनीता देवी, कौशल्या देवी, आशा देवी, जमुनी देवी, चांदनी कुमारी, बबलू कुमार, रंजीत उरांव, गौतम कुमार, रौशन कुमार आदि ने 25 घर है, जहां दो सौ ग्रामीण निवास करते है। कहा कि संवेदक द्वारा बोरिंग तो कराया गया, लेकिन उसमे पानी निकला ही नहीं। संवेदक द्वारा उसी पानी विहीन बोर में जलमीनार लगाये जाने का ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया तो संवेदक ने आश्वासन दिया था, कि फिर से बोर कराई जायेगी, परंतु आज तक बोर कराकर हर घर में पानी नही पंहुचाया जा सका है।

## चुआंड़ी से प्यास बुझाने को विवश हैं, अधेलिया के ग्रामीण

ग्रामीण महिला पुरुषो ने बताया कि संवेदक द्वारा लगाये गये जलमीनार से पानी निकलता ही नहीं है। घरेलु कार्यो के लिए आधा किमी दूर चपाकल से पानी ढोकर लाते है, तो काम चलता है। बताया कि ज्यादातर ग्रामीण पहाड़ के समीप वर्षो पूर्व बनाये गये चुआंडि से पानी लाकर अपना काम चलाते है, लेकिन इस गर्मी में चुआंडि का पानी भी सूखने लगा है, जिससे ग्रामीणों के साथ साथ मवेशियों को भी पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।

# विधिक सेवा प्राधिकार ने नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम चलाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गढ़वा।** झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा राजेश शरण सिंह और सचिव रवि चौधरी के आदेशानुसार, गढ़वा रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में नशा मुक्त अभियान चला कर रेलवे स्टेशन अधीक्षक की उपस्थिति में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे को नशीले पदार्थ का सेवन से दूर रहने तथा ड्रग्स के व्यापार एवं रोकथाम की जानकारी देते हुए पी एल वी मुरली श्याम तिवारी और कृष्णानंद दुबे के द्वारा भांग, अफीम, शराब, गुटका और अन्य नशीले पदार्थ के सेवन से बच्चों को दूर रखने के लिए उनके माता-पिता और संरक्षक को सलाह दी गयी, साथ ही नशीले लत से मुक्ति के लिए नशा मुक्ति केंद्र या मेडिकल ट्रीटमेंट की आवश्यकता पर कानूनी रूप से सहायता के लिए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा को पीएलवी के माध्यम से सूचना उपलब्ध कराने की बात बतायी गयी।

साथ ही निः शुल्क कानूनी सहायता दिलाने हेतु हर संभव मदद पहुंचाने की बात बताते हुए लोगों से आह्वान किया गया। कहा गया कि कहीं भी इस तरह के बच्चे मिलते हैं तो इसकी जानकारी पीएलबी के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा को दिया जाये ताकि उन्हें सुरक्षा और संरक्षण प्रदान किया जा सके।

इस अवसर पर जनक विकास धारा के संयोजक रमाशंकर चौबे, स्टेशन अधीक्षक चंद्र भूषण कुमार एवं सैकड़ो की संख्या में यात्री उपस्थित हुए।

# पुलिस मुठभेड़ में माओवादी एरिया कमांडर बुधराम मुंडा ढेर

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** पश्चिमी सिंहभूम के कराईकेला थाना क्षेत्र के बलियाडीह और नवादा गांव के मध्य स्थित जंगल में पुलिस बल और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में भाकपा माओवादी का एरिया कमांडर 27 वर्षीय बुधराम मुंडा मारा गया। घटना गुरुवार को दिन के साढ़े 12 बजे की है। बुधराम खूंटी जिले के अड़की थाना क्षेत्र के हेमरोम चारीसूद गांव निवासी असीम मुंडा का पुत्र था। पुलिस ने बुधराम का शव बरामद कर लिया है। वहीं मुठभेड़ स्थल से पिस्टल और गोलियां समेत काफी सामान बरामद किया। इस संबंध में चाईबासा के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस फोर्स लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में सूचना मिली कि अमित मुंडा, चमन उर्फ लंबू, प्रभात मुंडा उर्फ मुखिया समेत 10-12 भाकपा माओवादियों का दस्ता खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला के ट्राई जंक्शन इलाके के जंगलों में भ्रमणशील है। इसके बाद पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी पुलिस और कोबरा 209 बटालियन ने संयुक्त रूप से इलाके में अभियान शुरू किया। नक्सलियों ने बलियाडीह और नवादा के मध्य जंगलों में पुलिस फोर्स को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। दोनों तरफ से 15 से 20 मिनट के अंदर लगभग 250 गोलियां चलीं। पुलिस फोर्स को भारी पड़ता देख नक्सलियों का दस्ता जंगल और पहाड़ का फायदा उठाते हुए भाग निकला। इसके बाद चलाए गए सर्च अभियान में बुधराम मुंडा का शव मिला।

मुठभेड़ की सूचना मिलते ही चाईबासा के एसपी आशुतोष शेखर मुठभेड़ स्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि अभी सर्च अभियान जारी रहेगा। एसपी ने कहा कि बुधराम मुंडा पिछले चार-पांच सालों से भाकपा माओवादी संगठन में शामिल था।

एसपी आशुतोष शेखर ने कहा कि 13 मई को हुए चुनाव को भाकपा माओवादी बाधित करने के प्रयास में थे, परंतु पुलिस फोर्स की तत्परता और लगातार चलाए गए एंटी नक्सल अभियान के कारण नक्सलियों के नापाक मंसूबों पर पानी फिर गया। नक्सली चुनाव बाधित करने के प्रयास में थे, जिसे 23 मई की मुठभेड़ ने नाकाम कर दिया।





**मुठभेड़ स्थल से जब्त की गयी सामग्री**

सर्च अभियान के दौरान पुलिस फोर्स ने नाइन एमएम की एक पिस्टल, दो मैग्जीन और 20 गोलियां, एक पिस्ट पाउच, 7.62 एसएलआर की 134 गोलियां, 7.62 एसएलआर की दो मैग्जीन, एक एसएलआर मैग्जीन, तीन वॉकी-टॉकी सेट, दो रेडियो, एक नक्सली वर्दी और दैनिक उपयोग के सामान जब्त किया।

## आजसू और भाजपा ने संयुक्त रूप से निकाली बाइक रैली



आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर सैकड़ों की संख्या में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आजसू और भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा संयुक्त रूप से सैकड़ों की संख्या में मोटरसाइकिल रैली निकाली गयी। आजसू और बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने पूरे जोर-शोर के साथ एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ को भारी से भारी मतों से वोट देकर विजयी बनाने के लिए मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से सोनाहातू पूर्वी के बारेंदा हाड़शाली, मारांगकिरी, चरकुडीह, पड़रियाडीह, उलीडीह, दुलमी, बोंगादार, मानकीडीह, टांगटांग, तिलाईपीडी, कोकाडीह, सावडीह, पापिरदा, नरसिंह लोवाडीह, जोजोपीड़ी, भुसुडीह, तेतरटांड, कोडाडीह, लांदुपडीह, पाछुवाडीह, ओड़ेदारू, बांकु, बारेडीह, चोकाहातु, पंडाडीह आदि गांवो में जनसंपर्क अभियान चलाकर संजय सेठ को भारी मतो से विजयी बंनाने का अपील किया गया।

## ईचागढ़ विधानसभा से 287125 मतदाता करेंगे अपने मत का प्रयोग

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। रांची लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ईचागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 340 मतदान केंद्र हैं। इन मतदान केंद्रों में दो किन्नर समेत कुल 287125 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदाताओं में 144915 पुरुष और 142208 महिला शामिल हैं। **11557 वोटर पहली बार करेंगे मतदान:** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल 287125 मतदाताओं में 11557 मतदाता वैसे है, जिनका नाम पहली बार मतदाता सूची में शामिल किया गया है। क्षेत्र में 18 वर्ष पूरे करने वाले 11557 युवा पहली बार देश की किस्मत लिखने के लिए मतदान करेंगे। ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 36674 मतदाता बढ़ने के साथ तीन मतदान केंद्र भी बढ़ा है। इस प्रकार ईचागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान केंद्रों की संख्या 340 हो गया है। तीनों मतदान केंद्र कपाली नगर परिषद क्षेत्र में बढ़ा है। **चांडिल में सर्वाधिक 132 मतदान केंद्र:** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चार प्रखंडों में सर्वाधिक मतदान केंद्र चांडिल प्रखंड में है। चांडिल में 132 मतदान केंद्रों में कुल 120287 मतदाता हैं।वहीं ईचागढ़ प्रखंड में 83 मतदान केंद्रों में कुल 64487 मतदाता हैं। इसके अलावा नीमडीह प्रखंड में 60751 मतदाताओं के लिए कुल 72 मतदान केंद्र बनाये गये है। वहीं कुकड़ू प्रखंड के 53 मतदान केंद्रों पर 41600 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## खलारी में 60 बूथों पर 55609 मतदाता करेंगे वोट

खलारी (आजाद सिपाही)। रांची लोकसभ सीट अंतर्गत खलारी प्रखंड के 60 बूथों पर 25 मई शनिवार को मतदाता अपना मतदान करेंगे। मतदान कराने की तैयारियों की जानकारी देते हुए सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65 कांके सह प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार ने बताया कि 25 मई को रांची लोकसभा सीट के चुनाव के लिए होने वाले मतदान को लेकर खलारी प्रखंड अंतर्गत 60 पोलिंग बूथो पर सभी तैयारियों को पुरा कर लिया गया है। बताया कि प्रखंड क्षेत्र के 60 बूथों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे मतदान होगा। वहीं प्रखंड क्षेत्र में कुल 55609 मतदाताओं की संख्या है। जिनमें 29088 पुरूष और 26521 महिला मतदाता है। उन्होंने कहा कि जिन बूथों पर शेड की व्यवस्था नहीं है, उन बूथों पर शेड भी बनावाया जायेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि एक हजार से अधिक मतदाता वाले 25 बूथों पर मेडिकल टीम भी मुस्तैद रहेगी। साथ ही दुरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से मतदान के लिए आने वाले बुजुर्गो और दिव्यांगजनों के आवागमन के लिए गाड़िया भी उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने सभी मतदाताओं से 25 मई को वोट डालने की अपील भी किया।

## अंतिम दिन सभी राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आगामी 25 मई को मतदान होगा। गुरुवार शाम 5 बजे तक चुनाव प्रचार की अंतिम समय था। विभिन्न राजनीतिक दल इंडिया गठबंधन, एनडीए और निर्दलीय प्रत्याशी सभी अपने समर्थकों के द्वारा ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में बाइक रैली और पद यात्रा कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील किया। इसी क्रम निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो विगत 17 दिन बाद होटवार जेल से निकलने के बाद ईचागढ़ पहुंचने पर जेबीकेएसएस के सदस्यों के द्वारा मिलन चौक में जोरदार स्वागत किया। उसके बाद मिलन चौक से बाइक रैली निकाला, जो पूरे विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण किया। वहीं चांडिल, कपाली तथा चौका मोड़ पर पदयात्रा कर अपने पक्ष में मतदान करने का अपील किया।

## टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट पर केसीए ने कब्जा जमाया



मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। रिवोल्यूशन स्पोर्टस के तत्वावधान में मैकलुस्कीगंज के राजा बंगलो में गुरुवार को अंडर 14 टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट समर कप का फाइनल मैच में केसीए की टीम विजेता बनी। केसीए की टीम ने हरमू यूथ क्लब को हराया। इस टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि इंडिया हॉकी संघ के महासचिव भोलानाथ सिंह और झारखंड स्टेट क्रिकेट एशोसिएशन के अध्यक्ष संजय सहाय तथा विशिष्ट अतिथि अंतराष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रशिक्षक शेखर बोस, हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन, क्रिकेटर सौरव तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे। फाइनल मैच में कड़े मुकाबले में हरमू यूथ क्लब बनाम केसीए के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें हरमू युथ क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 153 रन बनाया। वहीं जवाबी पारी खेलते हुए केसीए की टीम ने 19.5 ओवर में 156 रन बनाकर टूर्नामेंट पर कब्जा किया। वहीं टूर्नामेंट में बेस्ट बॉलर हसन अली, बेस्ट बैट्समैन रिशु, बेस्ट कैच सक्षम वर्मा, बेस्ट एमरजनिंग प्लेयर समर वीर प्रताप सिंह और मनीष को दिया गया। जबकि मैन आफ द सीरीज वीर दास को दिया गया। टूर्नामेंट के विजेता केसीए की टीम तथा उपविजेता हरमू यूथ क्लब की टीम को मुख्य अतिथि ने ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर मोनू सिंह, काजल दास, संजय दास, सुरेश कुमार, विनय करण, जितेंद्रनाथ पांडेय, कामेश्वर प्रसाद वर्मा, रामविलास गोप सहित कई लोग मौजूद थे।

# गर्मी में पानी के लिए कोस रहे हैं ठेकेदार को

**पांच साल बाद भी लोगों के लिए दूर की कौड़ी है खूंटी शहरी जलापूर्ति योजना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** 2019 में शुरू हुई शहरी जलापूर्ति योजना पांच वर्ष में भी पूरी नहीं हो सकी। खूंटी शहर के लोगों के लिए स्वच्छ पेयजल अब भी दूर की कौड़ी है। वर्षों से गर्मी के मौसम में भीषण जल संकट का सामना करने वाले खूंटी शहर के लोगों को नल से स्वच्छ जल पहुंचाकर जल संकट से निजात दिलाने के उद्देश्य से विश्व बैंक संपोषित खूंटी शहरी जलापूर्ति योजना का लाभ शहर वासियों को इस वर्ष की गर्मी में भी नहीं मिल सका। लगभग 60 करोड़ की लागत वाली शहर की इस महत्वाकांक्षी योजना का शिलान्यास राज्य के तत्कालीन शहरी विकास मंत्री सीपी सिंह द्वारा पांच वर्ष पूर्व 25 जनवरी 2019 को किया गया था। योजना का कार्य दो वर्ष में पूरा करना था, लेकिन पांच वर्ष का लंबा समय बीत जाने के बाद भी योजना का काम अब तक पूरा नहीं हो सका। स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित जिले के उपायुक्त और अन्य संबंधित वरीय अधिकारियों द्वारा कई बार योजना का निर्माण करा रही कार्यकारी एजेंसी को जल्द से जल्द योजना को पूर्ण कर शहर में जलापूर्ति करने का निर्देश दिया गया। इसके बावजूद एजेंसी के रवैये में कोई फर्क नहीं पड़ा। इस स्थिति में इस वर्ष के गर्मी में भी इस योजना के तहत शहर में जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी। इसके कारण इस भीषण गर्मी में लोगों को एक-एक बाल्टी पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि गर्मी आने से पूर्व इस योजना से गर्मी में जलापूर्ति शुरू करने की बात कही जा रही थी। इसके लिए गर्मी से पूर्व इस योजना से कई बार जलापूर्ति का ट्रायल भी किया गया था, लेकिन समुचित तरीके से जलापूर्ति अब तक शुरू नहीं की जा सकी। योजना के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग क्षमता वाले तीन जलमीनार और एक अत्यधिक फिल्ट्रेशन प्लांट का निर्माण किया गया है। इसके अलावा कई किलोमीटर नयी पाइपलाइन बिछाने के साथ ही तजना नदी स्थित इंटकवेल और एक पुराने जल मीनार का सुदृढ़ीकरण किया गया है।

**बीयर की क्षमता कम, कैसे मिलेगा पर्याप्त पानी:** इस नई शहरी जलापूर्ति योजना के तहत नया बीयर बनाने का प्रावधान नहीं है। तजना नदी में वर्षों पूर्व बनाये गये बीयर से ही जलापूर्ति की जानी है। तजना बीयर की क्षमता पहले से ही काफी कम है। गर्मी में तजना बीयर का पानी लगभग सूख जाता है। इससे गर्मी के मौसम में पुरानी जलापूर्ति योजना के तहत बनाये गये एक जलमीनार को भरने में भी काफी परेशानी होती है। नतीजतन गर्मी में होनेवाली जलापूर्ति कई एक बार ठप पड़ जाती है। ऐसे में नयी जलापूर्ति योजना के तहत बनाए गये तीन उच्च क्षमता वाले जल मीनारों में पानी कहां से भरा जायेगा, इसका प्रावधान इस योजना में नहीं किया गया है। हालांकि नगर पंचायत के प्रशासक सृष्टि दीप्रिया मिंज का कहना है कि नया बीयर बनाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन नया बीयर कब तक बनाया जायेगा और कब तक शहर के लोगों को नल से स्वच्छ जल मिल सकेगा, यह बताने वाला कोई नहीं है।

# डायरेक्टर माइंस सेफ्टी आफताब ने कोयला खदान और सोलर प्लांट का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** खान सुरक्षा महानिदेशालय के डायरेक्टर माइंस सेफ्टी आफताब अहमद ने गुरुवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान पिपरवार पहुंचने पर स्थानीय महाप्रबंधक सीबी सहाय ने बुके देकर उनका स्वागत किया। जिसके बाद डीएमएस आफताब अहमद ने स्थानीय सीसीएल अधिकारियों के साथ अशोक परियोजना कोयला खदान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कोयला खदान में कोयला उत्पादन और डिस्पैच में बरती जा रही सावधानियां और सुरक्षा संबंधी बातों की जानकारी ली। कोयला खदान में सुरक्षा मानको का हो रहे पालन की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कोयला उत्पादन व डिस्पैच के दौरान सुरक्षा मानकों का सख्ती के साथ पालन कराने को लेकर उपस्थित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। जिसके बाद उन्होंने पिपरवार के कारो गांव मे निमार्णाधीन 20 मेगावाट के सोलर प्लांट का भी औचक निरीक्षण किया, जहां उन्होंने सुरक्षा से संबंधी कई बातों की जानकारी ली, साथ ही सोलर प्लांट के जल्द चालू होने को लेकर अपना सुझाव भी दिया। अंत मे उन्होंने बचरा संगम विहार गेस्ट हाउस में स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक कर कोयला खदान के सुरक्षा संबंधी बातों की समीक्षा की। इस दौरान कोयला खदान में काम करने वाले मजदूर की सुरक्षा, मशीनों के रख-रखाव, हॉल रोड, लाइटिंग सहित कई अन्य बातों की जानकारी ली। इस मौके पर पिपरवार जीएम सीबी सहाय, अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, सीएचपी/सीपीपी परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार, एरिया सेफ्टी ऑफिसर मुकेश तोषांण, जीएसपी शर्मा, खान प्रबंधक एसके सिंह, सेफ्टी ऑफिसर सुनील, जगदीश मंडल, मिथिलेश, धीर प्रताप सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

# वुशु प्रतियोगिता में कोयलांचल के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

**15 मेडल प्राप्त कर चतरा जिला का नाम किया रौशन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**पिपरवार।** रांची के नामकुम स्थित आरके आनंद स्टेडियम मे संपन्न हुए 21वीं झारखंड राज्य जुनियर वुशू प्रतियोगिता में सीसीएल पिपरवार और खलारी कोयलांचल क्षेत्र के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर कोयलांचल सहित चतरा जिला का नाम रोशन किया है। जानकारी के अनुसार इस प्रतियोगिता में कोयलांचल क्षेत्र के 24 वुशु खिलाड़ी शामिल हुए। सभी खिलाड़ी चतरा जिला की ओर से खेल का प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की है। खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए कल 9 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक और 4 कास्य पदक जीतकर पिपरवार कोयलांचल सहित चतरा जिला का नाम रौशन किया है। सफल सभी खिलाड़ियों का राज्य जूनियर वुशू टीम के लिए चयन किया गया है। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियो मे रौशनी कुमारी, विक्रम गंझु, सोमो कुमारी, उज्जवल पाल, विकास कुमार महतो, अमन अंसारी, राजकुमार और कशिश राज का नाम शामिल है। वहीं इंद्रजीत सिंह और अनुज कुमार ने रजत पदक और रोहित उरांव, अरूण भोक्ता, अर्जुन गंझु और प्रेम उरांव ने कांस्य पदक प्राप्त किया है। सफल सभी खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि के रूप मे मौजुद नेतरहाट आवासीय विधालय के अध्यक्ष संतोष उरांव और डॉ. कविता सिंह ने सामूहिक रूप से चतरा जिला वुशू संघ के सचिव रजी अहमद और खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया, साथ ही आगे भी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र जिला और राज्य का नाम रोशन करने की कामना की। इधर खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन पर चतरा जिला वुशु संघ के सचिव रजी अहमद ने सभी सफल खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## बाइक सवार ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, दो दोस्तों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग के चकला गांव के पास बाइक सवार ने खड़े ट्रक को टक्कर मार दी, जिसमें दो दोस्तो की मौत हो गई। दोनों युवकों की पहचान रिडुम निवासी अनुज तोपनो (20 वर्ष) और गेरंदा निवासी अजीत भेंगरा (18 वर्ष )के रूप में की गई है। तोरपा थाना की पुलिस गुरुवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार अनुज और अजीत केटीएम बाइक से डोड़मा मंडा पूजा में छऊ नृत्य देखने गए थे। बुधवार की देर रात मेला से दोनों अपने घर लौट रहे थे। चकला मोड़ के पास बाबा ढाबा के पास सड़क किनारे कई ट्रक खड़े थे, जिसे पीछे से बाइक चालक ने टक्कर मार दिया और दोनों गिरकर घायल हो गये। देर रात होने के कारण किसी की नजर गिरे हुए घायलों पर नही पड़ी। हालांकि बाबा ढाबा के संचालक धर्मेंद्र मांझी ने एंबुलेंस को बुलाकर दोनों घायलों को रेफरल अस्पताल भेज दिया, जहां डॉक्टरों ने अजीत को मृत घोषित कर दिया और अनुज को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते मे ही अनुज ने भी दम तोड़ दिया।

## जांबाज ब्रदर्स ने एफसी हेमरोम को हराया



तमाड़ (आजाद सिपाही)। पांच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित फुटबॉल लीग का मैच अमलेशा मैदान में खेला गया। जिसमें एफ सी हेमरोम और जांबाज ब्रदर्स के बीच मुकाबला हुआ। जांबाज ब्रदर्स ने यह मैच 1- 0 से जीत लिया। टीम के लिए एकमात्र गोल 29वें मिनट में सुजीत कुमार महली ने किया। मैच के दौरान हीरा दास, हरीश मुंडा, निशांत भेंगरा, लखीनरायण मुंडा, करम मुंडा गुप्तेश्वर मुंडा, प्रेमचंद पूर्ति, शिवराम मुंडा और फागू मुंडा उपस्थित थे। अगला मैच शनिवार को एन सी स्पोर्टिंग बनाम एफ सी आराडीहके बीच सुबह 7 बजे और मुंडा स्पोर्टिंग बनाम एफ सी कुंदला के बीच शाम 4 बजे से खेला जायेगा।

## सात दिवसीय हरि नाम संकीर्तन शुरू



तमाड़ (आजाद सिपाही)। राधा रानी मंदिर में सात दिवसीय हरिनाम सह कीर्तन को लेकर आज गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर बड़ा तालाब तक गयी, तथा बड़ा तालाब में पूजा अर्चना के बाद कलश में जल भरकर तमाड़ के मुख्य मार्गो से होते हुए पुन मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ। शुक्रवार से सात दिवसीय हरि नाम संकीर्तन का शुरूआत हो गया। सात दिवसीय हरि नाम संकीर्तन को लेकर महिला मंडली सहित अन्य कीर्तन मंडली दल तमाड़ पहुंच चुकी हैं और कृतन भी शरू हो गया। इसी के साथ ही तमाड़ हाई स्कूल मैदान में विशाल मेला लगा है, जो शाम से शुरू हो गया। सभी कार्य संपन्न कराने में मुख्य पुजारी महापंडित पंडित अरुण गोस्वामी का योगदान है।

## राय-बुढ़मू मार्ग पर सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

पिपरवार (आजाद सिपाही)। कोयलांचल क्षेत्र के राय-बुड़मू मुख्य मार्ग स्थित तिरुफॉल के पास गुरुवार की सुबह सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान रांची के हटिया निवासी नवीन कुमार और प्रियांशु के रूप में की गई है। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक बाइक से बुड़मू की ओर जा रहा था,इसी बीच तिरुफॉल के पास बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गया।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को बचरा क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को रांची रेफर कर दिया गया है।

## बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में नि:शुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में गुरुवार को नि:शुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। चतरा सदर अस्पताल के निर्देश पर टंडवा स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा इस शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें शून्य से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को कई प्रकार के टीका लगाया गया। इस शिविर मे बीसीजी,मिजिल्स,डीटीपी, हेपेटाईटिस सहित कई प्रकार के टीका लगाया गया। पंचायत की एएनएम फुल कुमारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर और स्वास्थ्य केंद्र टंडवा के नेतृत्व मे प्रत्येक माह के चौथे गुरुवार को बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमे शून्य से लेकर पांच वर्ष तक बच्चों को टीका लगाया जाता है।इस मौके पर पंचायत की एएनएम,सहिया सहित काफी संख्या में बच्चे और उनके अभिभावक मौजूद थे।

## संरक्षिका कार्यक्रम के तहत सीआइएसएफ बल सदस्यों के परिजनों ने लिया खदान का जायजा

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कोयला खदानों की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बाल सीआईएसएफ बल सदस्यों के परिजनों ने क्षेत्र के कोयला खदानो का जायजा लिया। जानकारी के अनुसार संरक्षिका कार्यक्रम के तहत सीआईएसएफ के बल सदस्यों के परिवार और उनके बच्चों को पिपरवार एरिया के माइंस में सैनिक व पीएलआर व्यू प्वाइंट, पीट ऑफिस, एनपीओ तथा कायाकल्प वाटिका का निरीक्षण कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेड संदीप कुमार एस की पत्नी रश्मि संदीप के द्वारा किया गया।जानकारी के मुताबिक सीआईएसएफ के बचरा आवासीय परिसर में रहने वाले सीआईएसएफ बल सदस्यों के परिजनों बस पर सवार होकर कोयला खदान का निरीक्षण किया। इस दौरान कोयला खदान, वर्कशॉप और पीट कार्यालय में ड्यूटी कर रहे सीआईएसएफ जवानों के कार्यस्थल को देखा। जिसके बाद पिपरवार कायाकल्प वाटिका स्थित इक्को पार्क में कई प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीआईएसएफ बल सदस्यों के परिजन शामिल हुए। इस दौरान बच्चों के मनोरंजन के लिए भी कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीआईएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि कोयला खदान में सीआईएसएफ किस प्रकार अपनी ड्यूटी करते हैं इसे दिखाने के लिए बल सदस्यों के परिजनों को खदान का निरीक्षण कराया गया। इस निरीक्षण के दौरान बल सदस्य के परिजनों ने काफी मनोरंजन भी किया।

## रांची के न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय ने किया रिनपास अस्पताल का निरीक्षण

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने गुरुवार को रिनपास का निरीक्षण किया। इस दौरान मरीजों की समस्याएं सुनीं और महिला वार्ड के मरीजों से भी मिले। कहा कि आज हम मरीजों के बीच उनकी समस्या को सुनने और उसके निराकरण की जानकारी देने आये हैं। कार्यक्रम में कुछ मरीजों ने अपनी समस्या न्यायायुक्त के समक्ष रखी। कहा कि इसका शीघ्र निराकरण का प्रयास किया जायेगा। न्यायायुक्त ने मरीजों के कक्ष का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मरीजों की समस्याओं से अवगत हुए। न्यायायुक्त ने किचन का निरीक्षण कर मरीजों को दिए जाने वाले आहार की जानकारी ली साथ ही मरीजों के देखभाल के लिए अस्पताल में नियुक्त डॉक्टर और कर्मचारी से जानकारी लिए कि मरीजों को क्या क्या सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने मरीजों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी जायजा लिया तथा मरीजों के द्वारा बनाए गए चीजों को देखा और इसकी सराहना करते हुए कहा कि यह मरीजों के लिए सकारात्मक प्रयोग है। कहा की अस्पताल प्रशासन को इसे और बेहतर करने की कोशिश करनी चाहिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची द्वारा संचालित रिनपास में विधिक सहायता केंद्र का निरीक्षण कर नियुक्त पारा लीगल वालंटियर से आने वाले मरीज और उनके परिजन को क्या क्या विधिक सहायता प्रदान की जाती है इसकी जानकारी लिए और कार्य की सराहना करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची कमलेश बेहरा, निबंधक व्यवहार न्यायलय रांची, निदेशक रिनपास डाक्टर जयति सिमलाई, रिनपास के चिकित्सक, एवं पीएलबी भारती देवी और सारदा देवी आदि उपस्थित थे।

## सीओ के आश्वासन पर चामा गांव के ग्रामीणों ने वापस लिया वोट बहिष्कार करने का निर्णय




**कांके (आजाद सिपाही)।** अंचल के चामा व बुकरु के ग्रामीणों ने परनु उरांव के नेतृत्व में गुरुवार को वोट बहिष्कार करने का फैसला लिया। जिसे लेकर ग्रामीणों ने चामा गांव से बुकरु तक रैली निकाली। इस संबध में ग्रामीणों ने बताया कि भू माफियाओं द्वारा चामा व बुकरु मौजा की कई आदिवासी मूलवासी व गैर आदिवासियों की जमीन को काफी लंबे समय से जमीन कारोबारी फर्जी कागजात बनाकर जबरन चाहरदीवारी कर लगातार कब्जा कर रहे है। जमीन कारोबारी हम लोगों को अपनी जमीन पर जाने से भी रोक रहे हैं और डरा धमकाकर जमीन पर जाने भी नहीं देते हैं। उधर, वोट बहिष्कार की जानकारी मिलते ही सीओ जय कुमार राम मूलवासी रैयतो से मिलने चामा व बुकरु गांव पंहुचे.सीओ ने ग्रामीणों से मामले की जानकारी लेकर आश्वासन दिया कि चुनाव के बाद सभी ग्रामीण अपने कागजात के साथ अंचल कार्यालय पंहुचे। जांच कर अतिशीघ्र मामले का निपटारा कर आपलोगों को जमीन को कब्जा मुक्त कराया जायेगा। कहा कि किसी भी मूलवासी की जमीन लूटने नहीं दी जायेगी। सीओ के लिखित आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का निर्णय वापस लिया। मौके पर गहनु उरांव, बुधुआ उरांव, पुतुल देवी, अशोक मुंडा, प्रकाश टोप्पो, रवि उरांव, दीपक उरांव, अनिल साहू, मनोज साहू और शंकर साहू सहित कई थे।

## मारुति मंगल परिवार ने मतदाताओं को किया जागरूक



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़े इसके लिए मारुति मंगल परिवार के सदस्य लगातार मतदाताओं के बीच जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चला रहे हैं। 25 मई को रांची लोकसभा में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मारुति मंगल परिवार के सदस्यों ने गुरुवार को बूटी मोड़, अरगोड़ा, लाल गुटवा, रातू, नगड़ी सहित कई गांवों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। परिवार के सदस्यों ने लोगों से मिलकर उन्हें अपना और अपने परिवार के साथ आस पास के लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित किया। कहा कि मतदान करना सभी की पहली जिम्मेदारी है। वहीं, संगठन सचिव सुमेश कुमार महतो ने कहा कि 25 मई को जिले की सभी विधान सभाओं में छठे चरण के होने वाले मतदान में सभी लोग शामिल हो और अपना-अपना मतदान करें।

## रांची लोस से देवेंद्र महतो की जीत सुनिश्चित : रामपोदो



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जेबीकेएसएस/जेकेएलएम समर्थित रांची लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी देवेन्द्र नाथ महतो के पक्ष में गुरुवार को धुआंधार प्रचार किया गया। कार्यकर्ताओं ने रांची लोकसभा के सभी विधानसभा क्षेत्र में टाईगर जयराम महतो के विचारों को जन-जन तक पहुंचाते हुए बेरोजगारी और भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण बनाने के लिए शिक्षित, कर्मठ और युवा उम्मीदवार देवेंद्र नाथ महतो के लिए वोट मांगी गई। जेबीकेएसएस के वरिष्ठ नेता रामपोदो महतो ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि रांची लोकसभा से निर्दलीय प्रत्याशी देवेन्द्र नाथ महतो का जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि इस दिन ईचागढ़, सिल्ली, खिजरी और कांके में हजारों कार्यकर्ता प्रत्याशी के साथ रोड शो में शामिल हुए। रामपोदो महतो ने कहा कि जेबीकेएसएस के विचारधारा के साथ पूरी रांची लोकसभा के झारखंड वासी प्रभावित हैं और आदिवासी मुलवासी सभी अपना सांसद बनाने का मन बना लिया है।

## नगड़ी में बुद्ध पूर्णिमा पर सत्यनारायण कथा

**पिस्कानगड़ी (आजाद लिपाही)।** साहेर गांव स्थित त्रिमूर्ति मंदिर के प्रांगण में गुरुवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सत्यनारायण कथा का आयोजन किया गया। पंडित रामप्रसाद पाठक ने यजमान के रूप में उपस्थित अशोक महतो सहपत्निक को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सत्यनारायण कथा कराया। पंडित पंडित राम प्रसाद पाठक ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन से पूरे क्षेत्र में सुख शांति और समृद्धि का वास होता है। उपस्थित त्रिमूर्ति मंदिर समिति के अध्यक्ष राजमोहन महतो ने कहा कि ऐसी आयोजन में क्षेत्र के निवासी अपने-अपने बच्चों के साथ मंदिर परिसर में पहुंचे और अपने धर्म को संस्कृति एवं कथाओं का श्रवण कर पुण्य का भागी बनें मौके पर अभिषेक शाहदेव रोहित कुमार एवं मंदिर समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

### चुनाव प्रचार के अंतिम दिन संजय सेठ के समर्थन में चलाया जनसंपर्क

# केंद्र में तीसरी बार भी बनेगी भाजपा की सरकार: नीता सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता



संजय सेठ के समर्थन में लोगों से मतदान की अपील करतीं नीता सेठ।

**नामकुम।** रांची लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ की पत्नी नीता सेठ ने गुरुवार को खिजरी मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा कर उनवके (संजय सेठ) के पक्ष में मतदान की अपील की। कार्यक्रम का नेतृत्व खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह एवं मीनू सिंह ने संयुक्त रुप से किया। इस अवसर पर नीता सेठ ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 वर्ष के कार्यकाल में बेहतर कार्य किया है। प्रधानमंत्री ने आयुष्मान, खाद्य सुरक्षा, जन-धन, मुद्रा, उज्वला, कौशल विकास सहित दर्जनों योजनाओं से गरीबों को जोड़ा है। केंद्र में तीसरी बार भी भाजपा की ही सरकार बनेगी। वहीं, प्रमोद सिंह ने कहा कि पूरे देश में मोदी की लहर चल रही है। इस बार रांची सहित देश की जनता 400 पार के संकल्प को पूरा करने जा रही है। उन्होंने रांची की जनता से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया। पदयात्रा सिद्रोल एवं बरगावां पंचायत के विभिन्न गांवों में निकाला गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने 25 मई को ईवीएम क्रमांक संख्या तीन पर बटन दबाकर संजय सेठ को विजयी बनाने का आग्रह किया। पदयात्रा में मुख्य रुप से राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह, जिप सदस्य सह भाजपा नेता रामावतार केरकेट्टा, गागे सेठ, कोमल झा, शारदा सिंह, रवि मेहता, उषा मखानिया, गोरखनाथ सिंह, अशोक नायक, तुलसी गोप, मुन्ना तिर्की, विकास राय, किशोर वर्मा, निशा देवी, आशा देवी, सुषमा देवी, रुक्मिणी देवी, सीता देवी, द्रोपती सिंह, कौशल सिंह, जितेंद्र सिंह, हरिश कुमार गंझू आदि शामिल थे।

## आजसू ने जनसंपर्क कर संजय सेठ के पक्ष में मतदान करने की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम।** प्रखंड के हुवांगहातू पंचायत के उलातू गांव में गुरुवार को आजसू नेत्री सह पूर्व पंसस रामधनी देवी की अध्यक्षता में एनडीए गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान उपस्थित सभी ग्रामीणों से 25 मई को होनेवाले मतदान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर एनडीए के पक्ष में प्रत्याशी संजय सेठ के क्रमांक सं (3) कमल छाप पर मतदान करने की अपील की गई। वहीं, समर्थकों के साथ रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आजसू नेता प्रकाश लकड़ा एवं विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संजीव सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि इस बार मोदी की लहर चल रही है। जनता ने मन बना लिया है कि इस बार पुनः मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और संजय सेठ को दूसरी बार रांची लोस से सांसद बनाना है। मौके पर मुखिया विवेक मुंडा, सुषमा देवी, शांति देवी, लखिया देवी, सुनीता देवी, मुन्नी देवी, उर्मिला देवी, आदि उपस्थित थे।

## भाजपा नेता राजेंद्र मुंडा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भाजपा के युवा नेता राजेंद्र मुंडा ने गुरुवार को प्रखंड में सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर संजय सेठ को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की। वे यहां भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बाइक रैली में भी शामिल हुए। उन्होंने प्रखंड के अनगड़ा, सिकिदिरी, गेतलसूद, नवागढ़, सिरका, ओरमांझी, हुंडरू, कुचु आदि इलाकों में घर घर जाकर लोगों से एनडीए प्रत्याशी संजय सेठ के लिए वोट मांगा। इनके साथ दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## कपड़ा दुकान में लगी आग, लाखों के सामान जलकर राख

**इटकी (आजाद सिपाही)।** लक्ष्मी गजेंद्र स्कूल चौक के निकट बुधवार की रात के करीब 10.30 बजे न्यू चंदन वस्त्रालय में आग लग जाने से नकद 40 हजार रुपये सहित लाखों की संपत्ति जल कर राख हो गई । इसकी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अभिषेक कुमार तत्काल दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। आग बुझाने के लिए अग्नि सामक बुलाया गया है। जानकारी के मुताबिक दुकान मालिक दिनेश महतो रात आठ बजे दुकान बंद कर घर चले गये थे। इसी बीत रात 10.30 बजे ग्रामीणों ने दुकान से धुआं उठता देखा। किसी के कुछ समझ पाने से पहले दुकान के अंदर से आग की लपटें उठने लगी। लोगों ने काफी मकसत के बाद आग पर काबू पाया। तबतक दुकान में रखे रेडीमेंट कपड़े, साड़ी सहित अन्य वस्त्र जल कर राख हो गये। वस्तालय के मालिक दिनेश महतो ने 12 लाख रुपये से अधिक संपत्ति का नुकसान होने का दावा किया है।

## भाजपाइयों ने जैलेंद्र कुमार की अगुवाई में निकाली बाइक रैली, संजय सेठ के पक्ष में मतदान की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार प्रसार के अंतिम दिन गुरुवार को गेतलसूद व सिकिदीरी मंडल में भाजपाइयों ने पूर्व ग्रामीण जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में रांची लोकसभा से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में बाइक रैली निकालकर उन्हें जिताने की आम जनों से अपील की गई। बाइक रैली गेतलसूद बुकी बीसा सोसो नवागढ छोटकी गोंडाग मनी छापर खख्सी टोली, ओबर बदरी, खभावन बुटगोड़ा, कूच्चू हुंडरू साढूबेडा कूसूम टोली मिरचाई टोली पिपराटोली महुआ टोली माईलधौमसा सिकिदिरी से निकलकर प्रखंड क्षेत्र के गली मोहल्ला होते हुए पुन गेतलसूद चौक मे रैली समाप्त हुई। इस दौरान जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के लिए बहुत सारे काम किए हैं। जिसे जनता भूल नहीं पाएगी इस बार एनडीए गठबंधन की जीत हो रही है और फिर से केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। नरेंद्र मोदी ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं को पहुंचकर गरीबों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाने का काम किया है। वहीं, सुजीत कुमार सोनी सुनील कुमार महतो सौहरैया बेदिया शंकर बैठा शिवधर रजवार नन्दलाल सिंह बिगेश्वर महतो दिलीप मिर्धा जय नंदन सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अबकी बार 400 पार

उधर, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो के नेतृत्व में चुनाव प्रचार के अंतिद दिन सिरका पंचायत सहित अन्य क्षेत्रों में धुआंधार जनसंपर्क अभियान चलाया गया। वहीं बाइक रैली निकालकर अबकी बार चार सौ पार के नारे को बुलंद किया गया। सिरका में आयोजित खिजरी विधानसभा स्तरीय चुनावी सभा में भाजपा के ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, ज़िला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, सुनील महतो, दुर्गा महतो, रामसाय मुंडा, कामेश्वर महतो, जगेश्वर महतो, राजेंद्र महतो, नरेश साहू, धनीराम महतो, अगमलाल महतो, आजसू के रोशनलाल मुंडा, सावित्री देवी, साहेबराम महतो आदि थे।

### न्यायायुक्त ने किया होटवार बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा का निरीक्षण

# अपनी बातों को रखने का सभी को अधिकार, जिन्हें परेशानी हो न्यायालय से संपर्क करें : न्यायायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची के होटवार बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा का निरीक्षण करते न्यायायुक्त।

**अनगड़ा।** सभी को अपने बातों को रखने का पूर्ण अधिकार है, जिन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी हो वे न्यायालय से संपर्क कर अपनी समस्या को रख सकते है। उक्त बातें गुरुवार को रांची के होटवार स्थित बिरसा मुण्डा केंद्रीय कारा में रांची न्यायायुक्त दिवाकर पांडे ने कही। वे कारा में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर एवं निरीक्षण के बोल रहे थे। न्यायायुक्त ने बंदियों से समस्याएं सुनी और कहा कि वैसे बंदी जिनका बेल हो चुका है और वह बेल बॉड की शर्तो को पूरा नहीं कर पा रहे वे शर्तों में परिवर्तन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में आवेदन दे सकते है। वैसे बंदी जिनका अपील लंबित है उनका अपील हेतु आवेदन जल्द से जल्द झारखंड उच्च न्यायालय रांची में भेजने का निर्देश दिया गया। न्यायायुक्त की ओर से बंदी कक्ष का भी निरीक्षण किया गया साथ ही कारा में संचालित स्कूल, पेंटिग प्रशिक्षण कक्ष और कंप्यूटर प्रशिक्षण कक्ष का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य पर प्रसन्नता जाहिर किया तथा आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिया।

मौके पर सचिव डालसा रांची सह निबंधक सिविल कोर्ट कमलेश बेहरा, सहायक कारा महानरीक्षक झारखंड रांची हमीद अख्तर, करापाल अधीक्षक, सहायक कारापाल, काराकर्मी, लीगल एड डिफेन्स कौंसिल के सदस्य सहित बंदीगण उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## मालसरिंग गांव में तेली साहू समाज की बैठक, भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील



**रातू (आजाद सिपाही)।** रांची लोकसभा क्षेत्र के के मालशिरिंग गांव में गुरुवार को झारखंड तैलिक साहू सभा की बैठक हुई। तेली साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो ने समाज के लोगों से भारी संख्या में बूथ जाकर भाजपा के पक्ष में अपना बहुमूल्य वोट करने की अपील की। ग्रामीणों ने एक स्वर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करने के लिए भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को अपना बहुमूल्य वोट देने का निर्णय लिया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष महेश महतो प्रदेश महासचिव मदन कुमार, युवा प्रदेश महासचिव राजकिशोर साहू, जिला कमिटी के अजय राम, जनक गुप्ता, दुर्गा राम ,विजय राम, लोकेश कुमार,मुकेश साहू राकेश साहू, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, राहुल मोदी, आकाश साव, राजकुमार गुप्ता, अभिषेक राज व समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## लोस चुनाव को लेकर रातू पुलिस का फ्लैग मार्च



**रातू (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर रातू पुलिस ने गुरुवार को फ्लैग मार्च निकाला। थाना प्रभारी शशिभूषण चौधरी के नेतृत्व में काठीटांड से पिर्रा, फुटकलटोली, हाजी चोंक, अलकमर कॉलोनी, अगडू, बिजुलिया, होचर, हुरहुरी, तिलता, झिरी के अलावा अन्य जगहों पर पैदल मार्च किया। इस दौरान कार, बाइक व अन्य वाहनों की गहन जांच पड़ताल भी की गयी। पुलिस ने लोगों से भयमुक्त होकर मतदान करने व किसी भी तरह के संदिग्ध गतिविधि देखे जाने पर पुलिस को सूचित करने को कहा गया। थानेदार शशिभूषण चौधरी ने बताया कि चुनाव की प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गयी है। क्षेत्र के एक - एक बूथ पर पुलिस की नजर है। चुनाव के दौरान गड़बड़ी करने वाले व शांति भंग करने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जायेगा। चुनाव के दिन क्षेत्र में विशेष सशस्त्र पुलिस बल तैनात किया जायेगा। बतातें चलें कि, हटिया विधानसभा क्षेत्र में 495 बूथ है। सिर्फ रातू में 96 बूथ है और वोटरों की संख्या 97147 है। जिसमे पुरूष वोटर 48659 व महिला वोटरों की संख्या 48488 है। राँची लोकसभा में राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के 27 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे है। भाजपा उम्मीदवार संजय सेठ व महागठबंधन के प्रत्याशी यशश्विनी सहाय आमने-सामने है। 25 मई को वोट डाले जाएंगें। मतदान को लेकर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गये है। सभी बूथों का लगातार निरीक्षण भी किया जा रहा है।

## ठाकुरगांव में वाहन के धक्के से वृद्ध की मौत

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बरौदी गांव के समीप बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बंसरी गांव निवासी महिंद्र साहू (62) बरौदी गांव में मजदूरी करने के बाद खाना खाकर अपने घर आ रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में ले लिया। घटना के बाद परिजनों द्वारा इलाज के लिए रिम्स अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई। स्थानीय मुक्तिधाम में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## नाबालिग लड़की का शव जमीन से बरामद, नाबालिग प्रेमी गिरफ्तार

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के अकमरोमा जंगल के समीप नदी किनारे से गुरुवार को लापुंग पुलिस ने एक नाबालिग युवती का कंकाल में तब्दील हो चुका शव बरामद किया। लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने बताया कि नाबालिक लड़की की हत्या नौ दिन पहले उसके ही नाबालिक प्रेमी ने कर दिया था। साक्ष्य छिपाने की नीयत से नदी किनारे जमीन में गाड़ दिया था। जिस कारण युवती का शव कंकाल का रूप ले चुका था और उससे दुर्गंध आ रही थी। जानकारी के अनुसार नाबालिक लड़की का संपर्क कुछ दिन पूर्व आरोपित से हुआ था। इसके बाद लड़की अपने प्रेमी के घर मास्को चली गई। तभी से उसका मोबाइल फोन बंद आने लगा। जिसके बाद लड़की के परिजन उनकी तलाश में जुट गए। कोई सुराग नहीं मिलने पर लापुंग थाना में लिखित शिकायत की थी। जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपित को पकड़ लिया। उसे बाल सुधार गृह भेजा जाएगा।पुलिस ने पहुंचकर दंडाधिकारी की उपस्थिति में शव को बाहर निकाला। मृतका पोकटा गांव की रहने वाली थी, जबकि उसके प्रेमी कर्रा थाना क्षेत्र के मास्को गांव का निवासी है। पुलिस की मानें तो उसने अपना अपराध स्वीकारा है। उधर, पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को उसके परिजनों को सौंप दिया है।

## मंदिर नवनिर्माण को लेकर भूमि पूजन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** शास्त्री चौक स्थित हनुमान मंदिर में बुधवार से चल रहा अखंड हरि कीर्तन गुरुवार को भंडारे के साथ संपन्न हुआ। हनुमान मंदिर नव निर्माण के लिए भूमि पूजन उपासक भोला साहू सपत्नीक, पंडित अमित झा द्वारा मंत्रोच्चार के साथ किया गया। भूमि पूजन में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू, टोल प्रबंधक चेतन माल बारी, भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमर नाथ चौधरी, प्रमुख अनुपमा देवी, प्रमोद गुप्ता, अध्यक्ष अशोक गुप्ता, संरक्षक लक्ष्मण साहू, विनोद सिंह, विनय मिश्र, अरविंद कुमार, राज सहगल, राजेश साहू, आनंद साहू, अजय गुप्ता, राजेंद्र साहू, प्रहलाद कुमार, गौतम साहू, विक्की वर्मा, शिवनंद महतो, बालक महतो, संजय ठाकुर, जय नारायण ठाकुर, कुलदीप साहू, रणधीर चौधरी और पूर्व उप प्रमुख लालू उर्फ जय गोविंद साहू, बिनोद महतो, मुखिया शिवनाथ मुंडा, उप मुखिया उमेश महतो, विजय साहू आदि उपस्थित थे।

## रांची के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ की जीत को लेकर दर्जनों गांव में निकाली गयी बाइक रैली

**कांके (आजाद सिपाही)।** भाजपा के कांके मंडल की ओर से रांची लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ की जीत को लेकर गुरुवार को जमकर प्रचार किया गया। पार्टी के वरिष्ठ नेता रितेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष राम लखन मुंडा व विधायक प्रतिनिधि प्रभात भूषण के नेतृत्व में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बाइक रैली प्रखंड के दर्जनों गांव में निकाली गयी। कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान और चुनाव प्रचार करते हुए प्रत्येक गांव में भ्रमण किया और संजय सेठ को वोट देने की अपील की। रैली सुकुरहुटू, मनातू, चेडी, गारू, कांके, अरसंडे, बोड़या, संग्रामपुर, होचर हुसीर सहित कई गांवों मे निकाला गया।

# नित्य नयी ऊंचाइयां छू रहा हमारा शहर: अरुणा शंकर



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने मेदिनीनगर इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप लजीज खाने के प्रतिष्ठान 'द टेस्टी गैलरी' का उद्घाटन गुरुवार को किया। इस अवसर पर मनोज सिंह, पूर्व उप महापौर मंगल सिंह, जिला पार्षद आशा देवी, प्रमोद सिंह, सुनील गुप्ता, मुमताज खान, सीताराम पाठक, आशीष भारद्वाज, प्रधान सक्सेना, मुखिया गुड्डी देवी, अनिकेत मेहता,नवल सिंह,अनूप सिंह, अमित पाठक, किशोर पांडे आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि हमारे शहर के युवा नित्य नई-नई प्रतिष्ठान खोल रहे हैं जिससे शहर की कमियां तो दूर हो ही रही है। वहीं, कई रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे। प्रतिष्ठान के निदेशक सुमित पाठक ने सभी को बुके देकर स्वागत किया। प्रथम महापौर ने कहा कि मुझे खुशी है बच्चे अपनी जवाबदेही समझने लगे हैं और व्यवसाय के क्षेत्र में काफी आगे आ रहे हैं। मैं सभी युवाओं को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। सुमित पाठक ने बताया कि इंजीनियरिंग कॉलेज में बाहर के काफी बच्चे पढ़ते हैं पर उन्हें अच्छे व्यंजन की सुविधा नहीं थी इसी को ध्यान में रखकर मैंने यह प्रतिष्ठान खोला है। मेरी कोशिश रहेगी कि मैं क्वालिटी में इतना ध्यान रखु की शहर से भी लोग मेरे यहां खाने आए।

# कतरास से 90 टन अवैध कोयला जब्त



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए डीसी सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के टास्क फोर्स ने बुधवार की रात 12 से तीन बजे तक राजगंज थाना क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाया। जिसकी अगुवाई खान निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक ने की। बताया जा रहा कि राजगंज थाना क्षेत्र के धावाचिता चेक पोस्ट, ओवर ब्रिज के पास जांच के दौरान तीन ट्रकों को रोककर उसकी जांच की गई, तो उसमें 90 टन (तीनों ट्रक पर 30-30 टन) कच्चा कोयला लदा था। वाहन चालकों के पास कोयला लदे होने से संबंधित कोई वैध कागजात, परिवहन चालान (फॉर्म डी) आदि कुछ भी नहीं था। सख्ती से पूछताछ करने पर पता चला कि तीनों ट्रकों पर लदा कोयला कतरास क्षेत्र से अवैध खनन कर लाया जा रहा था। खनिज संपदा के टास्क फोर्स ने तीनों ट्रकों को जब्त कर राजगंज थाने को सौंप दिया। वहीं तीनों ट्रक, उस पर लदे कोयला, ट्रक के मालिक, चालक और इसमें संलिप्त अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत थाना में एफआईआर दर्ज भी कराई गई है। खान निरीक्षक ने बताया कि डीसी के निर्देश पर अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाते हुए खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार छापामारी अभियान जारी रहेगा।








VERMA PRESS ®

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


## पर्यावरणविद ने पौधा दान कर किया कलश यात्रा का शुभारंभ

# जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं: कौशल किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता



कलश यात्रियों को पौधा देते पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल के मुनकेरी पंचायत स्थित मनहु देवी मंदिर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने कलश यात्रियों के बीच पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के संकल्प के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा दिया। उन्होंने कलश यात्रियों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रो की शपथ दिलाई। कहा कि जल यात्रा का उद्देश्य तभी सफल होगा जब लोग अपने धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों के तहत पौधा लगाकर उसे बच्चों की तरह बचाने का संकल्प लेंगे। पर्यावरणविद ने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो जल के लिए तीसरे विश्व युद्ध को कोई टाल नहीं सकता। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस तेजी से जनसंख्या बढ़ रही है उसी अनुपात में वनों का क्षेत्रफल बढ़ना चाहिए था। लेकिन वैसा नहीं हुआ, बल्कि उसी तेजी से वनों का क्षेत्रफल लगभग घट गया। जिसके दुष्परिणाम एक नई घटना जलवायु परिवर्तन हुआ। इससे पुरी दुनिया में तापमान तेजी से बड़ा रहा है। जिससे ग्लेशियर पिघलने लगे। परिणामस्वरूप समुद्र का जलस्तर बढ़ने से गर्मी के दिनों में ही चीन, ओमान, दुबई, इंग्लैंड और ब्राजील समेत अन्य देशों में गांव ही नहीं, शहर भी जलमग्न हो गए।

वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल किशोर जायसवाल ने कहा कि यदि खुद व आने वाली पीढ़ी को तीसरा विश्व युद्ध जल संकट से बचाना है तो दुनिया के सभी उम्र के लोगों को अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मन्त्रों के तहत एक-एक पौधा लागाकर उसे बच्चों की तरह बचाए। नहीं तो एक दिन ऐसा भी आएगा जब डायनासोर की तरह मानव की जीवनलीला भी समाप्त हो जाएगी। जल यात्रा में आचार्य रामचंद्र पांडेय, सचिन कुमार पांडेय, बसंत विश्वकर्मा, प्रमोद कुमार यादव, सुभाष कुमार गुप्ता, रामप्रसाद व्यास, ग्राम पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया अफजाल अंसारी, उपेंद्र शाह, अरुण प्रसाद गुप्ता, उपेंद्र यादव, नरेंद्र सिंह, बालदेव प्रसाद गुप्ता, नागेंद्र यादव, रविंद्र यादव, गणेश यादव, कर्म देव यादव, जनक यादव, भोला यादव, उमेश शर्मा, आमोद शर्मा, संतोष विश्वकर्मा, सरिता कुमारी, सुनीता देवी पंचायत समिति के साथ सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

# अस्पताल खुलने से लोगों को मिलेगी बेहतर चिकित्सा की सुविधा : राजू मेहता

### जिप सदस्य ने किया आरएन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



अस्पताल का उद्घाटन करते जिप सदस्य राजू मेहता व अन्य।

**हुसैनाबाद।** शहर के स्टेशन रोड पर आरएन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्गाटन हुसैनाबाद उतरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राजू मेहता, झामुमो नेता सह समाजसेवी वशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, अस्पताल के संचालक डॉ दीपक कुमार आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जिप सदस्य राजू मेहता ने कहा कि आज के आधुनिक परिवेश में आम लोगों को सुलभ रूप से बेहतर चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि आकस्मिक इलाज, ऑपरेशन थियेटर सहित अन्य तरह की सुविधायुक्त इस अस्पताल के खुलने से क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ होगा। उन्होंने संचालक से हॉस्पिटल में सेवा भाव से कार्य करने की बात कही। वहीं, झामुमो नेता बबलू सिंह ने कहा कि इस तरह के अस्पताल खुलने से हुसैनाबाद के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के निराकरण में काफी सुविधा होगी।

अस्पताल के संचालक डॉ दीपक कुमार ने बताया कि यहां पर लोगों को सभी अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि हमारे अस्पताल में जेनरल फिजिशियन, स्त्री एवम प्रसूति रोग समेत कई अन्य प्रकार की बीमारियों का इलाज के साथ 24 घण्टे मेडिकल एवं इमरजेंसी सुविधा व ब्लड जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को किफायती दर पर बेहतर चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता होगी। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, बिनय मेहता, सतेंद्र मेहता, दुर्गा प्रसाद, रामबिलास सिंह, त्रिवेणी सिंह, राजीव रंजन, रविशंकर मेहता, भगवान सिंह समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर महुदा पुलिस अलर्ट केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ किया फ्लैग मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए गुरुवार को महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार एवं भाटडीह ओपी प्रभारी बालमुकुंद सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया। चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिये महुदा पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में दिख रही है। फ्लैग मार्च में स्थानीय पुलिस बल के साथ ही जिला एवं केंद्रीय बल के जवान शामिल थे। इस दौरान पुलिस की ओर से मतदाताओं से अपील की गई कि मतदान को लेकर किसी प्रकार की बहस ना करें और क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखें। गौरतलब है कि 25 मई को छठ चरण में झारखंड के चार लोकसभा सीटों में शामिल धमबाद में भी चुनाव होना है। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखाने के लिए महुदा थाना से लेकर क्षेत्र के प्रत्येक गली, मोहल्ले सहित सभी जगहों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। इसके साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर महुदा पुलिस द्वारा वैसे क्षेत्रों की सुरक्षा का खास ध्यान रखा जा रहा है, जो संवेदनशील हैं। फ्लैग मार्च की शुरूआत महुदा थाना से की गई, जो मेन रोड से होते हुए लालबंगला महुदा, महुदा मोड़ तेलमोचो, कुंजी होते हुए हर उस जगह से गुजरा, जहां मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इस बीच थाना प्रभारी धीरज कुमार ने कहा कि फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य जनता में विश्वास पैदा करना है, क्योंकि वे 25 मई को मतदान करने के लिए तैयार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस और केंद्र पुलिस बल कानून-व्यवस्था की स्थिति का ध्यान रखेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि मतदाता बिना किसी डर या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग करें।




# अमेरिकी दूतावास ने लामिछाने को वीजा देने से किया इनकार: टी-20 वर्ल्ड कप खेलने पर संशय



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेपाल के स्पिनर संदीप लामिछाने को नेपाल स्थित अमेरिकी दूतावास ने वीजा देने से इनकार कर दिया है। लामिछाने को हाल ही में दुष्कर्म के मामले में हाई कोर्ट ने बरी कर दिया है। जिसके बाद से यह उम्मीद की जा रही थी कि वह टी-20 वर्ल्ड कप में टीम का हिस्सा होंगे। टी-20 वर्ल्ड कप इस बार अमेरिका और वेस्टइंडीज में 2 जून से हो रहा है। अब अमेरिकी दूतावास की ओर से वीजा नहीं दिए जाने से उनके वर्ल्ड कप में खेलने को लेकर संशय हो गया है। संदीप ने सोशल मीडिया पर अमेरिकी दूतावास की ओर से वीजा नहीं दिए जाने की जानकारी दी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि नेपाल में अमेरिकी दूतावास ने वही किया जो उन्होंने 2019 में मेरे साथ किया था। उन्होंने मुझे वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए वीजा देने से इनकार कर दिया। यह दुर्भाग्यपूर्ण है और मैं नेपाल क्रिकेट की भलाई चाहने वाले लोगों और शुभचिंतकों से माफी मांगता हूं। इसके साथ उन्होंने नेपाल क्रिकेट संघ को भी टैग किया है। बतातें चलें कि संदीप लामिछाने पर सितंबर 2022 में रेप का केस हुआ था।

# तोलरा विष्णु मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह शुरू, निकली भव्य कलशयात्रा



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा ग्राम पंचायत स्थित विष्णु मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह गुरुवार से शुरू हुआ। जिसका समापन 25 मई को महाभंडारे के साथ होगा। पहले दिन कलशयात्रा निकाली गई। जिसकी शुरूआत मंदिर प्रांगण से हुई। जिसमें सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। सभी शोखा बाबा का आशीर्वाद लेते हुए कोयल व तहले नदी के संगम तट पहुंचे। जहां बैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरा गया। इसके बाद कलश यात्रा वापस विष्णु मंदिर पहुंचा, जहां गर्भ गृह में विधि विधान और संकल्प के साथ कलश की स्थापना की गई। मुख्य यजमान युवा समाजसेवी बिपीन कुमार तिवारी ने पत्नी सहित पूजा की। विष्णु मंदिर संचालन कमेटी के अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी, संरक्षक वीरेंद्र तिवारी व सचिव गोखुल तिवारी ने बताया कि वार्षिकोत्सव एवं जय विजय की प्रती मुर्ति 25 मई को स्थापित की जायेगी। उसी दिन शाम को भंडारा होगा। मौके पर सुमंत तिवारी, संजय तिवारी, धनंजय तिवारी, रविंद्र तिवारी, अरुण त्रिवेदी, कौशल तिवारी, कमल तिवारी, सिद्धनाथ तिवारी, अगस्त तिवारी, मुकेश तिवारी, राजेश तिवारी, आलोक तिवारी, उपेन्द्र तिवारी आदि मौजूद थे।

# इलाजरत सीएसपी संचालक के पिता का निधन, शोक



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खड़गपुर पंचायत अंतर्गत पारपहार गांव निवासी पीएनबी के सीएसपी संचालक मनोज यादव के पिता महंग यादव का निधन हो गया। राजद कार्यकर्ता सहित यादव महासभा के सदस्यों ने दाह संस्कार में भाग लेकर शोक संवेदना व्यक्त किया। बतातें चलें कि गंभीर बीमारी से ग्रसित 65 वर्षीय महंग यादव का पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार को निधन हो गया। गुरुवार को पैतृक गांव के समीप अस्मशान घाट पर उनके बड़े पुत्र मनोज यादव ने मुखाग्नि दी। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि राजेश राम, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष महेन्द्र यादव और यादव महासभा के प्रखण्ड अध्यक्ष इंजिनियर संजय यादव ने परिजनों को ढांढस बंधाया। मृतक के तीन पुत्र व एक पुत्री है। सभी विवाहित हैं। अंतिम संस्कार में राजद जिला सचिव रंजीत पासवान, पूर्व मुखिया जितेंद्र मेहता, जिला प्रधान महासचिव राजेन्द्र यादव, उमेश यादव, महानन्द यादव, शिक्षक आत्मदेव यादव, राजेन्द्र यादव, हीरा यादव, विनोद व्यास, ललन यादव, सुरेश यादव सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।








RAJHANS ACADEMY

IIT-JEE | NEET | FOUNDATION

Creating Path Towards Success

BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation

ADMISSION OPEN


Upto 100% SCHOLARSHIP

ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass

Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773

302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01

Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in



### चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

# धनबाद में थमा चुनावी शोर, मतदान कल



- सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सेदारी निभाने की अपील
- चुनाव सामग्री रिसीव करने के बाद त्वरित रिलीज की जाएंगी गाड़ियां

## धनबाद के साथ सौतेला व्यवहार हुआ अब नहीं होगा: अनुपमा सिंह

### धनबाद लोस सीट से अनुपमा सिंह जीत रही हैं : राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही टीम

**धनबाद।** धनबाद सहित झारखंड के चार लोकसभा सीटों पर 25 मई को मतदान होना है। जिसके लिए चुनावी प्रचार का शोर गुरुवार की शाम थम गया। धनबाद में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस ने बाइक रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन करने के साथ ही चुनाव जीतने का दावा किया। कांग्रेस की बाइक रैली झरिया से शुरू होकर धनबाद पहुंची। जहां जिला परिषद मैदान में सभा की गई। इसमें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक अनूप सिंह और प्रत्याशी अनुपमा सिंह के साथ बड़ी संख्या में पार्टी के नेता-कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित हुए। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने हुंकार भरते हुए भाजपा और ढुल्लू महतो पर जमकर जुबानी हमला बोला। कहा कि भाजपा के पास कोई नेता नहीं बचा है। इसलिए इधर-उधर के नेताओं और मुख्यमंत्री को बुलाकर जन सभा कर रही है। उन्होंने कहा कि धनबाद की जनता पार्टी प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान करने का मन बना चुकी है। हमें विश्वास है कि धनबाद की जनता 25 मई को अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान कर विजयी बनायेंगीं। क्योंकि धनबाद की जनता डर के साये में अब और अधिक नहीं रहना चाहती है। वहीं, अनुपमा सिंह ने भी भाजपा और ढुल्लू महतो की अलोचना करने के साथ ही जनता से 25 मई को मतदान केंद्र जाने और कांग्रेस के हाथ छाप पर बटन दबाकर उन्हें वोट करने की अपील की। कहा कि जनता उन्हें अपना समर्थन देने की बात कही है। 10 साल से धनबाद में कोई काम नहीं हुआ है। धनबाद के साथ सौतेला व्यवहार हुआ अब आगे नहीं होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के लोग धनबाद की जनता को डरा धमका रहे हैं। पर जनता को डरा नहीं सकेंगें। क्योंकि घुंघट-चूड़ी पहनने वाली अनुपमा सिंह जरूरत पड़ी तो चंडी भी बन जायेगी और जनता की मदद करेगी।



सभा को संबोधित करती प्रत्याशी अनुपमा सिंह।

## निर्भीक होकर करें मतदान : डीसी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद में लोकसभा चुनाव का प्रचार गुरुवार की शाम पांच बजे से समाप्त हो गया है। धनबाद लोकसभा सीट के लिए 25 मई की सुबह सात बजे से 2539 बूथों पर मतदान शुरू होगा। सभी स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) एवं फ्लाइंग स्क्वायड टीम (एफएसटी) को अगले 24 से 48 घंटे तक अधिक सक्रिय रहने के लिए निर्देशित किया है। सुचारू रूप से चुनाव संपन्न कराने के लिए 95 माइक्रो ऑब्जर्वर, 283 सेक्टर मजिस्ट्रेट के अलावा 10463 मतदान कर्मी चुनाव के दौरान मौजूद रहेंगे। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए 6 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट व 19 जोनल मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसकी जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने की। वे गुरुवार की शाम समाहरणालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि 25 मई को धनबाद लोस में 22 लाख 85 हजार 237 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 11 लाख 96 हजार 501 पुरुष, 10 लाख 88 हजार 656 महिला और 80 थर्ड जेंडर मतदाता है। वहीं 1270 भवन में 2539 मतदान केंद्र अवस्थित है। शहरी क्षेत्र में 1177 व ग्रामीण क्षेत्र में 1362 मतदान केंद्र है। मतदान में पोल व रिजर्व लेकर 5572 बैलेट यूनिट व 2815 कंट्रोल यूनिट उपलब्ध रहेंगे। मतदाताओं की संख्या पर प्रकाश डालते हुए डीसी ने कहा कि बोकारो में 569543, चंदनकियारी में 277176, सिंदरी में 355201, निरसा में 330889, धनबाद में 455858 तथा झरिया विधानसभा में 296570 मतदाता है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन कलेक्ट्रेट में विधानसभा वार कंट्रोल रूम बनाया गया है। प्रत्येक मतदान केंद्र से वेब कास्टिंग की जाएगी। जिला प्रशासन ने 24 एवं 25 मई के लिए मेडिकल प्लान भी तैयार किया है। जिसके तहत सभी सीएचसी, पीएससी में डॉक्टर, नर्स, एंबुलेंस और सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध रहेंगी। मतदान केन्द्र को स्वास्थ्य केन्द्र के साथ टैग किया है। इसके अलावा निरसा, धनबाद व टुंडी के लिए 12-12, झरिया के लिए 11 और सिंदरी व बाघमारा विधानसभा के लिए 9 - 9 सहित कुल 65 इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। मतदान के दौरान ईवीएम में आने वाली की किसी भी तकनीकी खराबी से निपटने के लिए ईसीआइएल के 30 इंजीनियरों व मास्टर ट्रेनरों की टीम प्रखंडों में मौजूद रहेगी। डीसी ने मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में अपने हिस्सेदारी निभाने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।

## अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा ने की ढुल्लू को जिताने की अपील

दरी मोहल्ला, पुराना बाजार स्थित एक निजी होटल के सभागार में अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा ने गुरुवार को धनबाद जिलाध्यक्ष विशाल कुमार की अध्यक्षता में संवाददाता सम्मेलन करके भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की। समाज के पदाधिकारी ढुल्लू महतो को भाजपा से प्रत्याशी का टिकट दिए जाने के बाद से ही चंदनकियारी, बोकारो, पंचेत, चिरकुंडा, कुमारधुबी, निरसा, धनबाद, गोविंदपुर, सिंदरी, झरिया आदि क्षेत्रो में धूम-धूम कर ढुल्लू महतो के पक्ष में समाज से मतदान की अपील कर रहे हैं। मौके पर शशि प्रकाश, राहुल गुप्ता आदि थे।

## सशक्त राष्ट्र और धनबाद के नवनिर्माण के लिए भाजपा को वोट करें : ढुल्लू



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** चुनाव प्रचार के अंतिम दिन गुरुवार को धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थकों ने पार्टी कार्यकर्ताओं-समर्थकों ने बाइक रैली निकाल कर वोट देने की अपील की। वहीं, ढुल्लू महतो ने जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान कहा कि देश नरेंद्र मोदी जी जैसे दृढ़ संकल्पित और सशक्त हाथों में ही सुरक्षित रह सकता है। इस लिए इस बार के मतदान में भाजपा को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाना है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त झारखंड के नेताओं को सबकग सिखाने के लिए जनता को एकजुट होकर भाजपा को केंद्र की सत्ता में कायम रखना है। ढुल्लू महतो के समर्थन में उमड़े जनसैलाब ने यह संदेश दे दिया है कि इस बार फिर धनबाद की जनता, राष्ट्र के लिए वोट करेगी।

## रागिनी सिंह ने रोड शो करके भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में मांगा वोट



**झरिया (आजाद सिपाही)।** धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने झरिया विधानसभा क्षेत्र में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से ढुल्लू महतो के पक्ष में मतदान करने की अपील की। रोड शो के दौरान कार्यकर्ताओ में काफी उत्साह दिखा। इस दौरान जय श्री राम, अबकी बार 400 पार, मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए गए। वहीं, रागिनी सिंह अपने हाथों में झंडा लेकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांग रही थीं। रागिनी सिंह ने कहा कि आप सब संकल्प करें, एक-एक वोट कमल छाप पर डालकर भाजपा को विजयी बनाएंगे। रोड शो बस्ताकोला माइंस रेस्क्यू, कतरास मोड़, सब्जी पट्टी, इंदिरा चौक होते हुए चासनाला में समाप्त हुआ। इसमें श्रवण राय, संयोजक राजकुमार अग्रवाल, अरुण साव, ढुल्लू महतो के पुत्र प्रशांत महतो आदि शामिल थे।

# कैलूडीह में भू-धंसान से एक घर जमींदोज, दर्जनों क्षतिग्रस्त

- जीटीए आउटसोर्सिंग पर लगा हैवी ब्लास्टिंग का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड गोविंदपुर एरिया-3 अंतर्गत जीटीए आउटसोर्सिंग के बगल में बुधवार की रात अचानक भू-धंसान से सावित्री देवी नामक महिला का घर जमींदोज हो गया। हालांकि संजोग रहा कि भू-धंसान के दौरान किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। उधर, घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। इसकी सूचना पाकर गोविंदपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक जीसी साहा ने अग्नि प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। दूसरी ओर, भू-धंसान की घटना कि सूचना पर बाघमारा सीओ रवि भूषण के निर्देश पर कर्मचारी द्वारा प्रभावित लोगों की सूची तैयार की जा रही है। उधर, सावित्री देवी ने बताया कि खाना पीना खाकर वो घर में सोई थी, तभी देर रात अचानक जोरदार आवाज के साथ उसके आंगन का पूरा हिस्सा जमीन के अंदर चला गया। इसके साथ ही आंगन में रखा खटिया व अन्य सामान भी धरती में समा गया। बतातें चलें कि बीसीसीएल प्रबंधन पहले से ही उक्त क्षेत्र को अग्नि प्रभावित घोषित कर रखा है। वहीं, कैलूडीह के ग्रामीणों का आरोप है कि जीटीए आउटसोर्सिंग में लगातार हैवी ब्लास्टिंग के कारण उनकी मकानों में दरार पड़ रही है। डीजीएमएस के आदेशों का उल्लंघन कर आउटसोर्सिंग कंपनी लगातार हैवी ब्लास्टिंग कर रही है, जिससे यहां के लोगों का जीना दुभर हो गया है। लोग जिला प्रशासन से जान माल की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।



### अन्यत्र बसाने के लिए जगह चयनित कर दिया गया है : जीसी सहाय

उधर, कतरास महाप्रबंधक जीसी साहा ने बताया कि अग्नि प्रभावित क्षेत्र को खाली करने के लिए बहुत पहले से ही दर्जनों लोगों को नोटिस दिया गया है। खाली जगहों पर शीघ्र ही अग्नि प्रभावित क्षेत्र के लोगों को बसाने की प्रक्रिया चल रही है। महाप्रबंधक ने बताया कि भटमुरना स्थित स्टेट बैंक के पीछे जगह चयनित कर दी गई है। प्रभावित लोगों को जमीन के साथ ही आर्थिक रूप से 20 हजार रुपये भी दिये जायेंगें। खाली करने वाले लोग महाप्रबंधक कार्यालय जाकर अपना आधार कार्ड, बैंक का खाता जमा करें। उनके खाता में 20 हजार रुपये जमा कर दी जाएगी। इस मौके पर महाप्रबंधक के साथ न्यू आकाशकिनारी के परियोजना पदाधिकारी अवधेश कुमार, मैनेजर अमित कुमार,सुरक्षा पदाधिकारी अशोक कुमार आदि मौजूद थे।

### भू-धंसान से 55 घर प्रभावित, 20 में दरार

भू-धंसान से 55 घर प्रभावित हुए हैं। जबकि 20 घरों में दरारें पड़ गई है। जिन लोगों के घरों में दरार पड़ी है उनमें राजकुमार भुइयां, सावित्री देवी, राजा भुइयां,छोटेलाल भुइयां, भोला भुइयां, रंजू देवी, राजेश भुइयां आदि शामिल है।

## चुनाव में कुछ नहीं कर पायी तो मुंह नहीं दिखाऊंगी : सुनैना



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद लोकसभा सीट से निर्दल प्रत्याशी सुनैना किन्नर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन गुरुवार को बोकारो में धुआंधार जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से उन्हें वोट देने की अपील की। इस क्रम में फुटपाथ दुकानदारों ने भव्य स्वागत किया। दुकानदारों ने कहा कि हम वैसे प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करेंगे जो हमारी उम्मीद पर खड़ा उतरे। वहीं, सुनैना किन्नर ने कहा कि हमारा चुनाव चिन्ह दो रोटी है, जिसे हर गरीब की जरूरत मानी जाती है। चुनाव जीतने पर मैं जनता की उम्मीद पर खरा उतरूंगी। इस किन्नर को एक मौका देकर देखें। अगर मैं कुछ नहीं कर पाई तो आप लोग को मुंह तक नहीं दिखाऊंगी।

## लक्ष्मण सिंह ने की ढुल्लू महतो को वोट देने की अपील



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में चंदनक्यारी विधानसभा के बनगडिया, कुमीरडोवा, मानपुर, भोजुडीह नीचे बाजार, रांगाटांड़, साबड़ा आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं के ढुल्लू महतो के पक्ष में कमल निशान पर बटन दबाकर मतदान करने की अपील की।

## भाजपा के झांसे में ना आयें, अनुपमा सिंह को वोट देकर विजयी बनायें : दुर्गा दास



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** धनबाद लोकसभा सीट से आइएनडीआइए गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दुर्गा दास के नेतृत्व में खुदिया फाटक दुर्गा मंदीर के पास से बाइक रेली निकाल कर जमकर प्रचार-प्रसार किया। कार्यकर्ताओं मे इस बार अनुपमा सिंह के पक्ष में हाथ छाप पर मतदान करने की अपील की। बाइक जुलूस खुदिया फाटक दुर्गा मंदीर के पास से शुरू कर बेलछाड़ी, शासनबढ़िया पंचायत, निरसा उत्तर और दक्षिण, सेंटरपुल, मदनपुर, तिल्तोरिया होते हुए खुदिया फाटक के दुर्गा मंदिर के पास पहुंचकर समाप्त हुआ। इसमें भारी संख्या में कार्यकर्ता-समर्थक उपस्थित थे। वहीं, कांग्रेस नेत्री दुर्गा दास ने कहा कि केंद्र में जुमलेबाजी की सरकार है, जो लोगों को बरगलाती रहती है। इस बार भी भाजपा लोगों को सिर्फ झांसा देकर वोट मांग रही है। पर मतदाताओं से अपील है कि भाजपा के झांसे में ना आयें। कांग्रेस और आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्याशियों को वोट देकर विजयी बनायें, ताकि केंद्र में सरकार बनाकर देश के लोगों का भला कर सकें। इस मौके पर झारखंड प्रदेश इंटक के संयुक्त महामंत्री व राष्ट्रीय इंटक के सचिव श्यामल कुमार सरकार, डीवीसी कर्मचारी संघ (इंटक) के सचिव सदन सिंह, कांग्रेस नेत्री दुर्गा शशि भूषण तिवारी, कोशिला देवी, आशा कुमारी, रिता महतो, शुभम सिंह, सत्यम सिंह, अमन रजक, शुभम महतो, विजय दास आदि थे।

## कलकत्ता हाइकोर्ट के फैसले ने साबित किया इंडी गठबंधन पिछड़ा वर्ग विरोधी : अमरदीप



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश तपव्रत चक्रवर्ती और न्यायाधीश राजेश्वरी मंथा की खंडपीठ ने बुधवार को बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग कोटा के आरक्षण मुसलमान को दिए जाने के आदेश को असंवैधानिक बताकर खारिज कर दिया। हाईकोर्ट के उक्त फैसले का भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा स्वागत करती है। इसके साथ ही एक बार फिर से इंडी गठबंधन का पिछड़ा वर्ग विरोधी चेहरा बेनकाब हो गया है। लोकसभा चुनाव में जनता इसका जवाब देगी। उक्त बातें भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने कही। वे गुरुवार को भाजपा धनबाद लोकसभा कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बंगाल सरकार ने पिछड़ा वर्ग को आवंटित आरक्षण से वंचित कर उसे मुसलमान के 37 उपवर्गों के बीच रेवड़ियों जैसे बांट दिया। यह राजनीतिक उद्देश्य से किया गया है। यह ओबीसी समाज और लोकतंत्र का अपमान है। भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा ममता बनर्जी के इस कृत्य और हाइकोर्ट के विरुद्ध दिये बयान की निंदा करती है। अमरदीप यादव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में पिछड़े, दलित, आदिवासी, वंचित के उत्थान के लिए अनेकों कार्य किए हैं। नीट, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षाओं में 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत 3 लाख तक के लोन न्यूनतम व्याज पर मुहैया की जा रहा है। आजादी के बाद पहली बार 27 ओबीसी सांसदों को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार की पिछड़ों के हित में चलाए जा रहे 22 योजनाओं की भी जानकारी दी। इस मौके पर मिल्टन पार्थ सारथी, अजय शर्मा और कैलाश साव मौजूद थे।

### जेइपीसी व स्विचऑन फाउंडेशन के बीच तीन वर्षों के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर

# जलवायु परिवर्तन एवं वायु प्रदूषण का जोखिम बच्चों पर सबसे अधिक बना हुआ है: आदित्य

- दोनों संस्थाएं पर्यावरण स्थिरता व जलवायु परिवर्तन कार्रवाई के क्षेत्र में बनायेंगे विद्यार्थियों को सशक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेइपीसी) ने अगले तीन वर्षों के लिए स्विचऑन फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु परिवर्तन के लिए कार्रवाई करने को सशक्त बनाना है। इससे झारखंड के 11 जिलों धनबाद, बोकारो, रामगढ़, साहेबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, देवघर, गोड्डा, कोडरमा, गिरिडीह और रांची में पर्यावरण के प्रति जागरूक नागरिकों की एक पीढ़ी को बढ़ावा दिया जा सके। एमओयू की एक खास बात यह है कि यह विद्यार्थियों को 'एन्वाइरन' नामक एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से पर्यावरण शिक्षा प्रदान करने पर केंद्रीत है। 'एन्वाइरन, वायु प्रदूषण, पर्यावरणीय स्थिरता और अपशिष्ट प्रबंधन पर छात्रों को शिक्षित करने के लिए स्विचऑन द्वारा विकसित एक डिजिटल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) है। जो डिजिटल प्लेटफॉर्म ऑनलाइन पाठ्यक्रमों, डीआईवाई प्रोजेक्ट्स और इंटरैक्टिव विजुअल्स के माध्यम से सीखने का अनुभव प्रदान करता है। जेइपीसी के राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन (आइएएस) ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और वायु प्रदूषण हम सभी को प्रभावित करते हैं, लेकिन बच्चे विशेष रूप से जोखिम में हैं। परिवर्तन की शुरूआत हम सभी को करनी होगी और बच्चों में जागरूकता पैदा करना महत्वपूर्ण है। तभी वे इस मुद्दे पर कार्रवाई करने के लिए परिवार और दोस्तों को एकजुट करना शुरू कर सकते हैं। आइए हम हरी भरी पृथ्वी के लिए पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दें। वहीं, स्विचऑन फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक विनय जाजू ने कहा कि हम मानते हैं कि कल के युवा प्रतिनिधि के रूप में, बच्चों के लिए टिकाऊ जीवन के महत्व को समझना और वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के मुद्दे के समाधान के लिए ठोस कदम उठाना महत्वपूर्ण है। 'एन्वाइरन' स्कूली बच्चों को न केवल स्वच्छ हवा के महत्व के बारे में जानने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा, बल्कि अपने समुदायों में वायु की गुणवत्ता में सुधार के प्रयासों में भी सक्रिय रूप से शामिल होगा। साझेदारी का उद्देश्य सूक्ष्म परियोजनाओं, रीसाइक्लिंग, खाद और वृक्षारोपण अभियान पर केंद्रित कार्यशालाओं के माध्यम से इको क्लब और ग्रीनोवेशन क्लब को सशक्त बनाना है। छात्रों को वायु गुणवत्ता डेटा का उपयोग करने, रिपोर्ट तैयार करने और अपने परिसर और समुदाय के बीच जागरूकता फैलाने के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए छात्रों को आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करके, इस पहल का उद्देश्य पर्यावरणीय प्रबंधन की संस्कृति का पोषण करना है।



इएमयू पर हस्ताक्षर कर सौंपते पदाधिकारी।

## लोस चुनाव को लेकर पुलिस पर्यवेक्षक ने किया चतरोचट्टी और झुमरा पहाड़ का दौरा

**चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के पुलिस पर्यवेक्षक मोहित चावला, व्यय पर्यवेक्षक अर्जुन लाल व जनरल पर्यवेक्षक अरुण महेश बाबू ने गुरुवार को चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के क्लस्टर हरिजन आदिवासी विकास उच्च विद्यालय तिस्कोपी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुर्कनलो और उत्क्रमित उच्च विद्यालय झुमरा पहाड़ का निरीक्षण किया। साथ ही तुलबुल के बिरहोर टंडा में बिरहोर परिजनों से मिले। उनसे 25 मई को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस दौरान क्लस्टर में पुलिस प्रशासन व मतदान लेने के लिए आये अधिकारियों की सुविधाएं का जायजा लिया। लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस विभाग के काम काज से अच्छे प्रभावित हुए। सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। कहा कि शांतिपूर्ण मतदान में पुलिस मतदाताओं की मदद करेंगी और उन्हें सुरक्षा देगी। सुरक्षा की दृष्टिकोण से एक दिन बाद चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के 39 बूथ व झुमरा पहाड़ एक बूथ से 25 मई को बोकारो ईवीएम मशीन जाएगा। मौके पर बेरमो एसडीओ अशोक कुमार, एसडीपीओ बीएन सिंह, बीडीओ महादेव कुमार महतो, सीओ प्रदीप कुमार महतो, गोमिया पुलिस निरीक्षक महेश कुमार सिंह आदि थे।








## जांच में खुलासा : 5 करोड़ रुपये की सुपारी दी

# अमेरिकी दोस्त ने ही करायी बांग्लादेशी सांसद की हत्या

- सांसद अनवारुल अजीम अनारइलाज के लिए कोलकाता आये थे



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता/ढाका।** भारत में आठ दिन से लापता बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की बुधवार (22 मई) को कोलकाता के न्यू टाउन इलाके में मौत हो गयी थी। पश्चिम बंगाल की सीआइडी इस मामले की जांच कर रही है। शुरुआती जांच में पता चला है कि यह प्री-प्लान मर्डर था। अनार के ही एक अमेरिकी दोस्त ने उन्हें मारने के लिए पांच करोड़ रुपये की सुपारी दी थी। आरोपी का कोलकाता में एक फ्लैट भी है। इससे पहले मामले में तीन बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया था। सीआइडी के आइजी अखिलेश चतुर्वेदी ने बताया कि सांसद का शव अब तक बरामद नहीं हुआ है। हालांकि, इससे पहले बुधवार को कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि न्यू टाउन इलाके में एक शव के टुकड़े मिले थे, तब इस बात की आशंका जतायी गयी थी कि यह शव सांसद का हो सकता है।

**सांसद ने परिजन को भेजा था मैसेज- वीआइपी के साथ हूं, संपर्क नहीं कर पाऊंगा**

सीआइडी की फोरेंसिक टीम गुरुवार को उस स्थान जगह पर पहुंची, जहां बांग्लादेशी सांसद की हत्या हुई थी। टीम ने उस जगह से मिली एक कार से सैंपल इकट्ठा किए। सांसद अनवारुल 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता आये थे। इसके अगले दिन ही वे लापता हो गये।

13 मई से अनवारुल का फोन भी बंद आ रहा था। इसके बाद 17 मई को उनका फोन बिहार के किसी इलाके में कुछ देर के लिए ऑन हुआ था। वहीं पुलिस का कहना है कि उनके फोन से परिवार के सदस्यों को संदेश भेजे गये थे कि वह नयी दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। यहां वे कुछ वीआइपी लोगों के साथ हैं, जिस वजह से उनसे संपर्क नहीं कर पायेंगे।

बता दें कि अनवारुल अजीम अनार प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी से सांसद हैं। वे जेनैदाह-4 सीट से 2014, 2018 और 2024 में चुनाव जीते। अनवारुल की मौत से पहले उनके परिवार वालों ने शेख हसीना से मिलकर मदद मांगी थी।

**दोस्त के घर की तलाशी, पुलिस ने खंगाला सीसीटीवी फुटेज**

पुलिस सूत्रों के मुताबिक अनवारुल 12 मई को शाम लगभग सात बजे अपने एक फैमिली फ्रेंड गोपाल बिस्वास से मिलने कोलकाता में उनके घर गए थे। अगले दिन दोपहर 1.41 बजे वह डॉक्टर से मिलने की बात कहकर वहां से रवाना हो गये। उन्होंने कहा था कि वह शाम को लौटेंगे। अनवारुल ने बिधान पार्क में कलकत्ता पब्लिक स्कूल के सामने से टैक्सी ली। शाम को उन्होंने गोपाल को वॉट्सऐप मैसेज कर बताया कि वह दिल्ली जा रहे हैं। इसके बात उनकी लोकेशन नहीं मिली। कोलकाता पुलिस ने अनवारुल के दोस्त के घर की तलाशी ली है। आवासीय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की भी जांच की जा रही है। पुलिस उन लोगों के बारे में भी पता लगाने की कोशिश कर रही है जो उस फ्लैट में अक्सर आते-जाते थे। बांग्लादेशी दूतावास भी लगातार पुलिस के संपर्क में है। बांग्लादेश की सरकार ने पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी है।

# राज्य में 94 लाख 48 हजार मतदाता कल करेंगे मतदान



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** देश में चल रहे आम चुनाव के छठे चरण और राज्यों के चुनाव के तीसरे चरण के लिए 25 तारीख को मतदान होगा। संबलपुर, क्योंझर, ढेंकानाल, कटक, पुरी और भुवनेश्वर के 6 लोकसभा क्षेत्रों और इसके अंतर्गत आने वाले 42 विधानसभा क्षेत्रों के लिए वोट डाले जायेंगे। इस चरण में 94 लाख 48 हजार 553 मतदाता अपने मताधिकार का साब्यस्त करेंगे। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि इनमें 48 लाख 29 हजार 660 पुरुष, 46 लाख 17 हजार 602 महिलाएं और 1 हजार 291 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

जानकारी के मुताबिक 18 से 19 साल के 2 लाख 37 हजार 131 मतदाता ऐसे हैं, जो इस चुनाव में पहली बार मतदान कर रहे हैं, जबकि 20 से 29 साल के 18 लाख 45 हजार 503 युवा मतदाता हैं। इस चरण में कुल 10,515 मतदान केंद्र और 36 अतिरिक्त मतदान केंद्र हैं। प्रति मतदान केंद्र पर लगभग 896 मतदाता हैं।

इन मतदान केंद्रों में से 1,500 मतदान केंद्र पूरी तरह से महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित होंगे और 30 मतदान केंद्र पूरी तरह से भीन्नक्षम कर्मचारियों द्वारा संचालित होंगे। इस चरण में करीब 2,000 आदर्श मतदान केंद्र हैं। इस चरण में स्वतंत्र, निष्पक्ष और सटीक मतदान कराने के लिए लगभग 70,000 मतदान कर्मचारी लगाये गये हैं। सभी मतदान केन्द्रों पर एक स्वयंसेवक एवं एक आशा कर्मियों को लगाया गया है।

# ठाणे की केमिकल फैक्ट्री में बॉयलर फटा, सात की मौत

## 40 घायल, आसपास के कई घरों को नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली में गुरुवार दोपहर 1.40 बजे एक केमिकल फैक्ट्री में बॉयलर फटने से आग लग गयी। हादसे में 7 की मौत हो गयी और 40 लोग घायल हो गये। मरने वालों में 5 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। यह कंपनी एमआइडीसी के फेज टू में स्थित है। स्थानीय लोगों ने बताया कि छोटे-छोटे लगातार तीन धमाके हुए। ये इतने तेज थे कि लगभग 3 किमी तक सुनाई दिए। आसपास की इमारतों के शीशों में दरारें आ गयीं। वहीं, विस्फोट की वजह से आसपास के कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे की वजह अभी साफ नहीं हो पायी है।



**छह माह में ऐसी केमिकल फैक्ट्री को बाहर शिफ्ट करेंगे : श्रीकांत शिंदे**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे भी घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि हम घायलों का इलाज करवा रहे हैं। ऐसी घटनाएं हो रोकने के लिए हम अगले 6 महीने में केमिकल फैक्ट्रियों को रहवासी इलाके से बाहर शिफ्ट करेंगे। महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने कहा कि फैक्ट्री काफी महीनों से बंद पड़ी थी। कुछ दिन पहले ही इसे शुरू किया गया था।

**आठ सस्पेंड किये गये : फडणवीस**

डोंबिवली आग की घटना पर महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि डोंबिवली की केमिकल कंपनी में बॉयलर विस्फोट की घटना दुखद है। मामले में 8 लोगों को निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि घायलों के इलाज की व्यवस्था की गयी। कई एम्बुलेंस तैयार रखी गयीं। मैंने कलेक्टर से चर्चा की है और वह भी 10 मिनट के भीतर मौके पर पहुंचें। एनडीआरएफ, टीडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की टीमों को भी बुलाया गया।

# कांग्रेस राम को हटाना चाहती है : मोदी

## हरियाणा में बोले : आरक्षण छीन मुसलमानों को देगी, बंसीलाल से मेरी बहुत नजदीकी थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**महेंद्रगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को हरियाणा के महेंद्रगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर खुलकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा- कांग्रेस पूरे देश से राम के नाम को हटाना चाहती है। दलित, पिछड़ों और ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है, लेकिन जब तक मोदी है तब तक ऐसा नहीं होने दूंगा।



इसके साथ ही पीएम ने भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल का नाम लेकर उनके समर्थकों को भी साधने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि हमने चौधरी बंसीलाल के साथ मिलकर सरकार चलाई। वो हरियाणा के विकास के लिए कटिबद्ध थे।

बंसीलाल से मेरी बहुत निकटता थी। उनके पास अनुभव की इतनी बातें हुआ करती थी कि कभी-कभी रात 1-1 बजे तक बातें करते थे। वो मुझे बहुत प्यार करते थे। सब महापुरुषों से प्रेरणा लेकर ये मेरी गारंटी है कि हरियाणा का विकास नहीं रुकने देंगे।

रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय राज्यमंत्री व गुरुग्राम से बीजेपी कैंडिडेट राव इंद्रजीत सिंह, बीजेपी कैंडिडेट चौधरी धर्मबीर सिंह, कुलदीप बिश्नोई, कृषि मंत्री जेपी दलाल, पूर्व सांसद सुधा यादव के अलावा अन्य सीनियर नेता मौजूद रहे। पीएम मोदी की हरियाणा में यह तीसरी रैली थी। इससे पहले वह अंबाला और सोनीपत में रैली कर पार्टी कैंडिडेट्स के लिए वोट देने की अपील कर चुके हैं।

## न्यूज रील्स

**बीजद विधायक प्रत्याशी की पत्नी की कार से मिला कैश**



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। आनंदपुर से बीजद विधायक उम्मीदवार अभिमन्यु सेठी की पत्नी सावित्री सेठी की कार में पैसे पाये गये। गाड़ी जांच के दौरान नकदी जब्त की गयी। बताया गया है कि तरतरा चौक पर चेकिंग के दौरान गाडी से काफी मात्रा में पैसे मिले। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि कितना पैसा जब्त किया गया है। अभिमन्यु सेठी की पत्नी सावित्री बीजद के हाटडिही प्रखंड अध्यक्ष हैं। उसे आगे की पूछताछ के लिए आनंदपुर पुलिस स्टेशन ले जाया गया है। हालांकि चुनाव के दौरान इतना पैसा मिलने से निश्चित रूप से संदेह पैदा हो गया है।

# छत्तीसगढ़ में सात नक्सलियों को मार गिराया

- सभी के शव और हथियार बरामद, ऑपरेशन पर निकले थे 1000 से ज्यादा जवान

आजाद सिपाही संवाददाता

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने गुरुवार को 7 नक्सलियों को मार गिराया। 2 माओवादियों की बॉडी नारायणपुर पुलिस और 5 नक्सलियों के शव अबूझमाड़ पुलिस ने बरामद की है। घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार भी मिले हैं। बीजापुर, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के रेकावाया इलाके में बड़े कैडर के नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस फोर्स ने संयुक्त ऑपरेशन लॉन्च किया। जिसमें दंतेवाड़ा, बस्तर और नारायणपुर जिले से डीआरजी और एसटीएफ के लगभग 1 हजार से ज्यादा जवान ऑपरेशन पर निकले थे।

**18 मई को सुकमा में मारा गया था हार्डकोर नक्सली**

सुकमा जिले में शनिवार (18 मई) सुबह डीआरजी जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक हार्डकोर इनामी नक्सली मारा गया था। मौके से जवानों ने नक्सली के शव के साथ हथियार समेत भारी मात्रा में विस्फोटक और नक्सल सामग्री बरामद किया। मुठभेड़ पोलमपल्ली थाना इलाके के बंजारापारा के जंगल-नाला के बीच हुई थी। मारे गए नक्सली की पहचान दुधी हुंगा के रूप में हुई है, जो लंबे समय से नक्सल संगठन से जुड़ा था। इस पर एक लाख दस हजार का इनाम घोषित था।

# राजस्थान का पारा 48.8 डिग्री, पांच की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है। गुरुवार (22 मई) को देश में सबसे गर्म शहर राजस्थान का ?बाड़मेर रहा। यहां अधिकतम तापमान 48.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में चार दिन के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र में भी लू का अलर्ट है।

राजस्थान में आने वाले दिनों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। राज्य के 19 शहरों में बुधवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार रिकॉर्ड किया गया था। जैसलमेर से सटी भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर टेम्परेचर 53 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बीएसएफ ने इसका वीडियो भी शेयर किया।

# भारत में हर साल 1 लाख लोगों में पाया जाता है ब्लड कैंसर

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ब्लड कैंसर एक गंभीर समस्या है, लेकिन समय पर निदान, जांच और उचित उपचार से एक व्यक्ति को इस जटिल विकार से ठीक किया जा सकता है। साथ ही विशेषज्ञों ने सुझाव दिया है कि मनुष्य आधुनिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण द्वारा ब्लड कैंसर को हरा सकते हैं।



विश्व ब्लड कैंसर दिवस के अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम हॉस्पिटल के हेमेटोलॉजी, हेमाटो-ऑन्कोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में विभाग की प्रमुख प्रोफेसर (डॉ) प्रियंका सामल ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में सम अस्पताल में 2000 से अधिक ब्लड कैंसर रोगियों का निदान और परीक्षण किया गया है। इसी तरह 2019 से अस्पताल में बोन मैरो प्रत्यारोपण शुरू किया गया है और वर्तमान में 50 रोगियों का स्टेम सेल प्रत्यारोपण (ऑटोलॉगस और एलोजेनिक प्रत्यारोपण दोनों) हुआ है।

इस अवसर पर सोआ के प्रधान सलाहकार (स्वास्थ्य विज्ञान) एवं प्रख्यात न्यूरोसर्जन प्रोफेसर (डॉ) अशोक कुमार महापात्र ने कहा कि लगभग 25 प्रतिशत बच्चों में ब्लड कैंसर की समस्या होती है। इसी तरह दुनिया में हर साल करीब 15 लाख और भारत में एक लाख लोगों के शरीर में ब्लड कैंसर पाया जाता है। उन्होंने कहा कि लेकिन उचित इलाज से इस समस्या से उबरना संभव है, इसलिए मरीज को घबराना नहीं चाहिए और अपना इलाज खुद करना चाहिए।

ब्लड कैंसर के मामले में भारत अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर है। हर 5 मिनट में एक व्यक्ति को ब्लड कैंसर का पता चलता है और हर साल 70,000 लोग इस बीमारी से जान जाते हैं। इसी तरह डॉ सामल ने बताया कि भारत में सभी प्रकार के ब्लड कैंसर के मरीजों में से 8 प्रतिशत केवल ब्लड कैंसर से पीड़ित हैं।

सम अस्पताल के मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ ललित कुमार मेहेर ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया और रोग के लक्षणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि यदि रोग का प्रारंभिक स्तर पर पता चल जाये और इलाज किया जाये, तो मरीज ठीक हो सकता है। आइएमएस एवं सम हॉस्पिटल की एडिशनल डीन प्रो रचिता षड़ंगी ने कहा कि सम हॉस्पिटल में इस बीमारी का सारा इलाज अच्छे से हो रहा है।

कार्यक्रम में प्रोफेसर प्रियंका सामल ने आइएमएस एवं सम हॉस्पिटल के डीन प्रोफेसर संघमित्रा मिश्र द्वारा ब्लड कैंसर से ठीक हो चुके मरीजों के लिए दिए गए संदेश को पढ़ा। हम मिलकर इस बीमारी से लड़ सकते हैं और इसे हरा सकते हैं। प्रो मिश्र ने अपने संदेश में कहा कि इसके लिए जागरूकता, सहयोग और बेहतर इलाज की जरूरत है। कार्यक्रम के अंत में एसोसिएट प्रोफेसर (डॉ) प्रीतीश पात्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ईरान के राष्ट्रपति रईसी का अंतिम संस्कार

## मशहद शहर में 30 लाख लोग जुटे, 68 देशों के नेता मौजूद

एजेंसी

**तेहरान।** ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का 19 मई की शाम एक हेलिकॉप्टर क्रैश में निधन हो गया। उन्हें कुछ ही देर में मशहद शहर के समन अल-हज्जाज अली बिन मूसा अल-रजा की शरीफ दरगाह के पास दफनाया जाएगा। मशहद शहर में ही रईसी का जन्म हुआ था। रईसी के शव को सुपुर्द-ए-खाक किए जाने से पहले उनकी अंतिम यात्रा में करीब 30 लाख लोग शामिल हुए हैं। उनके हाथ में ईरान का झंडा और रईसी की तस्वीरें मौजूद हैं। रईसी के परिजन भी गुरुवार सुबह मशहद एयरपोर्ट पहुंचे। तुर्किये की न्यूज एजेंसी अनादोलु के मुताबिक, इस आयोजन में दुनिया भर से करीब 68 देशों के नेता-डिप्लोमैट्स भी रईसी को श्रद्धांजलि देंगे। इनमें भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल हैं। उनके अलावा कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी, इराकी पीएम मोहम्मद शिया अल सुडानी और पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ के अलावा कई देशों के नेता-अधिकारी पहुंचे।



रईसी को आखिरी विदाई देने के लिए तालिबान के डिप्टी पीएम मुल्ला बरादर, हमास के पॉलिटिकल लीडर इस्माइल हानिए और हूती विद्रोहियों के प्रतिनिधि पहुंचे। विदेश नेताओं और अधिकारियों को ईरान के अंतरिम राष्ट्रपति मोहम्मद मुखबेर, अतंरिम विदेश मंत्री अली बाघेरी कानी समेत कई दूसरे अन्य अधिकारियों ने रिसीव किया।


आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**